राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 14
लखनऊ, मंगलवार 22 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



हिंदी पखवाड़े पर साहित्यकार व शिक्षिकाएं हुईं सम्मानित 10

न्याय निर्णय सुनाने तक सीमित नहीं : राज्यपाल 03

### सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,54,730/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,41,850/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,16,090/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,50,000/किग्रा |



## राम मंदिर चढ़ावा चोरीः सुप्रीम कोर्ट में यूपी सरकार ने रखा एसआईटी जांच का ब्योरा

# 105 घटनाएं कैमरे में कैद

**बड़ा खुलासा**

- जांच पूरी, दो दिन में दाखिल होगी चार्जशीट
- रकम व आरोपियों की भूमिका का होगा खुलासा
- पहली गिरफ्तारी के 90 दिन से पहले कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**





अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले की जांच अब निर्णायक चरण में पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) दो दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल करेगी।

एसआईटी की ओर से दाखिल स्टेटस रिपोर्ट में बताया गया है कि सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान चढ़ावे की चोरी से जुड़ी 105 घटनाओं की पहचान की गई है। जांच पूरी हो चुकी है और अब आरोपपत्र दाखिल करने की प्रक्रिया चल रही है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि मामले में पहली गिरफ्तारी के बाद 90 दिन की अवधि 25 सितंबर को पूरी हो रही है। इससे पहले चार्जशीट दाखिल नहीं होने की स्थिति में आरोपितों को कानून के तहत डिफॉल्ट जमानत का आधार मिल सकता है। इसी वजह से सरकार ने अदालत को भरोसा दिलाया कि एसआईटी दो दिन में आरोपपत्र दाखिल कर देगी।

मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने की। सुनवाई के दौरान एसआईटी की जांच से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट भी अदालत के समक्ष रखी गई, जिसका पीठ ने अवलोकन किया। एसआईटी की रिपोर्ट के अनुसार जांच के दौरान मंदिर परिसर और संबंधित स्थानों के सीसीटीवी फुटेज की विस्तृत जांच की गई। इसी जांच में चढ़ावे की चोरी से जुड़ी 105 अलग-अलग घटनाओं की पहचान की गई। एसआईटी ने अदालत को बताया कि इन घटनाओं की जांच पूरी कर ली गई है।

### सीईओ जितेंद्र मिश्रा ने संभाला कामकाज



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के नवनियुक्त सीईओ एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) जितेंद्र मिश्रा सोमवार को अयोध्या पहुंचे और 11 दिन बाद लौटकर राम मंदिर परिसर में कामकाज संभाला। अब वह नियमित रूप से अयोध्या में रहकर मंदिर की प्रशासनिक और संचालन व्यवस्था की मौके से निगरानी करेंगे। उनका ड्यूटी चार्ट भी तय कर दिया गया है। इसके अनुसार वह प्रतिदिन सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक करीब 12 घंटे राम मंदिर परिसर में मौजूद रहेंगे। राम मंदिर परिसर पहुंचने के बाद सीईओ ने मंदिर की व्यवस्थाओं से जुड़े कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अलग-अलग व्यवस्थाओं में तैनात कर्मियों की जिम्मेदारियां जानीं और मौजूदा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद ट्रस्ट के ट्रस्टी मदन मोहन पांडेय और सचिव जगदीश आफले के साथ भी बैठक की। पहले दिन जितेंद्र मिश्रा ने मंदिर की यज्ञशाला, प्रसाद व्यवस्था समेत श्रद्धालुओं से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से सीधे बातचीत कर व्यवस्थाओं और संचालन से जुड़ी जानकारी हासिल की।

# भारत को छह पदक

20वां एशियन गेम्स, नागोया

- चार रजत, दो कांस्य से भरी भारत की झोली
- शूटिंग में धमाका, तीन पदक दिलाए
- टेबल टेनिस में पाकिस्तान को क्लीन स्वीप

**एजेंसी, नागोया।**

एशियन गेम्स के दूसरे दिन भारत ने पदकों की संख्या छह पहुंचा दी। सोमवार को भारतीय खिलाड़ियों ने चार पदक-तीन रजत और एक कांस्य जीते। इससे पहले पहले दिन भारत को दो रजत मिले थे। इस तरह भारत के खाते में अब चार रजत और दो कांस्य समेत कुल छह पदक हैं। स्वर्ण पदक का खाता अभी नहीं खुला है। सोमवार को शूटिंग ने तीन पदक दिलाए, जबकि मिश्रित मार्शल आर्ट्स में सुचिका तारियाल ने कांस्य जीतकर भारत के लिए इस खेल में एशियन गेम्स का पहला पदक हासिल किया।

पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में हिमांशु ढिल्लों ने 252.4 अंक के साथ रजत, जबकि रुद्रांक्ष पाटिल ने कांस्य पदक जीता। चीन के शेंग लिहाओ ने 254.2 अंक के साथ स्वर्ण अपने नाम किया। एशियन गेम्स में पदार्पण कर रहे हिमांशु ने दबाव के बीच शानदार प्रदर्शन किया। रुद्रांक्ष एक समय पदक की दौड़ में आगे थे, लेकिन फाइनल के दूसरे हिस्से में चीन के निशानेबाज ने बढ़त



बना ली। 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में पार्थ राकेश माने, रुद्रांक्ष पाटिल और हिमांशु ढिल्लों की भारतीय तिकड़ी ने 1890.1 अंक के साथ रजत पदक जीता। चीन 1899.9 अंक के साथ पहले और दक्षिण कोरिया 1884.2 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। शूटिंग से भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई। मिश्रित मार्शल आर्ट्स के महिला ट्रेडिशनल 60 किग्रा वर्ग में सुचिका तारियाल को सेमीफाइनल में सिंगापुर की हुई हून टियो से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण उन्हें कांस्य पदक मिला। यह एशियन गेम्स में मिश्रित मार्शल आर्ट्स में भारत का पहला पदक है। मुकाबले के फैसले को लेकर भारतीय खेमे ने चुनौती भी दी। टेबल टेनिस में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ महिला और पुरुष, दोनों टीम स्पर्धाओं में 3-0 से जीत दर्ज की।

### संक्षिप्त समाचार

**बाल शोषण कंटेंट को लेकर गूगल का बदलाव**

**नई दिल्ली।** गूगल ने भारत में बाल यौन शोषण सामग्री से जुड़े मामलों की रिपोर्ट सीधे भारतीय अधिकारियों को देने पर सहमति जताई है। अब रिपोर्ट पहले अमेरिका स्थित नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन (एनसीएमईसी) को भेजने की मौजूदा व्यवस्था से अलग सीधे स्थानीय एजेंसियों तक पहुंचाई जा सकेगी। भारत सरकार ने कार्रवाई में देरी की आशंका को देखते हुए टेक कंपनियों से सीधी रिपोर्टिंग की मांग की थी।

**मेरठ में 16,726 अवैध भवन होंगे सील**

**मेरठ।** अवैध निर्माण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मेडा की जोन-ए रिपोर्ट के मुताबिक बेगमपुल, लिसाड़ीगेट, ब्रह्मपुरी, भगवतपुरा और तारापुरी समेत कई क्षेत्रों में 16,726 भवन अनधिकृत हैं। अदालत ने इन्हें सील करने के आदेश दिए। बाकी तीन जोन की रिपोर्ट न देने पर मेडा सचिव से नाराजगी जताते हुए 9 दिसंबर तक अनुपालन आख्या मांगी।

**यूपी में कल से फिर बदल सकता है मौसम**

**लखनऊ।** मानसून की विदाई के बीच उत्तर प्रदेश में बुधवार से मौसम फिर करवट ले सकता है। बंगाल की खाड़ी में बन रहे मौसम तंत्र के असर से कुछ हिस्सों में दो-तीन दिन तक हल्की बारिश या बूंदाबांदी के आसार हैं। मंगलवार को मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान है। पश्चिमी यूपी से मानसून की विदाई के बाद मध्य और पूर्वी हिस्सों से भी वापसी होगी।

**मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण होगा शुरू**

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग अगले वर्ष विधानसभा चुनाव वाले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण करेगा। अभियान में दोहरे, मृत और स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने के साथ 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम जोड़ने पर जोर रहेगा। आयोग का लक्ष्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है। चुनाव आयोग पांच राज्यो में चुनाव से पहले मतदाता सूची को और अधिक प्रभावी व त्रुटि रहित बनाने में लगा हुआ है।

**आयकर वसूली में गिरफ्तारी के प्रावधान हटे**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आयकर नियमावली-2026 में बदलाव करते हुए बकाया आयकर की वसूली में गिरफ्तारी और सिविल जेल में हिरासत से जुड़े प्रावधान हटा दिए हैं। हालांकि, बकाया कर की वसूली के लिए विभाग की अन्य शक्तियां बनी रहेंगी। उत्तर प्रदेश में करीब 93.3 लाख आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं, जो देश के कुल रिटर्न का करीब 10 प्रतिशत है।

## आईआईटी बॉम्बे में छात्र की मौत मामले में प्रोफेसर निलंबित

- संस्थान ने पुराने बयान पर मांगी माफी
- जांच से पहले टिप्पणी करना उचित नहीं था

**एजेंसी, मुंबई।**



आईआईटी बॉम्बे में बीटेक छात्र साहिल वाकोडे की मौत के मामले में संस्थान ने प्रोफेसर सूर्यनारायण दूल्ला को डीन पद से निलंबित कर दिया है। वहीं, संस्थान ने साहिल की मौत से पहले हुई घटनाओं को लेकर दिए गए अपने पुराने बयान पर माफी मांगी है। आईआईटी बॉम्बे ने कहा कि जांच पूरी होने से पहले घटना के कारणों को लेकर कोई निष्कर्ष देना उचित नहीं था।

22 वर्षीय साहिल एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में द्वितीय वर्ष के छात्र थे। 18 सितंबर की रात वह पवई परिसर स्थित छात्रावास के कमरे में मृत मिले थे। इसके बाद से छात्र संस्थान प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को भी बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रदर्शन किया और परिसर के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। आईआईटी बॉम्बे ने 19 सितंबर को जारी बयान में कहा था कि घटना वाले दिन साहिल को मिड-सेमेस्टर परीक्षा के दौरान फोन इस्तेमाल करते पकड़ा गया था।

संस्थान के अनुसार, साहिल कथित तौर पर प्रश्नपत्र को चैटजीपीटी पर अपलोड करने की कोशिश कर रहे थे। संस्थान ने कहा था कि उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की गई थी और उन्हें विभागीय स्तर पर समझाया गया था।

बाद में संस्थान ने इस बयान पर खेद जताते हुए कहा कि पूरी जांच से पहले ऐसी जानकारी सार्वजनिक करना उचित नहीं था। इस मामले में छात्र के माता-पिता ने संस्थान पर गंभीर आरोप लगाये हैं।

## स्कूल में महिला शिक्षक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या



**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।** शहर में सोमवार को कलेक्ट्रेट के सामने स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी में दिनदहाड़े महिला शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी युवक ने खुद को भी गोली मार ली। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय स्कूल में बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। गोली चलने से स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मृत शिक्षिका की पहचान निशात फातिमा (26) के रूप में हुई है, जबकि आरोपी की पहचान सऊद अंसारी के रूप में बताई गई है। पुलिस के अनुसार, सऊद असलहा लेकर स्कूल परिसर में पहुंचा और निशात को गोली मार दी। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। स्थानीय लोगों के मुताबिक, निशात का परिवार पहले सऊद के परिवार के मकान में किराये पर रहता था।

(विस्तृत खबर पृष्ठ 5 पर)

# योगी ने यूपी को बनाया उत्तम प्रदेश

- भाजपा अध्यक्ष बोले- विकास बना यूपी की नई पहचान

**समृद्धि न्यूज, मेरठ।**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की सराहना करते हुए कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में दंगे होते थे और भय का वातावरण था, लेकिन अब कानून का राज है। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश पहचान के संकट से जूझ रहा था और युवाओं के साथ भेदभाव होता था, जबकि बेटियों की सुरक्षा भी चिंता का विषय थी। अब विकास यूपी की पहचान बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना दिया है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर मेरठ पहुंचे नितिन नवीन ने सुभारती विश्वविद्यालय में शक्ति केंद्र संयोजकों और मंडल अध्यक्षों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में भय की जगह भरोसे का वातावरण बना है। प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग आज पिछड़ों और दलितों की बात कर रहे हैं, उन्होंने अपने परिवार के अलावा किसी और के बारे में नहीं सोचा।

नितिन नवीन ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में कुछ लोग नल की टोंटियां तक चुरा लेते थे और आज वही लोग युवाओं के बेहतर भविष्य की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं, धर्म और समाज देखकर नहीं। उन्होंने कहा कि नए एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश की पहचान बन रहे हैं। पहले कांवड़ियों और रामनवमी को रोकने का प्रयास होता था, लेकिन प्रदेश की जनता ने ऐसे लोगों को जवाब दिया है। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदलने का काम किया है।

### बाबर के अनुयायियों को हनुमान भक्त देंगे जवाबः योगी



सोमवार को सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में युवाओं का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मेरठ में कहा कि बाबर के अनुयायियों को बजरंगी के भक्त ही जवाब दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहले सनातन परंपरा को कोसने के प्रयास होते थे और हिंदू परंपरा को गजनवी, गोरी, इब्राहिम लोदी, औरंगजेब और बाबर के समकक्ष ठहराने की कोशिश की जाती थी। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत गुलामी की मानसिकता को खत्म कर रहा है और अब भारत दुनिया से आंख मिलाकर बात करता है। योगी ने कहा कि प्रभु श्रीराम का नाम लेने पर पहले कुछ लोगों को आपत्ति होती थी। उन्होंने अपने संबोधन में इसे बाबर से जोड़ते हुए कहा कि ऐसे लोगों को बजरंगी के भक्त ही जवाब दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, बसपा और इंडी गठबंधन पर परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति का आरोप लगाया।

## एप्पल मैनेजर हत्याकांड: सिपाही को 10 साल की जेल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



राजधानी के चर्चित एप्पल मैनेजर विवेक तिवारी हत्याकांड में आठ साल बाद सोमवार को जिला एवं सत्र अदालत ने सजा सुनाई। कोर्ट ने बर्खास्त सिपाही प्रशांत चौधरी को गैर इरादतन हत्या के मामले में 10 साल के कारावास की सजा सुनाई। उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। मामले के दूसरे आरोपी सिपाही संदीप कुमार को अदालत पहले ही बरी कर चुकी है।

अदालत ने 17 सितंबर को प्रशांत चौधरी को भारतीय दंड संहिता की धारा 304(2) के तहत गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराया था। संदीप कुमार को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया था। सोमवार को अदालत ने दोषी प्रशांत की सजा तय करते हुए 10 वर्ष का कारावास सुनाया। विवेक तिवारी की पत्नी कल्पना तिवारी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता विजय सिंह परमार के अनुसार, प्रशांत चौधरी करीब आठ वर्ष जेल में रह चुका है।

उनके मुताबिक पूर्व में बिताई अवधि का समायोजन होने पर दोषी को करीब दो वर्ष और जेल में रहना पड़ सकता है। सजा के बाद पुलिस प्रशांत को कोर्ट परिसर से जेल ले गई। दोषसिद्धि के बाद विवेक तिवारी की पत्नी कल्पना तिवारी ने फैसले पर असंतोष जताया था।

## पाक ने अफगानिस्तान के तीन ठिकानों पर बरसाए बम

**एजेंसी, काबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच करीब तीन महीने की अपेक्षाकृत शांति के बाद एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान ने सोमवार तड़के अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में तीन ठिकानों पर हवाई हमले किए। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय ने दावा किया कि कार्रवाई में 28 आतंकवादी और आत्मघाती हमलावर मारे गए। दूसरी ओर, अफगान तालिबान ने आरोप लगाया कि हमलों में कम से कम तीन नागरिकों की मौत हुई और चार लोग घायल हुए। दोनों पक्षों के दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

# ईरान में रह रहे अमेरिकी तुरंत छोड़े देश

- अमेरिका ने जारी की नई सुरक्षा एडवाइजरी, कहा- ईरान की यात्रा न करें
- उड़ानें रद्द होने और हवाई क्षेत्र बंद होने का भी खतरा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच वाशिंगटन ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों के लिए नई सुरक्षा चेतावनी जारी की है। अमेरिकी सरकार ने अपने नागरिकों से ईरान छोड़ने को कहा है। साथ ही ईरान की यात्रा किसी भी कारण से नहीं करने की सलाह दी गई है।

अमेरिकी सुरक्षा अलर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी नागरिक ईरान से अभी निकल जाएं। चेतावनी में क्षेत्र की मौजूदा सुरक्षा स्थिति को जटिल बताते हुए अचानक तनाव बढ़ने की आशंका जताई गई है। अमेरिकी नागरिकों को हवाई अड्डों, विमान सेवाओं और सीमा चौकियों से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

अमेरिकी मिशन ने चेताया है कि मौजूदा हालात में उड़ानें रद्द हो सकती हैं और हवाई क्षेत्र बंद किया जा सकता है।

यात्रा व्यवस्था में अन्य बाधाएं भी आ सकती हैं। जमीन के रास्ते ईरान से बाहर निकलने वालों को संबंधित देशों के प्रवेश नियमों की जानकारी पहले लेने को कहा गया है।

## टीएमसी के पैसों पर अभी रहेगा ममता का कंट्रोल

- तीन बैंक खातों के संचालन की अनुमति बरकरार

**एजेंसी, कोलकाता।**



चुनाव आयोग की ओर से तृणमूल कांग्रेस के पुराने नाम और 'जोड़ाफूल' चुनाव चिह्न के इस्तेमाल पर अंतरिम रोक के बावजूद ममता तृणमूल के तीन बैंक खातों का संचालन फिलहाल जारी रहेगा। कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को अपने पुराने आदेश को बरकरार रखते हुए खातों के संचालन की अनुमति जारी रखी। अदालत ने कहा कि चुनाव आयोग ने अभी अंतिम फैसला नहीं सुनाया है, बल्कि उपचुनाव के मद्देनजर अंतरिम व्यवस्था की है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने नौ जुलाई को बैंक खातों के संचालन के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त किया था। अदालत ने तब स्पष्ट किया था कि खातों पर ममता तृणमूल का अधिकार रहेगा, लेकिन राशि का मनमाने तरीके से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। दैनिक खर्च और कर्मचारियों के वेतन जैसे भुगतान विशेष अधिकारी की निगरानी में किए जाएंगे। यह व्यवस्था 29 जनवरी तक जारी रहेगी।

**यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो**

**दुनिया देखेगी बनारसी हुनर, 25 से 29 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा में सजेगा वैश्विक बाजार**

# आध्यात्म के साथ व्यापार में भी चमकेगी सांस्कृतिक नगरी काशी

- आठ निर्यातकों ने कराया पंजीकरण
- विदेशी खरीदारों से सीधे जुड़ेंगे उद्यमी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

आध्यात्म और संस्कृति की नगरी काशी अब अपने सदियों पुराने हुनर को वैश्विक बाजार से जोड़ने की तैयारी में है। बनारसी साड़ी, रेशम और हस्तशिल्प के साथ काशी के आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल उत्पाद भी ग्रेटर नोएडा में होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में दुनिया के सामने होंगे। 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस व्यापार शो में वाराणसी के आठ निर्यातकों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए पंजीकरण कराया है।

जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के अनुसार, ट्रेड शो में काशी की पारंपरिक कला और आधुनिक औद्योगिक उत्पादों का संगम देखने को मिलेगा। सरकार की ओर से निर्यातकों को प्रोत्साहन और सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। यूपी की निर्यात नीति में हस्तशिल्प, वस्त्र, जीआई उत्पादों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से जुड़े निर्यातकों को भी प्रोत्साहन देने का प्रावधान है।

काशी के उत्पादों में आध्यात्मिकता की झलक भी दिखाई देगी। शिवम् आर्ट्स एक्सपोर्ट की ओर से ॐ और





मंत्र मुद्रित योग शॉल, स्कार्फ और गाउन प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके साथ सिल्क ब्रोकेड के कुशन कवर, टेबल रनर, दीवार सज्जा के उत्पाद और बेड कवर भी विदेशी खरीदारों के सामने रखे जाएंगे। इस तरह काशी की धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान को आधुनिक जीवनशैली और घर की सजावट से जुड़े उत्पादों के साथ बाजार में पेश करने की तैयारी है।

ट्रेड शो में काशी के औद्योगिक उत्पाद भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आरएएस पॉलीटेक्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से लगभग 100 प्रतिशत रिसाइकिल पीपी कपड़े से तैयार एफआईबीसी यानी जंबो बैग और मल्टीफिलामेंट यार्न प्रदर्शित किए जाएंगे।

औद्योगिक सामान के भंडारण और परिवहन में इस्तेमाल होने वाले ये उत्पाद काशी के पारंपरिक हस्तशिल्प के साथ आधुनिक विनिर्माण क्षमता को भी सामने रखेंगे।

व्यापार शो को लेकर उद्यमियों में खासा उत्साह है। आरएएस पॉलीटेक्स के निदेशक आरके चौधरी के अनुसार, पिछले वर्ष के आयोजन से कारोबार के अवसर मिले थे, इसलिए कंपनी इस बार भी इसमें शामिल हो रही है। पहली बार हिस्सा ले रहे असरार अहमद साड़ीज के निदेशक असरार अहमद के मुताबिक, किफायती दर पर स्टॉल मिलने के साथ सबसे बड़ा लाभ विदेशी खरीदारों से सीधे संपर्क का है।

उद्यमियों के अनुसार, सीधे खरीदारों तक पहुंच बनने से बिचौलियों पर निर्भरता कम हो सकती है और काशी के उत्पादों के लिए नए अंतरराष्ट्रीय बाजार खुल सकते हैं। पिछले संस्करण में भी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में विदेशी खरीदारों और बड़ी संख्या में प्रदर्शकों की भागीदारी रही थी।

# नकाबपोशों ने ढहाई सात से ज्यादा दुकानें

- आधी रात बुलडोजर का आतंक
- तीन बुलडोजरों के साथ पहुंचे लोगों ने मचाई तबाही
- वर्षों से कारोबार कर रहे दुकानदारों में मचा हड़कंप
- प्रशासन की जांच शुरू

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।





रात का सन्नाटा...घड़ी में करीब 11 बजे...और अचानक सड़क पर गरजते तीन बुलडोजर। देखते ही देखते बरियावन बाजार से किछौछा जाने वाले मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित दुकानदारों के मुताबिक, बड़ी संख्या में नकाबपोश लोग बुलडोजरों के साथ पहुंचे और आधा दर्जन से अधिक दुकानों को कथित तौर पर ढहा दिया। वर्षों से दुकानें चलाकर परिवार पाल रहे लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला।

बुलडोजरों की आवाज के साथ दुकानों के टूटने का सिलसिला शुरू हुआ तो इलाके में दहशत फैल गई। रात के अंधेरे में हुई इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों के बीच कई सवाल खड़े हो गए हैं। आखिर इतनी बड़ी संख्या में लोग तीन बुलडोजर लेकर रात में कैसे पहुंचे? दुकानों को गिराने का आदेश किसने दिया? और कार्रवाई के पीछे कौन था?

पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि वे वर्षों से वहां अपना व्यवसाय कर रहे थे। अचानक दुकानों के ढह जाने से उनके सामने कारोबार और रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया। पीड़ितों ने घटना की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

घटना की सूचना के बाद एसडीएम प्रतीक्षा सिंह मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित दुकानदारों से बातचीत कर पूरी घटना की जानकारी ली। इसके बाद राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटना से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी है। घटना का सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगर कार्रवाई वैध थी तो रात के अंधेरे में तीन बुलडोजरों के साथ नकाबपोश लोगों के पहुंचने की जरूरत क्यों पड़ी? क्या उनके पास कोई आदेश या अनुमति थी? दुकानों को गिराने की कार्रवाई किसके निर्देश पर हुई? घटना के समय पुलिस और प्रशासन को इसकी जानकारी थी या नहीं? इन सवालों के जवाब फिलहाल जांच के बाद ही सामने आएंगे। प्रशासनिक और पुलिस जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि दुकानों को गिराने वाले लोग कौन थे और कार्रवाई के पीछे वास्तविक वजह क्या थी।

# गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजा शहर

- भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ गणपति महोत्सव का समापन
- सिसई घाट पर प्रतिमाओं का विसर्जन

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।



गणपति महोत्सव केंद्रीय समन्वय समिति के तत्वावधान में सोमवार को 10वें वार्षिक गणपति महोत्सव का समापन भव्य विसर्जन शोभायात्रा के साथ हुआ। गणपति प्रतिमाओं की विदाई के दौरान पूरा शहर 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल उड़ाते हुए नृत्य और जयघोष के साथ बप्पा को विदाई दी।

विसर्जन शोभायात्रा का शुभारंभ वीर विनय चौराहे से हुआ। यहां गणेश प्रतिमा का पूजन व माल्यार्पण किया गया। इसके बाद शोभायात्रा मेन चौक, ठठेरी बाजार, गर्ल्स कॉलेज, देवीदयाल तिराहा, बड़े पुल, मेजर चौराहा और कालीथान मार्ग होते हुए राप्ती नदी के सिसई घाट पहुंची। यहां विधि-विधान से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

शोभायात्रा में युवाओं के साथ महिलाओं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे। आयोजन में समिति के अध्यक्ष अविनाश मिश्रा सहित पदाधिकारियों और सदस्यों ने सहयोग किया।

## खबरें एक नजर में

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ अधेड़ गिरफ्तार

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** थाना सुबेहा पुलिस ने क्षेत्र में अपराध एवं अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक व्यक्ति को करीब 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिंह कांस्टेबल विजय पाल व कांस्टेबल अंकुर यादव के साथ क्षेत्र में गश्त एवं अपराध नियंत्रण के लिए निकले थे। इसी दौरान शुकुल बाजार मोड़ पर मुखबिर से सूचना मिली कि विशम्भर का पुरवा नहर की पुलिया पर एक व्यक्ति पिपिया में संदिग्ध द्रव्य लेकर बैठा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहरवली पुत्र दुलारे, उम्र करीब 50 वर्ष, निवासी छिटनापुर मजरे सड़वा सुबेहा हाल पता कोढ़िया आश्रम, मंगलपुरम, दिल्ली रोड, थाना ब्रह्मपुरी, जनपद मेरठ बताया। पुलिस के मुताबिक तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिपिया बरामद हुई, जिसमें करीब 10 लीटर कच्ची शराब थी। आरोपी से शराब रखने व परिवहन का लाइसेंस मांगा गया, लेकिन वह कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर सील किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की है।

### मेलारायगंज की टीम ने फाइनल मुकाबला जीता

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** मेलारायगंज में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मेजबान मेलारायगंज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।



फाइनल मुकाबला मेलारायगंज और तिलोकपुर के बीच खेला गया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेलारायगंज ने 4 ओवर मे 39 रन बनाए। टीम के लिए फहद किदवई ने 3 शानदार छक्के लगाए,जबकि इकरार ने एक छक्का जड़ा। जवाब में तिलोकपुर की टीम लक्ष्य का पीछा करने में नाकाम रही।मेलारायगंज के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की। समीर ने 2 ओवर में 12 रन और अमान ने 1 ओवर में 12 रन दिए। आखिरी ओवर में तिलोकपुर को जीत के लिए 14 रन चाहिए थे, लेकिन तारिक ने शानदार गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को रोक दिया और मेलारायगंज को 5 रन से रोमांचक जीत दिला दी।इससे पहले सेमीफाइनल में मेलारायगंज ने जलालपुर को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।सेमीफाइनल में मेलारायगंज ने 4 ओवर में 36 रन बनाए थे। फहद ने 15 और जसीम ने 12 रन बनाए थे।गेंदबाजी में समीर ने 2 ओवर में सिर्फ 7 रन देकर मेडन ओवर डाला और अमान ने 2 विकेट लिए।जीत के बाद विजेता टीम को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि माजिद हाशमी और पूर्व प्रधान शहाबुद्दीन अंसारी ने कप और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### किसान यूनियन ने की गन्ने का मूल्य बढ़ाने की मांग

**बहराइच।** सोमवार दोपहर एक बजे भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामछबी ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा। इसमें किसानों के गन्ने का मूल्य बढ़ाने और चीनी मिलों पर बकाया भुगतान ब्याज सहित कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि गन्ने की लागत बढ़ने से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। वे अपनी लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं। इसलिए किसानों के गन्ने का मूल्य कम से कम 800 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। इसके साथ ही, चीनी मिलों द्वारा किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है। इससे किसान आर्थिक परेशानी में आ गए हैं। किसान यूनियन ने मांग की है कि चीनी मिलें किसानों के गन्ने का भुगतान ब्याज सहित करें। जब तक बकाया भुगतान नहीं होता, तब तक किसानों की ओर से मिलों को गन्ने की आपूर्ति बंद करने की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन में किसानों द्वारा लिए गए कृषि कर्ज को माफ करने की मांग भी की गई है।

### महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**बहराइच।** सोमवार को गायत्री विद्यापीठ पी जी कॉलेज रिसिया में सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं शीतल वर्मा, संजना वर्मा , मधु वर्मा, सपना सैनी, समीना खातून, शिवानी पुष्कर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ सुभाष चंद्र, प्रो डॉ दया राम यादव, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, पवन कुमार वर्मा, डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव, सुबी खान, राजेश्वर प्रसाद, रविन्द्र श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### सड़क किनारे झाड़ियों में मिला युवक का शव

**बहराइच।** दरगाह थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह सड़क किनारे झाड़ियों में एक 40 वर्षीय युवक का शव मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। युवक के कंधे पर चोट के निशान थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव की फोटोग्राफी कराने के बाद उसे जिला अस्पताल की मर्चरी में रखवा दिया है। महराज गांव के पास सोमवार सुबह करीब नौ बजे ग्रामीणों ने सड़क किनारे गड्ढे में लगी झाड़ियों के बीच यह शव देखा। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने दरगाह थाने की पुलिस को इसकी सूचना दी।

# नियुक्ति पत्र लेने के लिए लखनऊ रवाना हुए चयनित शिक्षक अभ्यर्थी

- डीएम ईशा प्रिया ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना
- जिले के 127 अभ्यर्थियों का हुआ है चयन

समृद्धि न्यूज, अंबेडकरनगर।



माध्यमिक विद्यालयों में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) एवं प्रवक्ता पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को राजधानी लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए लखनऊ के लिए रवाना किया। जिलाधिकारी ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ सिंह ने बताया कि वर्ष 2026 में जनपद के 99 अभ्यर्थियों का चयन प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) पद पर तथा 28 अभ्यर्थियों का चयन प्रवक्ता (पीजीटी)पद पर, जिसमें कुल 127 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इनमें से समारोह में शामिल होने के लिए 30 सहायक अध्यापक/टीजीटी तथा 8 प्रवक्ता समेत 38 चयनित अभ्यर्थियों को सोमवार को लखनऊ रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक का पद केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों से पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। सभी चयनित अभ्यर्थी अपने ज्ञान, व्यवहार और कार्यशैली से विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनें।

# कई वर्षों से अधूरा पड़ा जल जीवन मिशन की टंकी निर्माण का कार्य

समृद्धि न्यूज, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।



ब्लाक सिरौलीगौसपुर के ढकवा माफी गांव में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी का काम कई सालों से अधूरा पड़ा है। काम बंद होने से गांव वालों को सरकार की इस योजना का फायदा नहीं मिल पा रहा है।बताया गया कि गांव में साफ पानी सप्लाई के लिए कई साल पहले पानी की टंकी बनाने का काम शुरू हुआ था। लाखों रुपये से बन रही इस टंकी को लेकर गांव वाले खुश थे कि अब उन्हें साफ पानी मिलेगा।लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और विभाग की अनदेखी के कारण काम बीच में ही रोक दिया गया।तब से टंकी अधूरी पड़ी है और धीरे-धीरे खराब हो रही है।टंकी अधूरी होने से जिस मकसद से इसे बनाया जा रहा था, वह पूरा नहीं हुआ। गांव के लोग आज भी हैंडपंप पर निर्भर हैं।गांव वालों ने जल निगम के अधिकारियों से मांग की है कि अधूरी पड़ी टंकी का काम जल्द पूरा कराकर पानी की सप्लाई शुरू की जाए।

# स्वच्छता व सतर्कता से रोकें मच्छर जनित रोगों का प्रसार

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।** बदलते मौसम के साथ मच्छर जनित रोगों का खतरा बढ़ने लगा है। डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए घर और आसपास साफ-सफाई रखने के साथ मच्छरों के पनपने वाले स्थानों को खत्म करना जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने और जलभराव रोकने की अपील की है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि मच्छर जनित रोगों की रोकथाम में आम लोगों की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। प्रत्येक परिवार को अपने घर, छत, आंगन और आसपास नियमित रूप से जांच करनी चाहिए कि कहीं पानी जमा तो नहीं है। पुराने टायर, गमले, कूलर, टूटे बर्तन, डिब्बे और अन्य पात्रों में पानी जमा होने से मच्छरों के पनपने की संभावना बढ़ जाती है।

उन्होंने बताया कि कूलर और गमलों का पानी नियमित रूप से बदलते रहें। नालियों तथा घर के आसपास जलभराव न होने दें और पानी एकत्र होने वाले स्थानों की सफाई करते रहें। मच्छरों से बचाव के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने की सलाह दी गई है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को यह संदेश दिया जा रहा है कि स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां अपनाकर मच्छर जनित रोगों से बचा जा सकता है। इसके लिए लोगों को सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने घर और आसपास मच्छरों के पनपने वाले संभावित स्थानों की जांच कर पानी जमा न होने देने की आदत बनानी चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि साफ-सफाई और सतर्कता से मच्छरों के प्रजनन को काफी हद तक रोका जा सकता है।

बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, ठंड लगना अथवा अन्य असामान्य लक्षण दिखाई देने पर स्वयं दवा लेने के बजाय नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए।

# हरिशंकरी पौधरोपण अभियान की बैठक संपन्न



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।

हरिशंकरी पौधारोपण अभियान को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को एक बैठक हुई। यह बैठक विकास खंड सिरौलीगौसपुर के सभागार में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने की।बैठक में लोकभारती के संभागीय संयोजक भरत लाल सिंह, डीआरसी कॉलेज के संस्थापक डॉ. सुजीत पटेल, गायत्री परिवार के अरविंद कुमार सिंह और सामाजिक कार्यकर्ता लोकेश प्रताप सिंह मौजूद रहे। इन सभी ने हरिशंकरी पौधारोपण के महत्व पर बात की।संयोजक भरत लाल सिंह ने बताया कि इस अभियान में एक मीटर व्यास और एक मीटर गहरे गड्ढे में बोधि वृक्ष (पीपल), अक्षयवट (बरगद) और पाकड़ के पौधे लगाए जाते हैं।

इन तीनों पेड़ों को त्रिकोणीय रूप में रोपा जाता है, जिसे त्रिवेणी कहते हैं।यह त्रिवेणी ब्रह्मा, विष्णु, महेश का प्रतीक मानी जाती है और 24 घंटे ऑक्सीजन देकर पर्यावरण को संतुलित रखती है। खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने सभी ग्राम प्रधानों, सचिवों और पंचायत मित्रों को निर्देश दिए।

# समाज को दिशा देने वालों का सम्मान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणाः गोप

- जनसरोकार की आवाज बने अमीर हैदर व हशमत उल्लाह सम्मानित
- गांधी भवन में हुआ नागरिक अभिनंदन

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।



सामाजिक सेवा, जन सरोकार और पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता अमीर हैदर तथा वरिष्ठ उर्दू पत्रकार एवं सोशल एक्टिविस्ट हशमत उल्लाह का गांधी भवन में नागरिक अभिनंदन किया गया। गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट एवं सेवा सोसायटी की ओर से आयोजित समारोह में दोनों विभूतियों को पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने शॉल और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि समाज के लिए निस्वार्थ भाव से जीवन समर्पित करने वाली शख्सियतों का सम्मान केवल उनका सम्मान नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा और समाज के मूल्यों का सम्मान है। अमीर हैदर और हशमत उल्लाह ने अपने-अपने क्षेत्रों में जनसरोकारों को मजबूती से उठाते हुए समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की आवाज को बुलंद किया है। दोनों देश और समाज की धरोहर हैं। ऐसे किरदार किसी एक दौर तक सीमित नहीं रहते, बल्कि अपने काम और विचारों की मिसाल आने वाली पीढ़ियों के लिए छोड़ जाते हैं। समाज को ऐसे ही समर्पित और संवेदनशील लोगों की जरूरत है, जो बिना किसी स्वार्थ के जनहित को अपना धर्म मानकर काम करते रहें। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ गांधीवादी राजनाथ शर्मा ने कहा कि सम्मान पद या प्रतिष्ठा का नहीं, कर्म और समर्पण का होना चाहिए। अमीर हैदर और हशमत उल्लाह ने वर्षों तक जनसरोकारों को आवाज देकर सामाजिक और वैचारिक मूल्यों को मजबूत किया है।

# तमंचा दिखाकर महिला से चेन लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- लूटी गई सोने की चेन व अपाचे बाइक बरामद

समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट।



असंद्रा कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार महिला से तमंचे के बल पर सोने की चेन लूटने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई सोने की चेन, 315 बोर का तमंचा और घटना में इस्तेमाल की गई अपाचे बाइक बरामद करने का दावा किया है। लकड़िया गांव निवासी राधेश्याम सिंह 16 सितंबर को दोपहर करीब दो बजे पत्नी किरन सिंह के साथ बाइक से देवीगंज चौराहे से अपने घर लौट रहे थे। देवीगंज-सुबेहा मार्ग से गांव की ओर मुड़ते ही पीछे से अपाचे बाइक सवार दो युवक पहुंचे। आरोप है कि युवकों ने तमंचा दिखाकर किरन सिंह के गले से सोने की चेन झपट ली और सुबेहा की ओर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उसी रात दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ आरोपियों की तलाश शुरू की।

प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इंटेलिजेंस की मदद से सोमवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# तेंदुए की दहशत के बीच हाथियों ने संभाला मोर्चा

- गांवों में गश्त कर ग्रामीणों को किया जागरूक
- लाइटें भी लगवाईं

समृद्धि न्यूज, बहराइच।



सुजौली क्षेत्र में तेंदुए की सक्रियता बढ़ने के बाद वन विभाग ने निगरानी और तलाशी अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को त्रिलोकी गौढ़ी, मुझवा, पारस पुरवा, अयोध्यापुरवा और ईदगाह पुरवा समेत कई गांवों में पालतू हाथियों जयमाला और चंपाकली के साथ एसटीपीएफ और वन विभाग की टीम ने गश्त की। इस दौरान जंगल, खेतों और गांवों के आसपास हाका लगाकर तेंदुए को तलाशा गया। साथ ही ग्रामीणों को जंगली जानवरों से बचाव और सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गया। क्षेत्राधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुआ प्रभावित इलाकों में वन विभाग की टीम हाथियों जयमाला और चंपाकली के जरिए लगातार गश्त कर रही है। टीम इन इलाकों पर नजर रख रही है, ताकि तेंदुए की गतिविधियों पर ध्यान रखा जा सके और इंसान-जानवर के बीच टकराव को रोका जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि जिन ग्रामीण इलाकों में रात के समय ज्यादा अंधेरा रहता है, वहां वन विभाग ने लाइटें लगवाना शुरू कर दिया है। इससे रात में ग्रामीणों को आने-जाने में आसानी होगी और जंगली जानवरों की हरकतों पर भी नजर रखी जा सकेगी। वन विभाग की टीम लगातार प्रभावित इलाकों में तलाशी कर रही है। गश्त के दौरान खेतों, गन्ने के खेतों और जंगल से लगे इलाकों पर खास नजर रखी जा रही है।

# एसपी ने की अपराध समीक्षा बैठक

- महिला अपराध व गंभीर मामलों की जांच जल्द पूरी करने के निर्देश
- एसपी ने कहा त्योहारों पर बढ़ाई जाएगी सुरक्षा

समृद्धि न्यूज, बहराइच।



पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। सुबह 11 बजे हुई बैठक में एएसपी नगर आयुष विक्रम सिंह, एएसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक और विभिन्न शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे। एसपी ने कानून-व्यवस्था और अपराध की स्थिति की समीक्षा कर अपराध नियंत्रण और प्रभावी पुलिसिंग के निर्देश दिए। एसपी ने थानों पर आने वाले पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं से सम्मानजनक व्यवहार करने को कहा। उन्होंने शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# नशे के खिलाफ विद्यार्थियों ने लिया संकल्प, जागरूकता कार्यक्रम में दिलाई शपथ

समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।



सुमेरगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से नशा उन्मूलन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ आचार्य-आचार्या बहनों ने नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माउंट आबू से पहुंचीं मुख्य अतिथि बहन नीलम, बहन मीनू दीदी और सरदार नरेंद्र सिंह सलूजा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की। इसके बाद पुष्पार्चन किया गया। मुख्य अतिथि बहन नीलम ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ उसके मानसिक संतुलन, पारिवारिक जीवन और सामाजिक संबंधों पर भी प्रतिकूल असर डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से बचने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। बहन मीनू दीदी ने छात्र-छात्राओं को जीवनभर किसी भी तरह के नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन वित्तविहीन शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, फतेहपुर, बाराबंकी में आयोजित विज्ञान मेले में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों ने बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र सिंह बघेल ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों, आचार्य परिवार और विद्यार्थियों का आभार जताया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MAVIYA W/O KAMAL MOHAMMAD था। जो कि दिनांक 19/09/2026 को मैने अपना नाम बदलकर MAVIA W/O KAMAL MOHAMMAD रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

**निवासी नानपारा रोड, निकट शब्बीर MLA कासिमपुरा, थाना कोतवाली नगर, जनपद बहराइच, यूपी।**

# छोटी घटनाएं बड़ी न बनें, डीएम-एसपी रखें नजर : योगी

- सीएम के सख्त निर्देश- सूचना मिलते ही अधिकारी पहुंचें मौके पर
- लापरवाही और उदासीनता किसी स्तर पर बर्दाश्त नहीं

समृद्धि न्यूज
लखनऊ/गोरखपुर।



### पुलिस-राजस्व की शिकायतों पर विशेष जोर

जनता दर्शन में सबसे अधिक शिकायतें पुलिस और राजस्व विभाग से संबंधित आईं। मुख्यमंत्री ने पुलिस कमिश्नर, एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसएसपी स्तर के अधिकारियों को नियमित रूप से जनसमस्याओं के समाधान की निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी अधीनस्थ अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आने पर उसके विरुद्ध भी कार्रवाई हो। इस दौरान मां के साथ पहुंचे एक बच्चे से मुख्यमंत्री ने हालचाल पूछा और उसकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उसे चॉकलेट दी और मन लगाकर पढ़ाई करने का आशीर्वाद दिया। बच्चे के चॉकलेट वापस न करने पर जनता दर्शन कक्ष में मौजूद लोग मुस्कुरा उठे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को जनशिकायतों के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाज में वैमनस्य फैलाने वाले लोग छोटी घटनाओं को बड़ा रूप देने का प्रयास करते हैं। ऐसे में जिलों में होने वाली छोटी से छोटी घटना पर भी जिलाधिकारी (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्वयं नजर रखें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि किसी घटना की जानकारी मिलते ही अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचें, पीड़ित की बात सुनें और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई कर मामले का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि छोटी घटनाओं में भी किसी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने कुर्सियों पर बैठे प्रत्येक फरियादी से मुलाकात की और उनकी शिकायतें सुनीं।

प्रशासन, पुलिस, राजस्व और विद्युत सहित विभिन्न विभागों से जुड़े प्रार्थना पत्र लिए। उन्होंने कहा कि सरकार बिना भेदभाव लोगों की समस्याओं का समाधान करा रही है। अधिकारी संवेदनशीलता के साथ जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें। पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, जरूरतमंद मरीजों के उपचार की व्यवस्था कराने और भूमाफिया व दबंगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

# न्याय निर्णय सुनाने तक सीमित नहीं : राज्यपाल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से सोमवार को न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के 20 प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारियों और नौ अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद कर न्यायिक दायित्वों के निर्वहन के लिए आवश्यक सुझाव और मार्गदर्शन दिया।

राज्यपाल ने कहा कि न्याय केवल निर्णय सुनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि फैसले के बाद व्यक्ति और उसके परिवार पर पड़ने वाले सामाजिक व मानवीय प्रभाव को समझना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि न्यायिक कार्य के दौरान कई बार अत्यधिक वृद्ध लोग लंबे समय से जेल में निरुद्ध पाए जाते हैं। आजीवन कारावास के मामलों में आयु और परिस्थितियों के अनुरूप मानवीय दृष्टिकोण अपनाने तथा उपयुक्त नियमों पर विचार की आवश्यकता है। महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दहेज सहित अन्य मामलों में प्राथमिकी दर्ज करते समय कई बार पूरे परिवार के सदस्यों के नाम शामिल कर दिए जाते हैं, जबकि कुछ लोग घटना के समय मौजूद भी नहीं होते। ऐसे मामलों में तथ्यों की गंभीरता से जांच कर न्यायोचित निर्णय लिया जाना चाहिए। पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामलों में राज्यपाल ने कहा कि केवल दंड देना पर्याप्त नहीं है। निर्णय के बाद बच्चों की काउंसलिंग, अभिभावकों की काउंसलिंग और पुनर्वास पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारियों को राजकीय बाल गृह और संप्रेषण गृहों का भ्रमण करने की सलाह दी, ताकि वे बच्चों और उनके परिवारों की वास्तविक परिस्थितियों को समझ सकें। राज्यपाल ने बताया कि बाल गृहों में बच्चों को शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### सड़क किनारे डंपर से टकराई कार, दारोगा की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में यूपी डॉयल 112 मुख्यालय में तैनात उपनिरीक्षक सत्येंद्र सिंह की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर घटना की जानकारी मृतक के परिवार को दी। सरोजनीनगर थाना प्रभारी ने बताया कि कानपुर नगर के सनिगवां निवासी सत्येंद्र सिंह सुबह ड्यूटी के लिए कार से लखनऊ आ रहे थे। खेड़ा के पास उनकी कार सड़क किनारे खड़े एक डंपर से टकरा गई। कार के अंदर उप निरीक्षक सत्येंद्र घायल अवस्था में मिले, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए सीएचसी सरोजनीनगर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को देते हुए अग्रिम कार्रवाई के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### आप शिक्षक प्रकोष्ठ ने घोषित किए नए जिलाध्यक्ष




**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के संगठन विस्तार एवं उत्तर प्रदेश में शिक्षक वर्ग से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने के उद्देश्य से सोमवार को शिक्षक प्रकोष्ठ के 11 नए जिला अध्यक्षों के मनोनयन की घोषणा की गई है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के अनुमोदन एवं स्वीकृति के उपरांत शिक्षक प्रकोष्ठ (उत्तर प्रदेश) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह द्वारा इन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि सभी साथी अपने-अपने जिलों में शिक्षक प्रकोष्ठ को और अधिक मजबूत करेंगे और शिक्षकों की समस्याओं को मुखरता से उठाएंगे।
नवनियुक्त जिलाध्यक्ष :- चित्रकूट में जितेंद्र श्रीवास्तव, गोंडा में अर्जुन चौबे, बरेली में ताजबर खान, सुल्तानपुर में अंजन कुमार यादव, जालौन में रामदेव सिंह गांधी, सोनभद्र में संजय सिंह पटेल, कानपुर देहात में सतीश कुमार मिश्रा, सहारनपुर में चंद्रपाल सिंह में बिजनौर विपिन कुमार, अंबेडकर नगर में अशोक कुमार एवं बांदा में कृपाशंकर आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं।

### सीएम आज वितरित करेंगे 3,567 नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार, 22 सितंबर को तीन हजार 567 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को योग्य शिक्षक और कुशल प्रशासक मिलेंगे। चयनित अभ्यर्थियों में 319 प्रधानाचार्य, 258 प्रधानाध्यापक, 618 प्रवक्ता (पीजीटी) तथा 2372 सहायक अध्यापक (टीजीटी) शामिल हैं। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा पारदर्शी परीक्षा प्रणाली के माध्यम से अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित इन अभ्यर्थियों को जुपिटर हॉल में आयोजित समारोह में नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी समेत अन्य नेता एवं अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### आवारा सांड के हमले में किसान की मौत



**मलिहाबाद-लखनऊ।** थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी संजर खां में सोमवार दोपहर आवारा सांड के हमले में 58 वर्षीय किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गांव में दहशत और परिजनों में कोहराम मच गया। गढ़ी संजर खां निवासी राजकुमार उर्फ राजू मौर्य (58) पुत्र स्व. परमेश्वर दीन मौर्य सोमवार दोपहर करीब एक बजे घर से लगभग 150 मीटर दूर स्थित आम की बाग में गाय लेकर गए थे। इसी दौरान खेत में घूम रहे एक आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया। सांड ने उन्हें सींगों से उठाकर पटक-पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। करीब तीन बजे राजकुमार के छोटे भाई प्रदीप मौर्य जानवर लेकर बाग पहुंचे। वहां राजकुमार का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर सींग के निशान देखकर ग्रामीणों ने सांड के हमले से मौत की आशंका जताई। राजकुमार की मौत की खबर मिलते ही पत्नी सुधा मौर्य और दोनों बेटे विमल व दुर्गेश मौर्य का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आवारा पशु घूम रहे हैं। ये पशु पहले भी कई लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुके हैं। ग्रामीणों ने आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की है।

### 352 किमी पैदल यात्रा कर सीएम को देंगे ज्ञापन

**मलिहाबाद।** हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के तीन पदाधिकारी गोवंश संरक्षण और गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग को लेकर 352 किमी की पैदल यात्रा कर लखनऊ पहुंचे। सोमवार को रहीमाबाद के भतोइया गांव में स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप खेतान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपकर गोहत्या व गोवंश की अवैध तस्करी पर रोक तथा गोशालाओं को मजबूत करने की मांग की जाएगी। यात्रा में आचार्य विकास दीक्षित, गौरव बाबा और समित ठाकुर शामिल हैं।

# रिकॉर्ड सीटें जीतकर बनाएंगे सरकार : अखिलेश यादव

- राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चुनावी रणनीति पर की चर्चा
- उप्र में पुराने गठबंधन के साथ लड़ेंगे चुनाव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



### 24 सितंबर को पीडीए रथ से जाएंगे रायबरेली

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पीडीए रथ से 24 सितंबर को रायबरेली के एक दिवसीय दौरे पर जाएंगे। वह करीब 12 बजे चुरुआ पहुंचेंगे और दोपहर डेढ़ बजे विधायक राहुल लोधी के आवास जाएंगे। शाम पांच बजे तक रायबरेली में रहकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर हलचल दिनों-दिन तेज होती जा रही हैं। सोमवार को एक बार फिर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने चुनावी तैयारियों को लेकर उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अहम जानकारी दी।

अखिलेश यादव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में सपा का पुराना गठबंधन ही बरकरार रहेगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जो उत्तर प्रदेश की रिजर्व्ड सीटें हैं, जिन्हें समाजवादी पार्टी नहीं जीत पाई, यहां बैठे लोगों (पार्टी कार्यकर्ता) ने संकल्प लिया है कि हम अभी तक की रिकॉर्ड सीटें जीतेंगे और सरकार बनाएंगे। अखिलेश ने भाजपा सरकार पर कानून और न्याय व्यवस्था को लेकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार न्यायालय की सख्त टिप्पणियों के बावजूद सुधार नहीं कर रही है। ये सरकार तो वो है, जो जान ले रही है। सपा इन मुद्दों को जनता के बीच ले जाकर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाएगी। न्यायालय पर इसको भरोसा नहीं है। यह सच सबको बताएंगे।

अखिलेश यादव ने आरोप है कि कहा कि भाजपा आरक्षण के पक्ष में नहीं है। सरकारी नौकरियों में मिलने वाले आरक्षण को प्रभावित करने के लिए आउटसोर्सिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट से आसान नहीं है कमीशन लेना, इसलिए आउटसोर्स कंपनियों से ये लोग सीधा कमीशन ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग पीडीए के अधिकारियों की तैनाती नहीं करते हैं। वहीं, चुनाव संबंधी जिम्मेदारी में तो 10 प्रतिशत भी तैनाती नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें, आप सबको मिलकर अपने देश को ताकतवर बनाना है। अखिलेश यादव ने बसपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का बिना नाम लिए उन पर तीखा हमला बोला। दरअसल, मायावती ने सपा के पीडीए रथ के रंगों पर सवाल उठाए थे। इस पर अखिलेश ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इकरंगी लोगों को हमेशा एक ही रंग दिखाई देता है। स्क्रीन पर गमछे और कपड़ों का रंग अलग दिखता है, लेकिन कुछ लोगों को समझ नहीं आता और उन्हें अपनी आंखों के इलाज की जरूरत है।




### यशवंत सिंह का 69वां जन्मदिन धूमधाम से मना

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** पूर्व मंत्री एवं पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह का 69वां जन्मदिन सोमवार को समर्थकों और शुभचिंतकों ने धूमधाम से मनाया। जहानागंज स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ट्रस्ट और लखनऊ के कैसरबाग स्थित चंद्रशेखर चबूतरा पर केक काटकर उन्हें बधाई दी गई। लोगों ने उनके स्वस्थ, दीर्घायु और सुखमय जीवन की कामना की। यशवंत सिंह पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के करीबी और उनके विचारों से जुड़े रहे हैं। समर्थकों ने उनके लंबे सार्वजनिक जीवन और जनहित के मुद्दों में योगदान को याद किया। इस दौरान राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। यशवंत सिंह ने सभी समर्थकों और शुभचिंतकों का आभार जताया।

# परिवहन कर्मचारियों ने दिया धरना



- 17 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

भारतीय परिवहन मजदूर महासंघ के आह्वान पर सोमवार को उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने परिवहन उद्योग एवं कर्मचारी हितों के संरक्षण की मांग को लेकर कैसरबाग बस स्टेशन से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम मुख्यालय तक रैली निकालकर धरना-प्रदर्शन किया। संघ के अनुसार प्रदर्शन में प्रदेश के 20 क्षेत्रों और 120 डिपो से आए करीब पांच हजार कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने किया। भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम, प्रदेश अध्यक्ष बिशेश्वर राय, महामंत्री अनिल कुमार उपाध्याय और भारतीय परिवहन मजदूर महासंघ के अखिल भारतीय महामंत्री राजू भाऊराव भालेराव समेत अन्य पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को संबोधित किया।

राजू भाऊराव भालेराव ने कहा कि परिवहन सेवा को आम जनहित में मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि देशभर के परिवहन निगम मुख्यालयों पर ज्ञापन दिए जा रहे हैं और मांगों के समर्थन में 18 नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन प्रस्तावित है। संघ के प्रदेश महामंत्री भारत भूषण ने 17 सूत्रीय मांग पत्र पढ़कर सुनाया। इसमें डग्गामार वाहनों पर रोक, परिवहन निगम की बसों पर अतिरिक्त करों में कमी, करीब 1,000 करोड़ रुपये के पूंजी अंशदान की माफी, 2,000 करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज, नियमित कर्मचारियों के रिक्त पदों पर भर्ती तथा 10 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की मांग शामिल है। प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि निगम को नई और इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराने तथा कर्मचारियों के वेतन-भत्तों में वृद्धि के लिए सरकार का आभार है।

उन्होंने कहा कि अवैध बस संचालन से निगम को आर्थिक नुकसान हो रहा है। तेल संकट के कारण निगम पर करीब 400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ा है। प्रदर्शन के बाद भारत भूषण ने प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपा। प्रबंध निदेशक ने ज्ञापन को केंद्र और प्रदेश सरकार को अपनी संस्तुति के साथ भेजने का आश्वासन दिया।

# चौधरी अजीत सिंह के नाम पर होगा जनता पीजी कॉलेज

- विश्वविद्यालय कार्य परिषद का प्रस्ताव मंजूर
- युवा पीढ़ी महापुरुषों के सम्मान को आगे बढ़ाये

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में महापुरुषों के सम्मान और उनके योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में योगी सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के क्रम में गाजियाबाद के जनता पीजी कॉलेज, पतला का नाम बदलकर 'चौधरी अजीत सिंह जनता पीजी कॉलेज किए जाने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ ही महापुरुषों के गौरवशाली योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इसी क्रम में गाजियाबाद के जनता पीजी कॉलेज, पतला का नाम बदलकर 'चौधरी अजीत सिंह जनता पीजी कॉलेज' किए जाने का निर्णय लिया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री ने



बताया कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा इस संबंध में विभाग को प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया था। विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई है। जल्द ही शासन स्तर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चौधरी अजीत सिंह का प्रदेश और देश के सामाजिक, शैक्षिक तथा कृषि क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनका नाम युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। महापुरुषों के नाम से शिक्षण संस्थानों का जुड़ाव विद्यार्थियों को उनके विचारों, संघर्ष और योगदान से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# अंतिम व्यक्ति की मुस्कान जनसेवा का उद्देश्य : ब्रजेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं, अपेक्षाएं और जनहित से जुड़े मुद्दे सुने। उन्होंने नागरिकों की ओर से प्रस्तुत प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से वार्ता की और समस्याओं के शीघ्र, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। पात्र व्यक्तियों को नियमानुसार त्वरित राहत उपलब्ध कराने के साथ ही जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए उसके निस्तारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखी जाए।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना ही जनसेवा का सबसे बड़ा उद्देश्य है। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि शासन की योजनाओं और जनकल्याणकारी सुविधाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका प्रभावी समाधान कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्रवाई पूरी की जाए। साथ ही शिकायतकर्ता को निस्तारण की स्थिति की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए।

### पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को मरवाया



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** कृष्णानगर पुलिस ने रामबाबू हत्याकांड का खुलासा करते हुए उसकी पत्नी पुष्पा मौर्य और प्रेमी नीरज वर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, प्रेम संबंधों का विरोध करने पर दोनों ने हत्या की साजिश रची। नीरज ने पार्टी के बहाने रामबाबू को बुलाकर शराब पिलाई और नशे की हालत में चाकू से गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने 180 से 200 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया।

**पहल** — गो-पर्यटन से गांवों को मिलेगा कमाई का नया रास्ता

# अब गोशालाओं में हो सकेंगे मांगलिक कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



### स्थानीय लोगों के लिए खुलेंगे अवसर

आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि गो-पर्यटन विकसित होने पर इसका दायरा केवल गोशाला परिसर तक सीमित नहीं रहेगा। आसपास के ग्रामीणों, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय कारीगरों, छोटे कारोबारियों और खान-पान से जुड़े लोगों के लिए भी इससे नए अवसर पैदा होंगे। पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने पर स्थानीय उत्पादों और सेवाओं की मांग बनने की संभावना है। हालांकि, इन अवसरों का वास्तविक स्वरूप संबंधित गोशाला और वहां विकसित की जाने वाली गतिविधियों पर निर्भर करेगा। इस मॉडल में गांव की स्थानीय अर्थव्यवस्था को गोशाला से जोड़ने की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। गोशाला के आसपास स्थानीय उत्पादों, ग्रामीण कला और पारंपरिक गतिविधियों को स्थान मिलने से गांव की विशिष्ट पहचान को सामने लाने का अवसर मिलेगा।

उत्तर प्रदेश में आने वाले समय में गांव की गोशालाएं भी स्थानीय संस्कृति और ग्रामीण जीवन की पहचान बनेंगी। योगी सरकार का यह विजन जल्द ही मूर्त रूप लेने वाला है। गो-संरक्षण के लिए संचालित गोशालाओं को अब परंपरा, भौगोलिक परिस्थितियों और ग्रामीण जरूरतों के अनुरूप विकसित करने की तैयारी है। चयनित गोशालाओं, कान्हा हाउस और बड़े गो-संरक्षण केंद्रों को गो-पर्यटन से जोड़कर गांवों में आर्थिक गतिविधियों के नए रास्ते तलाशे जाएंगे।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि गोशालाओं के इस प्रस्तावित नए स्वरूप में संरक्षण के साथ पर्यटन और स्थानीय गतिविधियों को भी स्थान मिलेगा। इसका उद्देश्य किसी क्षेत्र की संस्कृति और परंपरा को वहां की गोशाला से जोड़ना है। इससे गोशाला केवल पशु संरक्षण का स्थान न रहकर ग्रामीण जीवन और स्थानीय पहचान से परिचित कराने वाला केंद्र बन सकती है। क्षेत्र के अनुरूप यहां ऐसी गतिविधियां विकसित की जा सकती हैं, जो बाहर से आने वाले लोगों को गांव की जीवनशैली, पशुपालन और स्थानीय परंपराओं से जोड़ें।

चयनित गोशालाओं में मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन की भी व्यवस्था विकसित किए जाने की तैयारी है। इससे गोशालाओं का उपयोग केवल दैनिक गो-संरक्षण गतिविधियों तक सीमित न रहकर सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों से भी जुड़ सकेगा। स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार ऐसे स्थलों को विकसित करने की योजना है, जहां ग्रामीण परिवेश के बीच पारंपरिक कार्यक्रमों के आयोजन की सुविधा उपलब्ध हो सके। इससे गोशालाओं के आसपास आर्थिक गतिविधियों के लिए भी अवसर बनेंगे। गो-पर्यटन का यह मॉडल हर जगह एक जैसा नहीं होगा। जिस क्षेत्र की जो विशेषता होगी, उसी के अनुरूप गोशाला का स्वरूप विकसित करने पर जोर रहेगा। कहीं लोक संस्कृति और परंपराएं आकर्षण का केंद्र बन सकती हैं तो कहीं स्थानीय खान-पान, कला, शिल्प या ग्रामीण जीवनशैली को गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है। इस तरह अलग-अलग क्षेत्रों में उनकी अपनी विशेषताओं के आधार पर गो-पर्यटन के अलग-अलग मॉडल आकार ले सकते हैं।

# अभाविप ने लविवि कुलपति कार्यालय का किया घेराव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को छात्रों की समस्याओं को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से फीस वृद्धि के साथ छात्रों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि शैक्षणिक और छात्रावास फीस बढ़ाए जाने के बावजूद छात्रों को शुद्ध पेयजल, गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छता और बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। छात्रों का कहना है कि कई कक्षाओं में बैठने के लिए बेहतर सीटें, पर्याप्त रोशनी और पंखों की व्यवस्था नहीं है। शौचालयों की साफ-सफाई और पेयजल को लेकर भी शिकायतें हैं।

महमूदाबाद छात्रावास के छात्र मयंक शर्मा ने आरोप लगाया कि छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब है और इसे खाने के बाद छात्र बीमार पड़ रहे हैं। कैलाश महिला छात्रावास की छात्राओं ने भी भोजन, पेयजल और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि वॉशरूम के दरवाजों में कुंडी नहीं है और सफाई पर भी पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। छात्रों के मुताबिक, प्रशासन को कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। प्रदर्शन के दौरान चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्रों ने कुलपति से सीधे वार्ता की मांग की। छात्रों ने विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में प्रशासनिक भवन बनाने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि मांगों पर गंभीर कार्रवाई होने तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

# पराली जलाने पर 30 हजार जुर्माना व होगी जेल: डीएम

- गन्ना सट्टा निरस्त धान खरीद और खाद बीज से होंगे वंचित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।




जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पराली प्रबंधन को लेकर बैठक हुई। बैठक में सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, एडीएम वित्त अरविंद कुमार, डीडी कृषि सहित सभी एसडीएम, बीडीओ व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने बताया कि पिछले वर्ष सैटेलाइट से पराली जलाने की 139 घटनाएं चिन्हित हुई थीं, जिन पर जुर्माना और गन्ना सट्टा निरस्त करने की कार्रवाई हुई थी। इस वर्ष भी सख्ती जारी रहेगी। डीएम के सख्त निर्देश है कि पराली व गन्ने की पत्ती जलाने पर 30 हजार रुपये तक जुर्माना और जेल, आरोपी किसान का गन्ना सट्टा निरस्त, धान सरकारी खरीद, खाद, बीज व अन्य कृषि योजनाओं से प्रतिबंधित। बिना एसएमएस यंत्र के धान काट रही कंबाइन सीज होगी। ग्राम पंचायतों में प्रधान, सचिव, लेखपाल रात्रि चैपाल कर किसानों को जागरूक करेंगे। किसानों से अपील करते हुए डीएम ने कहा, पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है और मिट्टी की उर्वरता घटती है। कृषि विभाग 80 प्रतिशत सब्सिडी पर पराली प्रबंधन यंत्र दे रहा है। किसान पराली दो-खाद लो योजना के तहत गौशाला में पराली देकर खाद ले सकते हैं।

## व्यापारी के निधन पर शोक

**पुवायां, शाहजहांपुर।** महाराजा रेस्टोरेंट के स्वामी विवेक गुप्ता उर्फ रामजी का सोमवार को निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। वह बहुत ही सरल और सौम्य स्वभाव के थे। उनके निधन के बाद व्यापारियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। नगर उधोग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।



## वित्तमंत्री ने लक्ष्मी सोलर एजेंसी का किया उद्घाटन

- सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने पर दिया जोर
- योजनाओं का लाभ लेने की अपील

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रज्जन मिश्रा के प्रतिष्ठान लक्ष्मी सोलर एजेंसी का उद्घाटन प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने फीता काटकर किया। इस दौरान एजेंसी संचालक समेत क्षेत्र के व्यापारियों और गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में वित्त मंत्री ने केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों, व्यापारियों और आमजन के हित में लगातार योजनाएं संचालित कर रही है। पात्र लोगों को योजनाओं की जानकारी हासिल कर उनका लाभ लेना चाहिए। वित्त मंत्री ने सौर ऊर्जा के बढ़ते महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील करते हुए इससे संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा का उपयोग पर्यावरण संरक्षण के साथ ही बिजली की बचत की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रज्जन मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख मुनेश्वर सिंह समेत क्षेत्र के तमाम व्यापारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अमृता व हर्षिता ने अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण किया यूजीसी नेट

**शाहजहांपुर।** यूजीसी नेट जून 2026 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अमृता सक्सेना व हर्षिता सिंह ने अंग्रेजी विषय में यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। हर्षिता सिंह ने परीक्षा में 300 में से 196 अंक प्राप्त कर 95.83 पर्सेंटाइल हासिल की है एवं अमृता सक्सेना ने 300 में से 176 अंक प्राप्त कर 86.81 पर्सेंटाइल हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ दोनों असिस्टेंट प्रोफेसर पद तथा पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्र हो गई हैं। उल्लेखनीय है कि अमृता सक्सेना ने स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज से वर्ष 2025 में एम.ए . की परीक्षा उत्तीर्ण की है, जबकि हर्षिता सिंह वर्तमान में एम.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। उपलब्ध विवरण के अनुसार यूजीसी नेट जून 2026 के लिए अंग्रेजी विषय में कुल 88202 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 52560 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। अमृता व हर्षिता की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, कॉलेज प्राचार्य प्रो आर के आजाद, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ अनुराग अग्रवाल, विभागाध्यक्ष प्रो शालीन कुमार सिंह, डॉ बरखा सक्सेना, डॉ अरुण कुमार यादव, नीलू कुमार और रचना सहित समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### ईओ ने किया निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण



**कांट,शाहजहांपुर।** नगर पंचायत स्थित कान्हा गौशाला में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचीं ईओ ने मौके पर चल रहे कार्यों की बारीकी से पड़ताल की और संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ समय से काम पूरा कराने के निर्देश दिए ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में बिछाई जा रही खंडजा टीन शेड समेत अन्य निर्माण कार्यों की स्थिति देखी। ईओ ने मौके पर मौजूद जिम्मेदारों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और व्यवस्थाओं को बेहतर रखने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी नूरजहां की सक्रियता से नगर पंचायत के निर्माण कार्यों की मौके पर निगरानी बढ़ी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए।

### पर्यावरण की सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी: प्राचार्य



**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग में सालिम अली जूलॉजिकल सोसाइटी के तत्वावधान में जीरो एमिशन डे पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों में जागरूकता जरूरी है, क्योंकि आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. अरीब अंजुम रहमान ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। कार्यक्रम में वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिता हुई। संचालन डॉ. सौम्या शर्मा ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अरशद अली व डॉ. इमरान खान रहे। वाद-विवाद में अरीबा प्रथम, फरहान खान व आलिया खान द्वितीय और अलवीरा खान तृतीय रहीं। भाषण में अराइश बी प्रथम, आयशा खान द्वितीय और कशिश सिंह तृतीय रहीं। इस दौरान डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. शाहिस्ता खान सहित अन्य मौजूद रहे।

### बिजली कटौती पर महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन



**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** अघोषित बिजली कटौती से परेशान जैतीपुर की महिलाओं ने समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश सचिव सरिता सागर के नेतृत्व में विद्युत उपखंड कटरा के अवर अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि कस्बे में 18 घंटे आपूर्ति का शेड्यूल है, लेकिन 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल रही है। रात में दो-दो घंटे की कटौती से लोग बेहाल हैं। महिलाओं ने शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक और सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित शेड्यूल के अनुसार आपूर्ति की मांग की। 36 घंटे में सुधार न होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस दौरान मीना देवी, पूजा देवी, अनीता देवी, जावित्री सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

### 26 सितंबर को लगेगा रोजगार मेला

**शाहजहांपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 26 सितंबर को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला ओशो ध्यान-विज्ञान महाविद्यालय, म्यूना, खुदागंज में सुबह 10.30 बजे से लगेगा। मेले में 20 से अधिक कंपनियां जैसे एलआईसी, मिंडा कोसेई, पुखराज हेल्थकेयर आदि भाग लेंगी। 18 से 40 वर्ष के हाईस्कूल, इंटर, स्नातक व आईटीआई पास युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराकर अपने प्रमाण पत्र, बायोडाटा व फोटो के साथ मेला स्थल पर पहुंचें।

## शिक्षक समस्याओं को लेकर बीएसए से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता की।महासंघ ने शिक्षकों की समस्याओं से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र घोषित होने के उपरांत बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को श्बीश्श्रेणी सिटी एचआरए का लाभ प्रदान किया जाए एवं 58-60: बकाया चार माह के डीए डिफरेंस के बिल लेखा कार्यालय में भेजने हेतु समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जाए जिससे शीघ्र एरियर का भुगतान हो सके। जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि 16448 शिक्षक भर्ती में चयनित शिक्षकों के चयन वेतनमान इस माह स्वीकृत कर दिए जाएं जिससे समय से चयन वेतनमान लगाया जा सके। मध्याह्न भोजन योजना की परिवर्तन लागत काफी समय से प्राप्त नहीं हुई है एवं रसोईयों का मानदेय भी गत कई माह से नहीं भेजा गया है जिसको जल्द ही भिजवाया जाय। जिला संगठन मंत्री अंकुर त्रिपाठी ने शिक्षकों के लंबित प्रोन्नत वेतनमान को समय से लगाने की बात कही।विभाग में कई शिक्षक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर चुके हैं उनके अनुभव का लाभ लेते हुए आने वाले खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रशिक्षक के रूप में सेवाएं ली जाएं जिससे बच्चे मंडल एवं राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने 15000 शिक्षक भर्ती में चयनित शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि विसंगति को सुधारते हुए जनवरी से लगाने की बात कही। जिला मीडिया प्रभारी श्रेयश चंद्र सक्सेना ने कहा कि जनगणना कार्य में लगाए गए शिक्षकों को अर्जित अवकाश दिया जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने महासंघ को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही सभी समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाएगा एवं बिल लिपिकों को ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर उपस्थित रहने हेतु आदेशित किया जाएगा। वार्ता के दौरान अमित गुप्ता, अनमोल वर्मा, कर्मवीर सिंह, आदित्य सिंह समेत तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चिता की आग में मीट पकाने वाले तीन गिरफ्तार




**शाहजहांपुर।** पुवायां थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के बाद चिता की आग में मीट पकाने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों को जेल भेजा गया। ग्राम नत्थापुर में वीरपाल के पिता की चिता की आग में मीट पकाने का आरोप तीन लोगों पर लगा था। आरोप है कि जब वीरपाल ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में वीरपाल की तहरीर पर थाना पुवायां में धारा 301, 352 और 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रामचरन, राजेन्द्र और सुरेन्द्र सिंह निवासी नत्थापुर को 21 सितंबर को नत्थापुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

## प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा



**शाहजहांपुर।** समदर्शी क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल के विभाग संयोजक नीरज बाजपेई एवं महानगर संयोजक अजय कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में एक ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर में दिया गया। ज्ञापन में नीरज वाजपेयीने कहा कि भगवान की तस्वीरों का उपयोग केवल पूजा और श्रद्धा के लिए होना चाहिए, न कि सजावट या व्यापारिक लाभ के लिए के नहीं धार्मिक प्रतीकों का प्रयोग केवल पूजा स्थल, घर के मंदिर या धार्मिक ग्रंथों में करना चाहिए, जबकि अन्य वस्तुओं पर उनका उपयोग नहीं करना चाहिए। यदि भारत सरकार ने इस पर शीध्र ही निर्णय नही लिया तो हम सभी उग्र आन्दोलन भूख हडताल करने पर बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। ज्ञापन में मुख्य सुशील कुमार जिला अध्यक्ष योगेंद्र मोहन त्रिपाठी जिला महामंत्री पंडित बेणु गोपाल त्रिपाठी नीतू मिश्रा संगम राहुल शिवम मुनेंद्र पाल पूजा पाल भैया लाल सरिता कमला कश्मीर सिंह एडवोकेट अजय मिश्रा मंजू एडवोकेट आदि का सहयोग रहा।

## राम चरन लाल धर्मशाला में नव दिवसीय आयोजन

- हवन-पूजन उपरान्त भगवान श्री गणेश का प्रसाद भण्डारे का शुभारम्भ

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



भगवान श्री गणेश महोत्सव पर हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाराष्ट्र मराठा मण्डल की ओर से राम चरन लाल धर्मशाला में नव दिवसीय आयोजन चल रहा है। दोनों समय आरती पूजन आचार्य पं. हरिकेश शुक्ला के द्वारा कराया जा रहा है। इस अवसर पर महाराष्ट्र मराठा मण्डल के संयोजक नीरज बाजपेई ने भगवान गणेश के चरणों में प्रणाम करते हुए हवन पूजन उपरान्त भगवान श्री गणेश का प्रसाद भण्डारा का शुभारम्भ कराया और भक्तों को बताया कि विध्नहर्ता और धन धान्य प्रदायक है श्री गणेश भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र है। जिनकी महिमा अपरम्पार है, माना जाता है कि गणपति शुभता, खुशहाली और मांगलिकता के सूचक होते हैं। इस दिन भक्त गणेश जी की स्तुति और चालीसा का पाठ करते हैं। मान्यता है कि गणेश चतुर्थी पर जो भी व्यक्ति भगवान गणेश की सच्चे मन से आराधना करता है, बप्पा उसके जीवन में आने वाले सभी कष्टों को दूर करते हैं। 22 सितम्बर को सांय 4.00 बजे से भगवान गणेश की शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली जायेगी। सभी भक्त गण शोभा यात्रा में चलकर भगवान श्री गणेश का आर्शीवाद ग्रहण करें। मुख्य रूप से सुदामा शिंदे, अर्जुन सूर्यवशी, अनिल कदम, हर्षित गुप्ता नन्दा सूर्यवशी, वंदना कंदम, अभिषेक कदम, योगेश कदम, आशीष गुप्ता ऊर्फ पिन्टू आदि सभी भक्तों ने भगवान श्री गणेश के भण्डारा प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

## नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म एवं धमकी के 2 आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** मिर्जापुर में वादी द्वारा अपनी 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के संबंध में तहरीर दी गई थी। उक्त तहरीर के आधार पर थाना मिर्जापुर पर ज्ञानेन्द्र आदि 3 नफर पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना एसआई महेशपाल सिंह द्वारा की जा रही है। विवेचना के दौरान अपहृता की उम्र 16 वर्ष 04 दिन होना पाया गया तथा धारा 180/183 बीएनएसएस के अंतर्गत पीड़िता के बयानों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में नामित ज्ञानेन्द्र पुत्र नरवीर, राजकुमार पुत्र रामसेवक, भीम पुत्र सुन्दर, निवासी ग्राम बड़ी सरैया, थाना मिर्जापुर के विरुद्ध सामूहिक बलात्कार एवं अभियुक्त भीम द्वारा धमकी देने संबंधी आरोप पाए जाने पर मुकदमे में पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत उच्चाधिकारीगण के निर्देशानुसार वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग, वांछित अभियुक्तों की तलाश एवं अपराध की रोकथाम हेतु गश्त की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त ज्ञानेन्द्र पुत्र नरवीर, भीम पुत्र सुन्दर, समस्त निवासीगण ग्राम बड़ी सरैया थाना मिर्जापुर को ढाई अजमापुर रोड के पास से समय करीब 10.20 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## यूजीसी के नए प्रावधानों पर फूटा जनाक्रोश, उठी 'रोल बैक' की मांग

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए नियमों और प्रावधानों को लेकर विरोध की चिंगारी अब सड़कों और कॉलोनियों तक पहुंच गई है।शहर की अक्षरधाम कॉलोनी में स्थानीय निवासियों द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें यूजीसी के नए नियमों में हुए प्रावधानों को लेकर भारी आक्रोश व्यक्त किया गया और सरकार से इसे तुरंत श्रोल बैकश् (वापस लेने) की मांग की गई। बैठक के दौरान कॉलोनीवासियों और स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने नए कानून की खामियों पर खुलकर अपने विचार रखे। मदनमोहन त्रिपाठी ने कहा कानून में अभी और भी बदलाव आवश्यक हैं, जिससे इस कानून का किसी भी तरह से दुरुपयोग न हो सके।मनोज त्रिपाठी ने कहा,कि सरकार को इस तरह की नीति को लागू करने से पहले इसके परिणामों के बारे में गहराई से सोचना चाहिए था।कृष्णगोपाल दीक्षित ने कहा, कि नए कानून में जो भी तकनीकी और व्यावहारिक विसंगतियां हैं, सरकार को सबसे पहले उन्हें दूर करना चाहिए। जितेंद्र दीक्षित ने कहा ष्कानून के प्रावधानों से आम लोगों पर पड़ने वाले असर को देखते हुए इस पर पुनर्विचार किया जाना बेहद जरूरी है। प्रमोद शुक्ला ने कहा यूजीसी के नए प्रावधानों का विश्लेषण करते हुए इसके सभी पहलुओं की जानकारी विस्तार से दी और लोगों को इसके कानूनी प्रभाव समझाए। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि यदि नियमों में आवश्यक संशोधन नहीं किए गए, तो इस विरोध को और आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर दीपेश द्विवेदी, अवनीश कुमार, रामकुमार दीक्षित, हिमांशु दीक्षित, अंकुर सहित कई कॉलोनीवासी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## कपड़ा व्यापारी के निधन पर शोक



**पुवायां, शाहजहांपुर।** कैम्ब्रिज कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर डा. रचित अग्रवाल और विनायक अग्रवाल के चाचा मनोज अग्रवाल का सोमवार को निधन हो गया। वह कपड़ा के बड़े व्यापारी थे। उनके निधन के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। व्यापार मंडल के साथ ही जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों ने शोक व्यक्त किया है।

## विनोद साहनी हत्याकांड को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



अखिल भारतीय कश्यप स्वाभिमान संगठन शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में गोंडा जनपद के विनोद साहनी हत्याकांड को लेकर कलेक्ट्रेट में नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री संबोधित 6 सूत्रीय मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में विनोद साहनी की हत्या करने में शामिल शेष अन्य अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार किए जाने, एवं विनोद साहनी की हत्या करने वाले अपराधियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून, एनएसए, के तहत कार्रवाई किए जाने और उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाए जाने, मृतक विनोद साहनी के परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए, पीड़ित परिवार को 5 करोड रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए , पीड़ित परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, मृतक विनोद साहनी की हत्याकांड के मुकदमे की शीघ्र फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए, मृतक विनोद साहनी हत्याकांड की जांच सीबीआई से से कराई जाने, ज्ञापन देने वालों में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार कश्यप, शिवनंदन सागर, मदनलाल कश्यप, धर्मवीर वर्मा, प्रदीप कुमार, प्रभाकर, इंद्रपाल कश्यप एडवोकेट, आकाश वर्मा एडवोकेट, रामदास कश्यप, भारत प्रकाश कश्यप जिला अध्यक्ष, रमेश कुमार, सुशील कुमार कश्यप, शिवपाल कश्यप, आदि मौजूद रहे।

## बदहाल पार्क और जर्जर भवनों को लेकर बसपा ने सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बहुजन समाज पार्टी के नगर विधानसभा अध्यक्ष अमित कुमार वाल्मीकि के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क की बदहाल स्थिति, जर्जर भवनों, टूटी सड़कों और जलभराव समेत अन्य समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि डॉ. आंबेडकर पार्क की छत टपक रही है और पत्थर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। लोगों द्वारा लगाए गए फ्लेक्स-बैनरों के कारण पार्क में अतिक्रमण की स्थिति बनी हुई है। पार्क की साफ-सफाई और रखरखाव की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की गई। इसके अलावा कांशीराम साहब कॉलोनी की जर्जर स्थिति का मुद्दा भी उठाया गया। जर्जर भवनों की मरम्मत, रंगाई-पुताई, टूटी सड़कों की मरम्मत, पानी की टंकियों की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में मेहनमानशाह किला वाल्मीकि बस्ती में बसपा शासनकाल में बनाए गए डॉ. आंबेडकर सामुदायिक केंद्र की जर्जर हालत का भी उल्लेख किया गया। भवन के पुनर्निर्माण की मांग करते हुए बताया गया कि पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से गोविंदगंज जाने वाले मार्ग पर जलनिकासी की समस्या के कारण बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और जलभराव बना रहता है। सड़क की मरम्मत और जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की गई। विकासखंड भावलखेड़ा के ग्राम मानपुर में बसपा शासनकाल में बने डॉ. आंबेडकर सामुदायिक भवन की जर्जर हालत को लेकर भी अलग ज्ञापन दिया गया। इसमें बताया गया कि भवन का मुख्य गेट क्षतिग्रस्त होकर गिर चुका है, छत से पानी टपकता है और चारदीवारी भी क्षतिग्रस्त है। गेट के पास जलभराव की समस्या बनी रहती है। बसपा नेताओं ने प्रशासन से समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण कराकर शीघ्र मरम्मत एवं आवश्यक निर्माण कार्य कराने की मांग की। इस दौरान जिला महासचिव सरदार परमजीत सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष गुड्डू अंसारी, विधानसभा महासचिव एडवोकेट रोहित जाटव, विधानसभा सचिव सुधाकर गौतम, विधानसभा प्रभारी एडवोकेट भरत पाल सिंह, कोषाध्यक्ष एडवोकेट सुरेश कुमार वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मदद: नेत्रहीन चंदन की उम्मीद बने डीएम, जल्द मिलेगी छत

- जमीन का चिन्हांकन एडीएम के आदेश पर पहुंची टीम
- पन्नी के नीचे गुजर रही थी जिंदगी, पिता ने डीएम का जताया आभार

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

कहते हैं कि इस दुनिया में जिसका कोई नहीं होता है, उसका भगवान होता है। हां भगवान ही किसी न किसी रूप में जरुरतमंद की मदद को किसी का सहारा बनाकर भेजता है। ऐसा ही एक कहानी नेत्रहीन चंदन की, यह उस चंदन की कहानी है, जोकि अपने बुजुर्ग बाप के साथ मंदिर की चौखट पर कुछ माह से पन्नी तानकर अपनी जिंदगी काट रहा था, लेकिन चंदन की जब दर्दभरी दास्तान की खबर डीएम के जन दरबार पहुंची तो डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बगैर किसी देर किए, चंदन व बुजुर्ग पिता रक्षपाल को गुजर बसर कराने के लिए जमीन की उपलब्धता का आश्वासन दिया था। जिसके बाद एक सप्ताह के अंदर राजस्व की टीम ने गांव जाकर सत्यापन कर भूमि का चिन्हांकन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी है। अब चंदन की जिंदगी के लिए डीएम की उम्मीद बनकर सामने आए हैं। बुजुर्ग पिता ने डीएम को धन्यवाद बोला है। बता दें कि डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के संज्ञान में मामला आने के बाद करीब तीन सप्ताह में रामापुर नानकारी, सिसौवा, विकासखंड भावलखेड़ा में चंदन और उसके पिता रक्षपाल के रहने के लिए जमीन का चिन्हांकन कर दिया गया है। डीएम लगातार पूरे मामले पर संज्ञान लेते रहे। वह समय-समय पर अधिकारियों से जानकारी लेते रहे और परिवार के रहने की व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश देते रहे। सोमवार को डीएम के आदेश पर एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने राजस्व विभाग की टीम गांव भेजी। लेखपाल संदीप कुमार और संबंधित कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जमीन का चिन्हांकन किया। अब आगे की प्रक्रिया के बाद चंदन और उसके पिता को सिर पर छत मिलने की उम्मीद जगी है।



**डीएम का आभार जताया** रक्षपाल ने डीएम का आभार जताते हुए कहा कि बेटे के साथ काफी पीड़ा में जिंदगी गुजर रही थी। रहने के लिए जमीन मिलना उनके परिवार के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने डीएम और प्रशासनिक अधिकारियों को धन्यवाद दिया और कहा कि जिस तरह से मामले को गंभीरता से लिया गया वह उनके लिए बड़ी मदद है।

"डीएम के निर्देश पर बुजुर्ग बाबा व बच्चे के रहने के लिए जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को राजस्व टीम गांव भेजी गई थी। ग्राम पंचायत में पड़ा कर रहने को भूमि का चिन्हांकन कराकर रिपोर्ट आ गई है। विभागीय स्तर पर सत्यापन कर आगे की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।"
**- एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा।**

"राजस्व टीम गांव में आई थी। इसकी हमें कोई जानकारी आज नहीं है, क्योंकि हम आज रिश्तेदारी मे गये हुए थे। बच्चे की मदद हो जाएं, इसके लिए हम भी प्रयासरत हैं। जमीन भी बच्चे के नाम हो, इसके लिए लेखपाल से वार्ता करेंगे।"
**-ग्राम प्रधान राजरानी, रामापुर नानकारी**

**सामाजिक संस्थाएं भी आईं थी आगे:** चंदन की स्थिति की जानकारी मिलने के बाद कई संस्थाएं भी मदद के लिए आगे आई थीं। 'उड़ान एक उम्मीद' की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने पिता-पुत्र को जरूरत का सामान और आर्थिक सहायता दी। लायंस क्लब शक्ति की अध्यक्ष नीलिमा यादव ने भी सहयोग किया। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रथिन सिन्हा ने भी चंदन से मुलाकात कर जरूरी सामान उपलब्ध कराया और इलाज में मदद का भरोसा दिया। प्रशासन की पहल और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से अब चंदन के परिवार को नई उम्मीद मिली है।

## डीएम ने एफएलसी कार्य का किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी के साथ डीएम कंपाउंड स्थित ईवीएम वेयरहाउस में चल रहे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट के फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) कार्य का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी का कार्य 2 सितंबर 2026 से किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि एफएलसी का कार्य भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि एफएलसी कार्य में किसी भी शिथिलता को क्षम्य नहीं किया जाएगा। डीएम ने कहा कि एफएलसी हॉल में केवल अधिकृत प्रतिनिधियों, संबंधित अधिकारियों एवं नामित कार्मिकों को ही प्रवेश दिया जाए। उन्होंने एफएलसी कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन संबंधी कार्यों में पूर्ण जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए। डीएम ने सीसीटीवी कैमरों के संचालन एवं निगरानी व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी न रहने देने के निर्देश दिए। डीएम ने ईसीआईएल के इंजीनियर को ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी का कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## श्री गणेश महोत्सव में विधायक सलोना कुशवाहा ने पति के साथ की आरती



**तिलहर-शाहजहांपुर।** श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव में विधायक सलोना कुशवाहा ने पति डॉ राम सिंह कुशवाहा के साथ शिरकत कर भगवान गणेश की आरती उतारी। इस दौरान मंदिर में भक्तों के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। रविवार देर शाम नगर के मोहल्ला कुंवरगंज स्थित बांके बिहारी मंदिर में गणेश चतुर्थी महोत्सव के अवसर पर आरती का आयोजन में भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा एवं उनके पति डॉ राम सिंह कुशवाहा ने पहुंचकर पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। इस दौरान नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक आरती में सहभागिता की और गणपति के जयकारे लगाए। जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, रामलखन कुशवाहा, डॉ. आलोक अग्रवाल, सुशील बाबू गुप्ता, बालकृष्ण मराठा, प्रवीण मराठा सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

## सात चोरी की घटनाओं का खुलासा, छह आरोपी गिरफ्तार

- 1.44 लाख नकद, सोने-चांदी के आभूषण और दो तमंचे बरामद तीन हिस्ट्रीशीटर भी शामिल

**सीतापुर।** महमूदाबाद पुलिस ने चोरी और नकबजनी की सात घटनाओं का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में तीन हिस्ट्रीशीटर सहित पांच शातिर चोर और चोरी के आभूषण खरीदने वाला एक सोनार शामिल है। आरोपियों के कब्जे से ?1 लाख 44 हजार 100 रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण, दो देशी तमंचे व चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद कपूर कुमार के नेतृत्व में महमूदाबाद पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने की। आरोपियों को नूरपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राम प्रकाश उर्फ प्रकाश निवासी छोटी ग्यारी थाना थानगांव, आशीष उर्फ ननका निवासी सुकुलपुरवा नई बस्ती थाना रामपुर मथुरा, सूबेदार निवासी गुड़गुवा थाना रेउसा, अरविंद्र कुमार निवासी असईपुर थाना रामपुर मथुरा, श्रवण उर्फ सरवन निवासी असईपुर थाना रामपुर मथुरा तथा श्रीकृष्ण पवार निवासी बजाजा चौराहा



महमूदाबाद के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से रु.1,44,100 नकद, एक पीली धातु की टिक्की, छह जोड़ी पायल, सात मीना, एक सिकड़ी, एक जोड़ी कान की बाली और एक ब्रेसलेट बरामद हुआ है। इसके अलावा दो देशी तमंचे 315 बोर और चार जिंदा कारतूस भी मिले हैं। मौके से दो मोटरसाइकिलें बरामद कर उन्हें एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत सीज किया गया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में श्रवण उर्फ सरवन, अरविंद्र कुमार और राम प्रकाश हिस्ट्रीशीटर हैं। इनके अलावा अन्य आरोपियों का भी पूर्व आपराधिक इतिहास बताया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ सीतापुर, बाराबंकी और श्रावस्ती में चोरी, नकबजनी, गैंगस्टर एक्ट, शस्त्र अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में पूर्व से मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्रवाई में महमूदाबाद पुलिस के साथ एसओजी टीम की भी भूमिका रही।

### कलेक्ट्रेट से चंद कदम दूर स्कूल में खूनी खेल, सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त

# चिल्ड्रेन्स एकेडमी में शिक्षिका की गोली मारकर हत्या

- हत्यारे ने खुद को भी उड़ाया, रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात से सहमे बच्चे

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

सदर कोतवाली क्षेत्र के शाहपुरा कोठी में बड़ा डाकखाना के पास स्थित चिल्ड्रेन्स एकेडमी स्कूल में सोमवार सुबह दिल दहला देने वाली वारदात हुई। नर्सरी से 8वीं तक के बच्चों के इस प्राइवेट स्कूल की दूसरी मंजिल पर क्लास ले रही 26 वर्षीय शिक्षिका निशात फातिमा को नौरंगाबाद निवासी सऊद अंसारी (28) ने बैग में छिपाकर लाए तमंचे से गोली मार दी और फिर उसी हथियार से खुद की कनपटी पर गोली मारकर जान दे दी। दोनों की लाशें क्लासरूम के बाहर कॉरिडोर में पड़ी



मिलीं। एसपी ख्याति गर्ग ने बताया कि हिदायत नगर निवासी निशात पिछले एक साल से स्कूल में पढ़ा रही थीं। आरोपी सऊद सीढ़ियों के रास्ते सीधे ऊपर पहुंचा, निशात को क्लास से बाहर बुलाया और मना करने पर हाथ पकड़कर बरामदे में ले आया। दोनों में जोर-जोर से बहस होने लगी। आवाज सुनकर बगल की क्लास के टीचर बाहर निकले, तभी सऊद ने बैग से तमंचा निकालकर निशात पर फायर झोंक दिया। गोली की आवाज से पूरे स्कूल में चीख-पुकार मच गई। मासूम बच्चे बेंचों के नीचे छिप गए, कई बच्चे सहम कर रोने लगे। घटना के बाद स्कूल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अभिभावक बदहवास हालत में स्कूल की ओर दौड़े। पुलिस ने आनन-फानन में पूरी बिल्डिंग खाली कराई और बच्चों को परिजनों के सुपुर्द किया। बच्चों के चेहरे पर खौफ साफ दिख रहा था। अभिभावकों के चेहरों पर दहशत है, वे स्कूल की सुरक्षा पर सवाल उठा रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह वारदात कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय से कुछ ही दूरी पर हुई है। जब जिला प्रशासन की नाक के नीचे स्थित स्कूल में कोई भी सिरफिरा हथियार के साथ दूसरी मंजिल तक पहुंच जाता है तो जनपद की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा होता है। स्कूल में सुरक्षा गार्ड तैनात होने के बाद भी आरोपी की तलाशी क्यों नहीं ली गई, क्या वह पहले भी आता-जाता था, इसकी जांच शुरू हो गई है। सूचना पर डीएम, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, एएसपी पवन गौतम, सीओ सिटी समेत भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से खोखा, बैग और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मानव मिलन सम्मेलन



- सम्मेलन में नेपाल सहित देश के कोने कोने से पहुंचे लोग

**तिकुनिया (लखीमपुर)।** अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन का 32 वाँ महासम्मेलन छत्तीसगढ़ के दुर्ग में धूमधाम से मनाया गया। सम्मेलन में देश के कोने-कोने से व नेपाल सहित तिकुनिया के भी श्रद्धालु भाग लेने पहुंचे। अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन संस्था के संस्थापक जैन मुनि नेपाल केसरी राष्ट्र संत डॉक्टर मणिभद्र मुनि जी महाराज ने सम्मेलन के माध्यम से लोगों को एकता का संदेश दिया। दुर्ग महिला मंडल द्वारा स्वागत गीत पेश किया गया। सम्मेलन में हैदराबाद, दिल्ली, पुणे, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व नेपाल, तिकुनिया सहित कई जगहों के सैकड़ो श्रद्धालु सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे। दूर-दूर से आए मानव मिलन सम्मेलन के सभी पदाधिकारी का संगठन की तरफ से सम्मान भी किया गया। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक श्रवण संघ दुर्ग के प्रवीण श्रीश्रीमाल, धर्मचंद लोहढा,निर्मल बाफना, निर्मल जी रतन बोरा, बसंत जी बोरा, अशोक रतन बोहरा, अक्षय सुराणा, जिनेश वेद, अजय नहर, केवल छाजेड़, प्रचार मंत्री नवीन सचेती आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की शुरुआत जैन मुनि पुनीत जी महाराज ने भजन गाकर की। अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन सम्मेलन की तरफ से रात्रि के समय भजन संध्या का भी कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुंबई माया नगरी से आए गायक मनोरंजन झा, गायिका जमुना शर्मा मैं माहौल भक्तिमय बना दिया। भजन संध्या कार्यक्रम का संचालन महावीर जैन ने किया। कार्यक्रम में अभय कोटेजा, सावित्री शर्मा, दिनेश कुमार जैन, सिद्धम जैन, कुसुम जैन, मंजू जैन, राजेश जैन, लक्ष्मी पौडेल, नारायण पौडेल सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन संस्था के संस्थापक जैन मुनि राष्ट्र संत नेपाल केसरी डॉक्टर मणिभद्र मुनि जी महाराज ने दुर्ग मानव मिलन का भी गठन किया। जिसमें सुशील रुडवाल को अध्यक्ष, राजेश कोटेजा को महामंत्री बनाया गया है। जैन मुनि ने नवनिर्वाचित दोनों पदाधिकारी से कमेटी का विस्तार करने का निर्देश दिया है। पुणे से आए श्रद्धालुओं ने अगला चातुर्मास देने की विनती की।

**मानव मिलन की पहचान शिक्षा सेवा स्वास्थ्य:** मानव मिलन तिकुनिया अध्यक्ष दिनेश कुमार जैन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन संस्था का मुख्य उद्देश्य शिक्षा सेवा व स्वास्थ्य है। जरूरतमंद को शिक्षा व स्वास्थ्य देना सेवा करना संगठन की ताकत है। आज पूरे देश में अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन संस्था ने बड़ी पहचान बना ली है। 32 वर्ष पूर्व संगठन की शुरुआत पुणे से की गई थी। भारत के साथ-साथ नेपाल में भी इसकी कई इकाइयां है। मानव मिलन कई समाजसेवी कार्य करते रहता है।

# बिसवां में भाजपा का प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन, अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर/बिसवां।**

बिसवां विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री मनोज कुमार पांडेय, विशिष्ट अतिथि विधायक निर्मल वर्मा तथा अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। मनोज कुमार पांडेय को जून 2026 में सीतापुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया था। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग समाज का मार्गदर्शक होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले वर्षों में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है और राष्ट्र निर्माण में प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण है। विधायक निर्मल वर्मा ने बिसवां क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए प्रबुद्ध वर्ग से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष



राजेश शुक्ला ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रबुद्ध वर्ग का पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**बस स्टॉप पर अटल जी की प्रतिमा का अनावरण:** प्रबुद्ध सम्मेलन के बाद बिसवां बस स्टॉप पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण प्रभारी मंत्री मनोज कुमार पांडेय, विधायक निर्मल वर्मा और जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी को सुशासन, विकास और राष्ट्रहित की राजनीति का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनकी प्रतिमा युवाओं को प्रेरणा देती रहेगी।

**'सेवा, समर्पण, सुशासन के 25 वर्ष' पर प्रेस वार्ता:** कार्यक्रम के बाद प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'सेवा, समर्पण और सुशासन के 25 वर्षों' की यात्रा को लेकर आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न मंडलों में 'नमो सेवा-अनकही कहानियां', सेवा पखवाड़ा, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और प्रबुद्ध सम्मेलन सहित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक जीवन की यात्रा में 'नेशन फर्स्ट' की भावना प्रमुख रही है। कार्यक्रम में सुधाकर शुक्ला, विपुल सिंह पटेल, रेखा वर्मा, नैमिष रत्न तिवारी, जया सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## खैराबाद पालिका में 38.80 करोड़ का अनुमानित बजट पारित



**खैराबाद, सीतापुर।** नगर पालिका परिषद खैराबाद की बोर्ड बैठक सोमवार को पालिका सभागार में अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नगर के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ?38 करोड़ 80 लाख का अनुमानित बजट बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट में सड़क एवं निर्माण कार्य, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी, यातायात प्रबंधन सहित अन्य नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। बैठक में अध्यक्ष बेबी गुप्ता ने कहा कि पालिका उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए खैराबाद को स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित और विकसित नगर बनाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने नगर के विकास में सभासदों और नागरिकों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। बैठक में सीतापुर सांसद राकेश राठौर, अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, सभासदगण तथा पालिका के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्रा. पं. हुसैनपुर रूकनपुर वि.खं. भावलखेड़ा, शाहजहांपुर**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हुसैनपुर रूकनपुर वि. खं. भावलेखड़ा जिला शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 के स्वीकृत विकास कार्यों( पंचम/छठवां राज्य वित्त, 15वां/16वां वित्त, ओएसआर आदि) तथा नाली, सीसी रोड़, इंटरलाकिंग, विधालय कायाकल्प, खेल मैदान/पार्क, शौचालय/पंचायत भवन मरम्मत, पेय जलापूर्ति एवं स्वच्छता कार्यों हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री (ईट, सीमेंट, गिट्टी, सरिया, टाइल्स, हयूम पाइप, समर्सिबल, विद्युत व सफाई सामग्री आदि) की आपूर्ति हेतु अधिकृत फर्मों से मुहरबंद निविदाएं दिनांक 22.09.2026 से 25.09.2026 दोपहर 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं उसी दिन 25.09.2026 को अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। विस्तृत जानकारी व शर्तें कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**रामलड़ैते** — **प्रशासक**
**आकाश मिश्रा** — **सचिव**

**कार्यालय ग्रा. पं. सिमरई वि.खं. भावलखेड़ा, शाहजहांपुर**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिमरई वि. खं. भावलेखडा जिला शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 के स्वीकृत विकास कार्यों( पंचम/छठवां राज्य वित्त, 15वां/16वां वित्त, ओएसआर आदि) तथा नाली, सीसी रोड़, इंटरलाकिंग, विधालय कायाकल्प, खेल मैदान/पार्क, शौचालय/पंचायत भवन मरम्मत, पेय जलापूर्ति एवं स्वच्छता कार्यों हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री(ईट, सीमेंट, गिट्टी, सरिया, टाइल्स, हयूम पाइप, समर्सिबल, विद्युत व सफाई सामग्री आदि) की आपूर्ति हेतु अधिकृत फर्मों से मुहरबंद निविदाएं दिनांक 22.09.2026 से 25.09.2026 दोपहर 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं उसी दिन 25.09.2026 को अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। विस्तृत जानकारी व शर्तें कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**प्रमोद कुमार** — **प्रशासक**
**आकाश मिश्रा** — **सचिव**

**कार्यालय ग्रा. पं. गुरीं ता. इटौरिया वि.खं. भावलखेड़ा, शाहजहांपुर**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुरीं ता. इटौरिया वि. खं. भावलेखड़ा जिला शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 के स्वीकृत विकास कार्यों( पंचम/छठवां राज्य वित्त, 15वां/16वां वित्त, ओएसआर आदि) तथा नाली, सीसी रोड़, इंटरलाकिंग, विधालय कायाकल्प, खेल मैदान/पार्क, शौचालय/पंचायत भवन मरम्मत, पेय जलापूर्ति एवं स्वच्छता कार्यों हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री (ईट, सीमेंट, गिट्टी, सरिया, टाइल्स, हयूम पाइप, समर्सिबल, विद्युत व सफाई सामग्री आदि) की आपूर्ति हेतु अधिकृत फर्मों से मुहरबंद निविदाएं दिनांक 22.09.2026 से 25.09.2026 दोपहर 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं उसी दिन 25.09.2026 को अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। विस्तृत जानकारी व शर्तें कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**सोनी देवी** — **प्रशासक**
**आकाश मिश्रा** — **सचिव**

# सिसैया कांड के जिम्मेदार पुलिस कर्मियो की गिरफ्तारी की मांग

**लखीमपुर खीरी।**

बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य व पूर्व चेयरमैन अजयकुमारशुक्ल के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेश अधिवक्ता महासंघ का प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी खीरी को ज्ञापन सौपा श्री शुक्ल ने कहा पुलिस कर्मियो के निलम्बन से प्रथम दृष्ट्या पुलिस कर्मियो की संलिप्तता स्पष्ट है परंतु प्रशासन द्वारा लापरवाही के आरोप मे निलम्बित किया गया है जबकि पुलिस कर्मियो ने रक्षक से भक्षक बनकर अपने पद का गंभीर दुरुपयोग करते हुये जानबूझकर सरकार को बदनाम करने के उद्देश्य से निहित स्वार्थवश निर्दोष ग्रामीण महिलाओ व बच्चो पर घर के घुसकर प्राणघातक हमला किया है जो जघन्य अपराध है जिससे जनपद की जनता आक्रोशित व आंदोलित है अधिवक्ता महासंघ के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने चेतावनी दी यदि दोषी पुलिसकर्मियो को अविलंब गिरफ्तार न किया गया अधिवक्ता महासंघ व्यापक जन आंदोलन छेडेगा निर्दोष नागरिको का दमन को



किसी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जायेगा प्रतिनिधिमंडल मे अधिवक्ता महासंघ के प्रान्तीय महासचिव नरेंद्र वर्मा जिला महासचिव अफसर अली, राजकुमार गुप्त,मोहम्मद आफताब संजय मिश्र, श्रीमती मीरा देवी, आचार्य देवर्षि शुक्ल मनोज प्रजापति, अशोक कुमार वर्मा, जगदीश सिंह, निजम शुक्ल, डाक्टर रामजी शर्मा, विभोर अवस्थी अशरफ अली सत्येंद्र जायसवाल, वीरेन्द्र कुमार, मोहम्मद हारून, देवी शुक्ल, मंगूलाल शर्मा आदि अधिवक्ता शामिल थे।

## नुक्कड़ नाटक से जन-जन तक पहुंचेगी 'नमो सेवा अनकही कहानियां'

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम 'नमो सेवा: अनकही कहानियां' को लेकर जिला भाजपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए पदाधिकारियों ने आगामी आयोजनों की जानकारी साझा की। मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यों और जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के जिला संयोजक की जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष आयुष मिश्रा को दी गई है। कार्यक्रम संयोजक आयुष मिश्रा ने बताया कि 'नमो सेवा: अनकही कहानियां' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और सेवा कार्यों से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को जन-जन तक पहुंचाने की पहल की जा रही है। इसके लिए विधानसभा क्षेत्रवार नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में 25 स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का मंचन कराया जाएगा। कलाकारों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों और सेवा कार्यों को मंचीय प्रस्तुति के माध्यम से सामने रखा जाएगा। उद्देश्य है कि लोग उनके सार्वजनिक जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को प्रत्यक्ष रूप से नाट्य प्रस्तुति के जरिए समझ सकें। प्रेसवार्ता के दौरान जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मान सिंह राठौर, विकास श्रीवास्तव, जिला मंत्री नागेंद्र प्रताप, जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार, जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नवनियुक्त सपा जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार का हुआ स्वागत

- दिव्या गंगवार के कार्यालय एवं आवास पर उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार का क्षेत्र में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय जनसमुदाय की ओर से भव्य स्वागत किया गया। समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी 130 बीसलपुर विधानसभा श्रीमती दिव्या गंगवार के कार्यालय एवं आवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और क्षेत्रीय लोग जुटे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार के स्वागत को



लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही मौजूद कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान फूल-मालाएं पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। स्वागत समारोह के दौरान पार्टी के प्रति एकजुटता और संगठन को मजबूत करने का संकल्प भी दिखाई दिया। इस अवसर पर चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, राकेश प्रजापति, बादाम सिंह कश्यप, रजनीश यादव, हरिशंकर वर्मा, जीतू शर्मा,



ओमकार राठौर और सूरजपाल सागर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धर्मेश गंगवार ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों का आभार जताते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत और आपसी सहयोग से ही संभव है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है और सभी को साथ लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

## टोल प्लाजा पर चला यातायात पुलिस का विशेष अभियान, 47 वाहनों के चालान

**पीलीभीत।** जनपद में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस ने दो दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान चलाया। 19 और 20 सितंबर को जिले के दो टोल प्लाजा पर चलाए गए अभियान में नशे की हालत में वाहन चलाने, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर-सायरन, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने तथा फॉल्टी नंबर प्लेट और एचएसआरपी के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान थाना बीसलपुर, थाना गजरौला तथा यातायात पुलिस की टीमों ने टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग की। पुलिस




की कार्रवाई में शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में आठ चालान किए गए। वहीं मॉडिफाइड साइलेंसर के तीन, प्रेशर हॉर्न एवं हूटर के 13, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के छह तथा फॉल्टी नंबर प्लेट और एचएसआरपी के 17 चालान किए गए। दो दिनों तक चले अभियान में कुल 47 वाहनों के चालान किए गए। इन मामलों में वाहन चालकों पर कुल 2,42,500 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।

## वामपंथी छात्र संगठनों के सामने खड़ी की नई चुनौती

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ यानी डूसू चुनाव के परिणामों ने विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मजबूत पकड़ को एक बार फिर सामने ला दिया है। केंद्रीय पैनल के चार में से तीन पदों पर एबीवीपी की जीत निश्चित रूप से संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव पद पर उसके प्रत्याशियों की विजय ने यह स्पष्ट किया है कि विश्वविद्यालय परिसर में एबीवीपी का संगठनात्मक आधार अब भी प्रभावी है। हालांकि उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी दीपांशु शोकीन की जीत यह भी बताती है कि छात्र मतदाता केवल संगठन के नाम पर मतदान नहीं करता, बल्कि उम्मीदवार की व्यक्तिगत छवि और स्थानीय मुद्दों को भी महत्व देता है। डूसू चुनाव को केवल एक सामान्य छात्रसंघ चुनाव मानना भी उचित नहीं होगा। दिल्ली विश्वविद्यालय देश के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में है और यहां होने वाली छात्र राजनीति का असर विश्वविद्यालय परिसर से बाहर भी दिखाई देता है। यही कारण है कि हर चुनाव में एबीवीपी, एनएसयूआई और वामपंथी छात्र संगठनों के बीच मुकाबला व्यापक राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन जाता है। इस बार के परिणाम में सबसे उल्लेखनीय बात एनएसयूआई का केंद्रीय पैनल में खाता नहीं खोल पाना है। लंबे समय से कांग्रेस के छात्र संगठन के रूप में सक्रिय एनएसयूआई के लिए यह परिणाम निश्चित रूप से आत्ममंथन का विषय है। केवल चुनाव के समय सक्रिय होने के बजाय छात्रों के बीच लगातार उपस्थित रहना, उनके वास्तविक मुद्दों को उठाना और संगठन की विश्वसनीयता कायम करना किसी भी छात्र संगठन के लिए जरूरी है। डूसू का परिणाम इसी आवश्यकता की ओर संकेत करता है। एबीवीपी की जीत को उसके समर्थक राष्ट्रवाद और नेशन फर्स्ट की विचारधारा के समर्थन के रूप में देख रहे हैं। भाजपा नेताओं ने भी परिणामों को इसी व्यापक राजनीतिक दृष्टिकोण से जोड़ा है। यह व्याख्या राजनीतिक विमर्श का हिस्सा हो सकती है, लेकिन चुनाव परिणामों का विश्लेषण करते समय यह ध्यान रखना भी जरूरी है कि विश्वविद्यालय चुनाव में छात्रों के स्थानीय और प्रत्यक्ष मुद्दों की भूमिका कम नहीं होती। छात्रावास, किराया, सुरक्षा, शिक्षा, परिसर की सुविधाएं और छात्र कल्याण जैसे प्रश्न उनके रोजमर्रा के जीवन से जुड़े हैं। इस चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी की जीत इस तथ्य को और स्पष्ट करती है। यदि छात्र केवल संगठनात्मक पहचान के आधार पर मतदान करते तो निर्दलीय उम्मीदवार के लिए इतनी बड़ी जीत हासिल करना कठिन होता। इससे यह संकेत मिलता है कि छात्र राजनीति में व्यक्तिगत संपर्क, उम्मीदवार की स्वीकार्यता और स्थानीय मुद्दे भी महत्वपूर्ण बने हुए हैं। वामपंथी छात्र संगठनों के प्रदर्शन पर भी चर्चा जरूरी है। केंद्रीय पैनल में उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली। कुछ पदों पर उनके उम्मीदवारों को नोटा से कम मत मिलने की बात सामने आई है। हालांकि सभी पदों पर उनका प्रदर्शन समान नहीं रहा और कुछ उम्मीदवारों को उल्लेखनीय मत भी मिले। इसलिए इसे वामपंथी विचारधारा के पूर्ण अंत के रूप में देखना तथ्यों से आगे जाना होगा। फिर भी परिणाम उनके लिए अपने छात्र आधार और संगठनात्मक रणनीति पर गंभीरता से विचार करने का अवसर जरूर है। डूसू चुनाव का सबसे बड़ा संदेश यही है कि विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति में स्थायी प्रभाव केवल नारों से नहीं बनता। छात्र संगठन चाहे एबीवीपी हो, एनएसयूआई हो या कोई वामपंथी संगठन—उसे छात्रों के बीच अपनी उपयोगिता सिद्ध करनी होगी। चुनाव जीतना पहला चरण है, उस जीत को छात्रों के विश्वास में बदलना अगली और कहीं अधिक कठिन चुनौती है। एबीवीपी के सामने भी यही कसौटी है। तीन केंद्रीय पदों पर जीत ने उसे जिम्मेदारी दी है। अब छात्रों को यह देखना होगा कि जिन मुद्दों पर चुनाव लड़ा गया, उन पर निर्वाचित प्रतिनिधि कितना काम करते हैं। यदि सुरक्षा, शिक्षा, आवास, फीस और परिसर की सुविधाओं से जुड़े प्रश्नों पर प्रभावी पहल होती है तो चुनावी जीत की सार्थकता सिद्ध होगी। कांग्रेस और वामपंथी संगठनों के लिए भी रास्ता खुला है। केवल एबीवीपी की आलोचना या राष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों को कैंपस तक लाने से छात्र समर्थन हासिल नहीं किया जा सकता। उन्हें यह समझना होगा कि विश्वविद्यालय का छात्र अपने भविष्य, रोजगार, शिक्षा की गुणवत्ता और सुरक्षित परिसर को लेकर अधिक प्रत्यक्ष जवाब चाहता है। डूसू परिणाम इसलिए किसी एक संगठन की जीत से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। ये परिणाम छात्र राजनीति के बदलते स्वरूप की ओर संकेत करते हैं, जहां विचारधारा के साथ उम्मीदवार की विश्वसनीयता और छात्रों के रोजमर्रा के मुद्दे भी निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। अब असली परीक्षा चुनाव परिणाम की नहीं, बल्कि चुने गए प्रतिनिधियों के काम की होगी। यही काम आने वाले समय में यह तय करेगा कि डूसू में मिला जनसमर्थन कितना स्थायी है।

### दो टूक




# राहुल गांधी की गूंज कहां तक जाएगी?


राजेश सिरोठिया

देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के शीर्ष नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों जातिगत जनगणना के मुद्दे से आगे बढ़कर देश की युवा तरुणाई तक पहुंच बनाने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं। सवाल है—छात्रों और युवाओं के बीच उठाई जा रही उनकी यह 'गूंज' आखिर कितनी दूर तक जाएगी?

राहुल गांधी लंबे समय से जातिगत जनगणना को सामाजिक न्याय और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जोड़कर उठाते रहे हैं। लेकिन बिहार के चुनावी अनुभव ने इस रणनीति की राजनीतिक उपयोगिता पर सवाल खड़े किए। अब उन्होंने छात्रों और युवाओं की ओर रुख किया है। कोटा, देहरादून, प्रयागराज और पुणे के बाद 19 सितंबर को इंदौर में 'छात्रों की गूंज' का पांचवां कार्यक्रम हुआ।

शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और 'सिस्टम' राहुल गांधी के नए अभियान के प्रमुख विषय हैं। इन सवालों से असहमति की गुंजाइश कम है। देश का युवा सचमुच इन समस्याओं से जूझ रहा है। लेकिन यहीं राहुल गांधी के सामने असली सवाल खड़ा होता है—समस्या सबको दिखाई दे रही है, समाधान क्या है?

जिस 'सिस्टम' पर राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं, वह एक दिन में बना हुआ ढांचा नहीं है। कांग्रेस सहित विभिन्न दलों की सरकारें दशकों तक इसे चलाती रही हैं। इसलिए अगर राहुल गांधी इसे बदलने की बात करते हैं तो देश यह जानना चाहेगा कि वे सत्ता में आने पर इसे बदलेंगे कैसे?

करोड़ों युवाओं को केवल सरकारी नौकरियां देना संभव नहीं है। रोजगार का रास्ता सरकारी क्षेत्र के साथ निजी उद्योग, छोटे-मझोले उद्यम, स्टार्टअप, स्वरोजगार, कृषि और नई अर्थव्यवस्था से होकर भी गुजरता है। ऐसे में राहुल गांधी की आर्थिक नीति और रोजगार का वैकल्पिक मॉडल क्या होगा—यह सवाल उनके भाषणों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

यहीं राहुल गांधी की राजनीति की एक बड़ी कमजोरी सामने आती है। वे कई बार भाजपा सरकारों की वास्तविक कमजोरियों को पकड़ने के बजाय नरेन्द्र मोदी सरीखी विशाल राजनीतिक मछली पकड़ने की कोशिश करते हैं, जो उनके हाथ से बार-बार फिसल जाती है।


**राहुल गांधी के सामने चुनौती केवल भीड़ जुटाने की नहीं है। युवा एकरूप मतदाता नहीं है। किसी के लिए सरकारी नौकरी महत्वपूर्ण है, किसी के लिए निजी रोजगार, किसी के लिए उद्यमिता और किसी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा। इसलिए छात्रों की भावनाओं को राजनीतिक समर्थन में बदलने के लिए भावनात्मक भाषण से अधिक जरूरी है—ठोस कार्यक्रम। यदि राहुल गांधी 'सिस्टम' बदलने की बात करते हैं तो उन्हें बताना होगा कि शिक्षा व्यवस्था कैसे बदलेगी, भर्ती प्रक्रिया कैसे सुधरेगी, निजी क्षेत्र में रोजगार कैसे बढ़ेगा, युवाओं को कौशल और पूंजी कैसे मिलेगी और देश की अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका क्या होगी। यही 'छात्रों की गूंज' की असली परीक्षा है। कोटा से इंदौर तक उठी आवाज यदि केवल सभाओं और सोशल मीडिया तक सीमित रहती है तो उसका प्रभाव सीमित हो सकता है। लेकिन यदि कांग्रेस इसे युवाओं के लिए स्पष्ट नीति, रोजगार के कार्यक्रम और शासन के वैकल्पिक मॉडल में बदल पाती है, तो यह उसके राजनीतिक विमर्श को नई दिशा दे सकती है। राहुल गांधी को यह भी समझना होगा कि नरेन्द्र मोदी को चुनौती देने के लिए केवल मोदी-विरोध पर्याप्त नहीं है। उन्हें देश के सामने यह भी रखना होगा कि मोदी के बाद भारत कैसा होगा और उस भारत को बनाने की उनकी योजना क्या है।**

सत्ता की अकुलाहट में कांग्रेस ने अपने कई प्रभावी राजनीतिक अस्त्रों की धार भी कुंद की है। मोदी सरकार की नीतियों, प्रशासनिक विफलताओं, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्थागत पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर लगातार और ठोस अभियान चलाने के बजाय बहस कई बार व्यक्ति-केंद्रित हो जाती है।

दूसरी ओर भाजपा, कांग्रेस को मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोप वाले राजनीतिक नैरेटिव पर घेरती है। कांग्रेस के लिए मुश्किल यह है कि इस आरोप का जवाब देते हुए उसे अपनी अल्पसंख्यक नीति और व्यापक सामाजिक न्याय की नीति को अधिक स्पष्ट करना होगा। कांग्रेस की पुरानी राजनीति को उसके आलोचक एक ऐसे सामाजिक समीकरण से जोड़ते रहे हैं जिसमें मुस्लिम मतदाताओं को उसका अपेक्षाकृत स्थिर आधार माना गया। यही धारणा अब कांग्रेस के लिए राजनीतिक बोझ भी बनती दिखाई देती है। मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन भी कोई स्थायी या एकमुश्त राजनीतिक संपत्ति नहीं है। अलग-अलग राज्यों में जब उन्हें प्रभावी क्षेत्रीय विकल्प दिखाई देता है, तो उनका समर्थन उन दलों की ओर जाता रहा है। बिहार के चुनावी अध्ययन में भी मुस्लिम और यादव मतदाताओं के एक बड़े हिस्से के महागठबंधन की ओर जाने का उल्लेख मिलता है, जबकि दलित मतदाताओं के व्यवहार में चरण और क्षेत्र के अनुसार बदलाव दिखाई दिया।

यही बात कांग्रेस के व्यापक सामाजिक आधार पर भी लागू होती है। दलित, आदिवासी, पिछड़े और सवर्ण मतदाताओं का समर्थन भी किसी एक दल के लिए स्थायी नहीं है। चुनाव-दर-चुनाव समीकरण बदलते रहे हैं। कांग्रेस के लिए चुनौती यह है कि वह इन समुदायों को केवल चुनावी गणित का हिस्सा मानने के बजाय उनके लिए शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक अवसरों के ठोस कार्यक्रम सामने रखे।

राहुल गांधी के सामने चुनौती केवल भीड़ जुटाने की नहीं है। युवा एकरूप मतदाता नहीं है। किसी के लिए सरकारी नौकरी महत्वपूर्ण है, किसी के लिए निजी रोजगार, किसी के लिए उद्यमिता और किसी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा। इसलिए छात्रों की भावनाओं को राजनीतिक समर्थन में बदलने के लिए भावनात्मक भाषण से अधिक जरूरी है—ठोस कार्यक्रम।

यदि राहुल गांधी 'सिस्टम' बदलने की बात करते हैं तो उन्हें बताना होगा कि शिक्षा व्यवस्था कैसे बदलेगी, भर्ती प्रक्रिया कैसे सुधरेगी, निजी क्षेत्र में रोजगार कैसे बढ़ेगा, युवाओं को कौशल और पूंजी कैसे मिलेगी और देश की अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका क्या होगी।

यही 'छात्रों की गूंज' की असली परीक्षा है।

कोटा से इंदौर तक उठी आवाज यदि केवल सभाओं और सोशल मीडिया तक सीमित रहती है तो उसका प्रभाव सीमित हो सकता है। लेकिन यदि कांग्रेस इसे युवाओं के लिए स्पष्ट नीति, रोजगार के कार्यक्रम और शासन के वैकल्पिक मॉडल में बदल पाती है, तो यह उसके राजनीतिक विमर्श को नई दिशा दे सकती है।

राहुल गांधी को यह भी समझना होगा कि नरेन्द्र मोदी को चुनौती देने के लिए केवल मोदी-विरोध पर्याप्त नहीं है। उन्हें देश के सामने यह भी रखना होगा कि मोदी के बाद भारत कैसा होगा और उस भारत को बनाने की उनकी योजना क्या है।

'छात्रों की गूंज' कितनी दूर तक जाएगी, इसका फैसला किसी मंच पर नहीं होगा। फैसला तब होगा, जब देश का युवा यह तय करेगा कि उसे केवल अपनी समस्या की आवाज चाहिए—या उस समस्या का समाधान भी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# जदयू के भीतर उठते सवाल और परीक्षा

डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के सामने इन दिनों एक साथ कई राजनीतिक प्रश्न खड़े दिखाई दे रहे हैं। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को लेकर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार और विधायक अनंत सिंह के बीच खुला टकराव, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को लेकर उठती चर्चाएं और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दे पर अलग-अलग स्वर—इन सबने जदयू की आंतरिक राजनीति को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। ये घटनाएं नेतृत्व, अनुशासन और निर्णय प्रक्रिया को लेकर सवाल पैदा कर रही हैं। पटना स्नातक सीट का विवाद फिलहाल सबसे प्रत्यक्ष राजनीतिक टकराव है। नीरज कुमार इस सीट से लगातार चौथी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

जदयू ने नीरज कुमार को फिर से प्रत्याशी बनाया है, जबकि अनंत सिंह ने सार्वजनिक रूप से उनके खिलाफ अभियान चलाने और उन्हें हराने की बात कही है, खुले तौर पर अनंत सिंह ने एक निर्दलीय उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा की है। यह महज दो नेताओं की व्यक्तिगत राजनीतिक प्रतिस्पर्धा नहीं है। दोनों नेताओं की मोकामा क्षेत्र की पुरानी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता भी इस विवाद को अतिरिक्त महत्व देती है।

अनंत सिंह द्वारा नीरज कुमार पर लगाए गए पुराने आरोप और नीरज कुमार की ओर से अनंत सिंह के बयानों पर की गई टिप्पणियां राजनीतिक टकराव को और तीखा कर रही हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अलग-अलग स्तर पर आवश्यक है, इसलिए इन्हें राजनीतिक आरोपों के रूप में ही देखा जाना चाहिए।

इस प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पार्टी के भीतर अनुशासन का सवाल सार्वजनिक हो गया है। जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने पार्टी में आंतरिक मतभेद से इनकार करते हुए आंतरिक लोकतंत्र और बेहतर समन्वय की बात कह रहें हैं। दूसरी ओर, विवाद सार्वजनिक मंच पर जारी रहने से यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि पार्टी संगठन ऐसे मतभेदों को किस तरह सुलझाता है। इसी क्रम में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष



संजय कुमार झा को लेकर भी राजनीतिक चर्चाएं चलती रही हैं। उनके बारे में लगाए जा रहे आरोपों में यह दावा शामिल है कि वे नीतीश कुमार के आसपास निर्णय प्रक्रिया को अत्यधिक नियंत्रित कर रहें हैं। संजय झा ने इसके जवाब में पार्टी के एकजुट होकर नीतीश कुमार के नेतृत्व में काम करने की बात कही है। इसलिए यहां वास्तविक प्रश्न यह है कि पार्टी के भीतर संवाद और निर्णय प्रक्रिया कितनी पारदर्शी है।

जदयू के लिए दूसरी परीक्षा गठबंधन की राजनीति से जुड़ी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 2029 से पहले एनडीए शासित 21 राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कहे जाने के बाद जदयू ने इस विषय पर चर्चा की जरूरत बताई है। संजय झा ने अमित शाह से मिलने की बात कही, जबकि जदयू नेता श्याम रजक ने बिहार में यूसीसी लागू किए जाने का विरोध दोहराया, इससे यह स्पष्ट है कि इस मुद्दे पर जदयू और भाजपा के बीच दृष्टिकोण को लेकर सार्वजनिक विमर्श मौजूद है। दरअसल, चुनौती यहां नीतीश कुमार की राजनीतिक विरासत और जदयू के संगठनात्मक भविष्य की है। लंबे समय तक पार्टी की राजनीति का केंद्र नीतीश कुमार रहें हैं, अब पार्टी को यह साबित करना होगा कि नेतृत्व के इर्द-गिर्द बनी राजनीतिक संरचना को संगठनात्मक संस्थाओं, सामूहिक निर्णय और स्थानीय नेतृत्व के माध्यम से कितनी मजबूती दी जा सकती है।

पटना स्नातक चुनाव इस लिहाज से केवल एक विधान परिषद सीट का चुनाव नहीं रह गया है। इसके परिणाम से जदयू के भीतर चल रही राजनीतिक खींचतान की दिशा पर चर्चा तेज हो सकती है, लेकिन चुनाव परिणाम को पार्टी के पूरे राजनीतिक भविष्य का अकेला पैमाना मानना भी सही नहीं होगा। चुनाव में स्थानीय समीकरण, प्रत्याशी की व्यक्तिगत पकड़, संगठन की सक्रियता और मतदाताओं के मुद्दे—सभी प्रभाव डालते हैं।

जदयू के सामने इसलिए तीन स्तरों पर चुनौती है—संगठन के भीतर अनुशासन, नेतृत्व के बीच समन्वय और गठबंधन के भीतर अपनी राजनीतिक पहचान। यदि पार्टी इन तीनों स्तरों पर संवाद कायम रखती है तो मौजूदा मतभेद संगठनात्मक लोकतंत्र के दायरे में सुलझाए जा सकते हैं, यदि सार्वजनिक टकराव लगातार बढ़ता है और उसके समाधान के लिए प्रभावी राजनीतिक तंत्र दिखाई नहीं देता, तो उसका असर संगठन की एकजुटता पर पड़ सकता है। आज का यक्ष प्रश्न यह नहीं कि जदयू तत्काल दोफाड़ होगा या कौन नेता चुनाव जीतेगा। असली प्रश्न यह है कि बदलते राजनीतिक दौर में जदयू अपने मतभेदों को किस तरह संस्थागत संवाद में बदलता है। पटना स्नातक चुनाव एक तात्कालिक परीक्षा है, लेकिन जदयू के लिए असली परीक्षा उससे कहीं बड़ी—अपनी संगठनात्मक एकता, नेतृत्व की विश्वसनीयता और राजनीतिक पहचान को बनाये रखने की है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


गोलेन्द्र पटेल

## मैं विद्यार्थी नहीं, मज़दूर हूँ!

ओ कवियो! ओ लेखको!
किसके लिए लिख रहे हो?
मेरी दादी बनी-मजूरी करती थी
अब मेरी माँ करती है

मेरे दादा मज़दूर थे
मेरे पिता विकलांग हैं पर मज़दूर हैं
अतः मैं विद्यार्थी से अधिक मज़दूर हूँ
पुस्तक से अधिक पेट की चिंता है मुझे

जितनी छात्रवृत्ति मिलती है ,
उससे काफ़ी अधिक है
उनकी एक किताब की कीमत
मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि

जिन्हें अपना गुरु मानता हूँ
उन्हें ख़रीद कर कभी नहीं पढ़ूँगा
और जिन्हें अपना शिष्य मानता हूँ
उन्हें अपनी किताब ख़रीदने नहीं दूँगा !




# अपने ही प्रश्नों के घेरे में संघ लोक सेवा आयोग

अभिषेक शुक्ल

देश की सर्वोच्च भर्ती संस्था-संघ लोक सेवा आयोग आज अपने ही बनाए प्रश्नों के कारण कानूनी और नैतिक कटघरे में खड़ी है। सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 में 8 विवादित प्रश्नों को लेकर केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण द्वारा जारी नोटिस ने परीक्षा प्रणाली में बढ़ते अकादमिक दुस्साहस को उजागर कर दिया है। उलझे हुए विकल्पों ने जहां ज्ञान के परीक्षण को तुक्केबाजी में बदलकर कोचिंग उद्योग को फलने-फूलने का अवसर दिया है, वहीं लाखों होनहार छात्रों का भविष्य दांव पर लगा दिया है। यह विवाद अब महज कुछ प्रश्नों की त्रुटि का नहीं, बल्कि पारदर्शी व्यवस्था लागू कर संस्था की गरिमा को पुनर्स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता का प्रतीक बन चुका है। संघ लोक सेवा आयोग को देश की सबसे बड़ी भर्ती एजेंसी के रूप में एक सम्मानित संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। दशकों से यह योग्यता का सर्वोच्च मानदंड रहा है, जिसने भारत की नौकरशाही के मजबूत इस्पाती ढांचे को आकार दिया है। हालांकि, दामिनी राठौर एवं अन्य बनाम संघ लोक सेवा आयोग मामले में हाल ही में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण द्वारा आयोग को जारी किया गया नोटिस एक गहराते संस्थागत संकट की ओर इशारा करता है।

वर्तमान कानूनी विवाद की जड़ परीक्षा की रूपरेखा में ही निहित है। उम्मीदवारों ने सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र में 15 और सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र में 12 प्रश्नों पर कड़ी आपत्ति जताई है। 180 में से 27 प्रश्नों का न्यायालय में विवादित होना यह दर्शाता है कि त्रुटि की गुंजाइश अब खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। विवादित प्रश्नों की यह चौंकाने वाली संख्या आयोग के अकादमिक दुस्साहस के एक चिंताजनक चलन को दर्शाती है।

हाल के वर्षों में संघ लोक सेवा आयोग ने अस्पष्ट, पैराग्राफ-आधारित प्रश्नों और जटिल प्रारूपों पर अपनी निर्भरता बढ़ाई है। विकल्पों की बहुलता—जैसे कि केवल दो विकल्प सही हैं, प्रारूप, जो स्पष्ट नहीं करता कि कौन से दो विकल्प सही हैं—ने ज्ञान के परीक्षण को महज़ एक जुआ के खेल में बदल दिया है। यह प्रारूप परीक्षा भवन में ठोस समझ के बजाय अनुमान लगाने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करता है। एक बुनियादी सवाल यह उठता है, ऐसे प्रश्न क्यों पूछे जाएं, जिन पर आयोग के अपने विषय विशेषज्ञों के बीच ही आम सहमति नहीं है? जब कठिनाई का स्तर विशेषज्ञों के स्थापित ज्ञान की सीमा को पार कर जाता है, तो यह स्वाभाविक रूप से न्यायालय में आयोग के लिए भारी मुश्किलें पैदा करता है। एक सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली को विश्वसनीय होना चाहिए, न कि अनावश्यक रूप से जटिल। जैसा कि लियोनार्डो दा विंची ने कहा था, सादगी ही सबसे बड़ी परिष्कृतता है। प्रश्नों की रूपरेखा ऐसी होनी चाहिए कि उनका एक ही, स्पष्ट उत्तर हो, ताकि उस भ्रम से बचा जा सके जो अंततः लंबी कानूनी लड़ाइयों का कारण बनता है। यूपीएससी का उद्देश्य ज्ञान का परीक्षण करना होना चाहिए। बहुविकल्पीय प्रश्नों की मूल भावना तथ्यों के आधार पर ज्ञान की जांच करने में निहित है। वहीं, व्यक्तिपरक प्रश्नों की सबसे बड़ी खामी यह है कि एक ही उत्तर अलग-अलग लोगों को अलग-अलग स्तर पर सही या गलत लग सकता है। यूपीएससी ने बहुविकल्पीय प्रश्नों के मॉडल में भी व्यक्तिपरकता की इसी खामी को शामिल कर दिया है, क्योंकि इनके प्रश्न और उत्तर अब तथ्य-आधारित होने के बजाय मत-आधारित अधिक हो गए हैं।

उदाहरण के तौर पर हम सेट ए के प्रश्न संख्या 12 को देख सकते हैं:-

12. प्रारंभिक बौद्ध मूर्तिविद्या में रिक्त आसन (Empty Seat) क्या दर्शाता है?

(a) बुद्ध का ध्यान
(b) बुद्ध का प्रथम धर्मोपदेश
(c) बुद्ध का महापरिनिब्बान
(d) बुद्ध का महाभिनिष्क्रमण

संघ लोक सेवा आयोग की अनंतिम (provisional) उत्तर कुंजी में इस प्रश्न का उत्तर (ए) बुद्ध का ध्यान दिया गया है, जो कि कक्षा 12 की एन.सी.ई.आर.टी. के अनुसार सही है। किन्तु, टाटा मैकग्रा-हिल द्वारा प्रकाशित कृष्ण रेड्डी की पुस्तक भारतीय इतिहास (द्वितीय संस्करण) के अनुसार इसका सही उत्तर (डी) बुद्ध का महाभिनिष्क्रमण होना चाहिए।

यूपीएससी ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एक प्रश्न को रद्द कर दिया क्योंकि उसके




सभी विकल्प गलत थे। किन्तु, यहां सबसे बड़ा प्रश्न पारदर्शिता और जवाबदेही का उठता है। एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से छात्रों से आपत्तियां मांगी गईं, किन्तु उन आपत्तियों पर क्या निर्णय लिया गया, इसकी कोई सूचना संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नहीं दी गई। अंतिम उत्तर कुंजी प्रकाशित किए बिना ही प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। इससे छात्रों के मन में यह अनिश्चितता बनी हुई है कि उनकी आपत्तियों पर कोई कार्रवाई हुई भी या नहीं।

इस अप्रत्याशितता और अनिश्चितता की एक भारी सामाजिक-आर्थिक कीमत भी चुकानी पड़ती है। परीक्षा की पूर्वानुमानित प्रकृति को समाप्त करके, आयोग अनजाने में उम्मीदवारों के बीच एक गहरा भय पैदा कर रहा है।

इस भय का सीधा लाभ तेजी से बढ़ता कोचिंग उद्योग उठाता है, जो परीक्षा के नए पैटर्न को डिकोड करने के नाम पर छात्रों की चिंता को भुनाता है। सभी को समान अवसर प्रदान करने के बजाय—जो एक संवैधानिक संस्था का मूल कर्तव्य है—यह अस्पष्ट मूल्यांकन प्रणाली उन लोगों के पक्ष में झुकी हुई है, जो महंगी टेस्ट-सीरीज और कोचिंग इकोसिस्टम का खर्च उठा सकते हैं।

जिन उम्मीदवारों के मामले की केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में सुनवाई हो रही है, उनकी मांगें केवल व्यक्तिगत शिकायतों तक सीमित नहीं हैं। वे ऐसे प्रणालीगत सुधारों की मांग कर रहे हैं, जिन्हें संघ लोक सेवा आयोग को अपनी गरिमा बनाए रखने के लिए तत्काल अपनाना चाहिए।

सबसे पहली और महत्वपूर्ण मांग है प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित होने से पहले अंतिम उत्तर-कुंजी का प्रकाशन। वर्तमान व्यवस्था में, उम्मीदवारों को इस बात की कोई जानकारी नहीं होती कि उनके पेपर का मूल्यांकन कैसे किया गया, और यह स्थिति पूरे वर्ष चलने वाले परीक्षा चक्र की समाप्ति तक बनी रहती है। परिणाम से पूर्व उत्तर-कुंजी प्रकाशित करने और उम्मीदवारों को उनके ओ.एम.आर की स्कैन कॉपी ऑनलाइन उपलब्ध कराने से संघ लोक सेवा आयोग की विश्वसनीयता और जवाबदेही बढ़ेगी, जिससे प्रतियोगी छात्रों के प्रारंभिक परीक्षा से जुड़े सभी संदेह स्वतः समाप्त हो जाएंगे।

इसके अतिरिक्त, अब समय आ गया है कि आयोग प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया को आधुनिक बनाए। प्रश्नों को अंतिम रूप देने से पहले उनके अस्पष्ट शब्दों, संभावित अर्थों और तथ्यात्मक विरोधाभासों की जाँच के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत भाषा मॉडलों का उपयोग किया जाना चाहिए।

अंततः, न्यायाधिकरण के समक्ष चल रहा यह विवाद संघ लोक सेवा आयोग के लिए मात्र एक कानूनी चुनौती नहीं है, बल्कि आत्ममंथन और व्यवस्था परिवर्तन का एक ऐतिहासिक अवसर है।

21वीं सदी का भारत एक ऐसी पारदर्शी चयन प्रक्रिया की मांग करता है, जहां आधुनिक तकनीक का उपयोग अस्पष्टता दूर करने के लिए हो और परिणामों की प्रक्रिया शीशे की तरह साफ हो। भारत की नौकरशाही का भविष्य उन युवाओं के हाथों में सुरक्षित होना चाहिए, जिनका चयन उनकी वास्तविक योग्यता और स्पष्ट वैचारिक समझ के आधार पर हुआ हो, न कि परीक्षा भवन में किए गए किसी अंधे अनुमान या कोचिंग संस्थानों की महंगी रणनीतियों के बल पर। यदि आयोग समय रहते अपने प्रयोगात्मक प्रारूपों को त्यागकर इन ढांचागत सुधारों को अपना लेता है, तो यह न केवल लाखों मेधावी छात्रों का खोया हुआ विश्वास वापस लाएगा, बल्कि अपनी सर्वोच्च संवैधानिक गरिमा को भी एक नए, अभेद्य शिखर पर स्थापित करेगा।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### घटना के 22 घंटे बाद दोनों बच्चों के शव बरामद



**मौदहा (हमीरपुर)।** परछछ गांव में रविवार दोपहर चंद्रावल नदी में नहाते समय डूबे अंश और अंशिका के शव सोमवार को बरामद कर लिए गए। रविवार शाम करीब साढ़े तीन बजे नदी के तेज बहाव और गहराई में पांच लोग डूबने लगे थे। ग्रामीणों ने तीन लोगों को बचा लिया, जबकि दोनों बच्चे बह गए। सूचना पर पुलिस, प्रशासन और स्थानीय गोताखोरों ने तलाश शुरू की। करीब 14 घंटे बाद अंशिका का शव टोलामाफ गांव के पुल के नीचे मिला। वहीं अंश का शव हादसे के करीब 22 घंटे बाद घटनास्थल के पास खिन्नी घाट में मिट्टी में दबा मिला। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

### एसपी ने कंशवध मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण



**मौदहा (हमीरपुर)।** ऐतिहासिक कंशवध मेला को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने गुड़ाही बाजार से मीरा तालाब तक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।एसपी ने तालाब के आसपास विशेष सतर्कता बरतने तथा किसी अप्रिय घटना से बचाव के लिए नावों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर भी तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कर्णवीर सिंह, सीओ राजकुमार पाण्डेय, ईओ सीमा तोमर, कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज

**मौदहा।** बीते दो दिन पहले घर से नकदी और जेवरात लेकर गायब हुई युवती का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछछ निवासी रामशरन पुत्र धनीराम ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि,बीते 19सितम्बर की दोपहर उसकी पुत्री पायल घर से नकदी और जेवरात लेकर गायब हो गई।जिसकी काफी तलाश की गई लेकिन उसकी पुत्री का कोई सुराग नहीं लगा। बाद में जानकारी मिली कि,भरुआ सुमेरपुर निवासी अभिषेक पुत्र राजेश उसकी पुत्री को बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया है जिससे उनकी पुत्री को जान का खतरा है। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सुगंध दशमी पर जैन मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बरुआसागर।** स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर में सुगंध दशमी पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में धूप क्षेपण कर धार्मिक अनुष्ठान किए। सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को बिंदी-रोली लगाकर सुहाग सामग्री भेंट की। सत्य एवं संयम धर्म के अवसर पर भगवान का अभिषेक और शांतिधारा की गई। इसके बाद पंडित आदि शास्त्री के निर्देशन में श्रीजी का सामूहिक पूजन हुआ। दोपहर में तेरह द्वीप विधान का आयोजन किया गया, जिसका वाचन चतुर्दशी तक चलेगा। रात में अमित वैशाखिया, वरुण चौधरी और संदीप सेठ ने सामूहिक आरती कराई। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य किया।प्रवचन में पंडित आदि शास्त्री ने कहा कि उपलब्ध साधनों में संतोष रखना चाहिए। अप्राप्त की चाह और लोभ अशांति का कारण बनते हैं। उन्होंने सत्य धर्म को अपनाने और झूठ का त्याग करने का संदेश दिया।बच्चों ने 'सती मनोरमा' और 'पाठशाला का महत्व' नाटकों का मंचन किया, जिनका निर्देशन नीलम मामी और रानू विराग जैन ने किया। कार्यक्रम में प्रदीप कुमार जैन थांदला, जिनेश जैन दाऊ, अंकुर जैन मेडिकल, अनुपम जैन, प्रमोद जैन भंडारी, अभिनंदन जैन अहमदाबाद, अभय नायक, निर्भय जैन नायक, विराग जैन मामा, रेखा नायक, संजय-बबीता अलया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। संचालन एवं आभार दिगंबर जैन पंचायत समिति अध्यक्ष सिंघई संदीप कुमार जैन ने व्यक्त किया।

### वायु गुणवत्ता सुधारने को एयर स्प्रिंकलर बढ़ाएं: डीएम

**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में सोमवार को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत सिटी लेवल इम्प्लीमेंटेशन कमेटी की बैठक हुई। उन्होंने शहर की वायु गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा करते हुए पीएम-10 और पीएम-2.5 के स्तर को कम करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग और प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिए।डीएम ने नगर निगम को व्यस्त चौराहों पर एयर स्प्रिंकलर लगाने और मोबाइल एयर स्प्रिंकलर खरीदने के निर्देश दिए, ताकि धूल के कणों और वायु प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने सड़कों के पक्कीकरण, फुटपाथ निर्माण, जाम कम करने और निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के उपाय सुनिश्चित करने को कहा।उन्होंने डेमोलिशन वेस्ट के उचित निस्तारण के लिए स्थानीय निकायों को स्थल चिन्हित करने और इसकी जानकारी आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। निर्माण सामग्री को सड़कों पर न रखने तथा प्रदूषण नियंत्रण नियमों का सख्ती से पालन कराने को भी कहा।स्टोन क्रैशरों पर स्मॉक गन लगाने के निर्देश देते हुए डीएम ने बताया कि वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। क्षेत्रीय अधिकारी यूपीपीसीबी इमरान अली ने बताया कि जिले में करीब 50 स्टोन क्रैशर संचालित हैं, जिनमें 25 पर स्मॉक गन लगाई जा चुकी हैं। शेष क्रैशरों पर भी जल्द स्मॉक गन लगाने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर आयुक्त ए सूदन, डीएफओ विकास यादव, अपर नगर आयुक्त राहुल कुमार यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कम राजस्व वसूली वाले विभाग लक्ष्य पूरा करें: जिलाधिकारी



**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में कर-करेत्तर राजस्व वसूली एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने विभागवार निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली की प्रगति की जानकारी ली। कम वसूली वाले विभागों को चेतावनी देते हुए लक्ष्य के अनुरूप तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण कर बकाया राजस्व की प्रभावी वसूली सुनिश्चित करने को कहा। आबकारी, खनिज, परिवहन, राजस्व, वन, निबंधन एवं स्टांप, बाट-माप, प्रदूषण नियंत्रण, अग्निशमन, मंडी, खाद्य एवं विपणन, खाद्य सुरक्षा तथा श्रम प्रवर्तन विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि राजस्व वसूली में लापरवाही न बरती जाए और प्रवर्तन कार्य नियमित रूप से संचालित हों। लंबे समय से लंबित वसूली प्रकरणों को चिन्हित कर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम राकेश कुमार, एसडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मकान को लेकर उपजे विवाद में हुआ जमकर पथराव, कई घायल



**समृद्धि न्यूज़, मौदहा, हमीरपुर।**

सोमवार दोपहर बाद एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ जिसमे कुछ महिलाओं द्वारा छत से पथराव किया जा रहा है जबकि नीचे कुछ घायल लोग दिखाए जा रहे हैं और मौके पर पुलिस आती भी दिखाई जा रही है। हालांकि हमारे द्वारा वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं की जाती है जबकि द्वारा तहरीर के आधार पर कार्यवाही की बात कही जा रही है।

वायरल वीडियो की पडताल करने पर पता चला कि, वायरल वीडियो मौदहा कस्बे के मथुरा मंदिर के निकट का है। और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के कम्हरिया रोड निवासी निसरत बानो पत्नी अब्दुल बारी ने लगभग डेढ दशक पहले उक्त मकान का आधा हिस्सा खरीद लिया था लेकिन मकान में रह रही महिलाओं द्वारा निसरत को मकान पर कब्ज़ा नहीं दिया जा रहा था और अक्सर विवाद करती थीं । उसी को लेकर सोमवार दोपहर बाद निसरत अपने पति और बच्चों के साथ मकान में गई थी तभी उक्त महिलाओं ने मारपीट और पथराव शुरू कर दिया जिसमे कुछ लोगों को गंभीर चोटें आईं हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की बात कही है।

## रीवन में फायरिंग का आरोप, ब्राह्मण महासभा ने एसपी से कार्रवाई की मांग की



**मौदहा (हमीरपुर)।** ग्राम रीवन में पंचमी महोत्सव के दौरान तमंचे से फायर कर जानलेवा हमला करने के आरोप में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने एसपी से कार्रवाई की मांग की है। जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक को ज्ञापन सौंपा। पीड़ित के अनुसार 17 सितंबर की शाम गांव में पंचमी महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम व फूलडोल निकल रहा था। आरोप है कि गांव का यक्षम श्रीवास उर्फ योगी पुत्र सियाराम श्रीवास 315 बोर का तमंचा लेकर गाली-गलौज करते हुए लोगों को धमका रहा था। विरोध करने पर उसने तमंचा सीने पर लगाकर फायर किया, लेकिन गोली नहीं चली। शोर सुनकर पीड़ित के भाई दुर्गेश और धीरू ने आरोपी को पकड़कर तमंचा छीन लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को तमंचा सौंप दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि 18 सितंबर को तहरीर देने के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। महासभा ने रिपोर्ट दर्ज कर आर्म्स एक्ट सहित सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की मांग की।

# यूपीआई पर एमडीआर के विरोध में व्यापारियों ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

UPI पर 15 अक्टूबर से प्रस्तावित मर्चेंट डिस्काउंट रेट के विरोध में नगर उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र प्रकाश गुप्ता उर्फ धीरू गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। धीरू गुप्ता ने कहा कि फल-सब्जी, किराना, मेडिकल, बेकरी और ऑटो पार्ट्स समेत अधिकांश दुकानों पर UPI से भुगतान हो रहा है। 2000 रुपये से अधिक के भुगतान पर एक से दो प्रतिशत स्थ्रक्र लगने से छोटे व्यापारियों के मुनाफे पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी डिजिटल भुगतान व्यवस्था के साथ हैं, लेकिन अतिरिक्त शुल्क से छोटे कारोबारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। इससे व्यापारी ग्राहकों से नकद भुगतान लेने को मजबूर हो सकते हैं। व्यापार मंडल ने प्रस्तावित MDR पूरी तरह रद्द करने तथा 2000 रुपये से अधिक के सामान्य खुदरा भुगतान को शुल्क से स्थायी रूप से मुक्त रखने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में वीरेंद्र कुमार गुप्ता, महबूब अहमद, सौरभ गुप्ता, रोहित गुप्ता और अनिल सोनी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### सड़क तक फैली पेड़ों की डालियां बनीं मुसीबत

**समथर।** विकासखंड मोंठ के ग्राम बुडेरा घाट में अंदर जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे खड़े पेड़ों की डालियां सड़क तक फैल जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की सीमा तक पहुंची डालियों के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है और वाहन चालकों को बचकर निकलना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार कई स्थानों पर डालियां इतनी फैल गई हैं कि सामने से वाहन आने पर निकलने में दिक्कत होती है। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भी सावधानी बरतनी पड़ रही है। उनका कहना है कि समय रहते डालियों की छंटाई नहीं कराई गई तो हादसे की आशंका बनी रहेगी।ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और अधिकारियों से मार्ग का निरीक्षण कर सड़क तक फैली पेड़ों की डालियों की शीघ्र छंटाई कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुगम होने के साथ राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सपनों का भारत' कार्यक्रम आयोजित

- छात्राओं ने भाषण, निबंध, पोस्टर पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा



**झांसी।** सूरज प्रसाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सपनों का भारत' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक जैन, मंडल संयोजक माला महरोत्रा, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि प्रद्युम्न दुबे, मंडल अध्यक्ष सिविल लाइंस अनुज नीखरा, मनोनीत पार्षद सुनील विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य सुस्मिता वर्मा और विद्यालय नोडल रूपवती खोइया ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में छात्राओं की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और राष्ट्र निर्माण की भावना को बढ़ावा देने के लिए भाषण, निबंध, क्विज तथा पोस्टर-पेंटिंग प्रतियोगिताएं कराई गईं। विद्यालय में लगी प्रदर्शनी में विकसित भारत, राष्ट्र निर्माण और विभिन्न विकास कार्यों को रचनात्मक माध्यम से प्रस्तुत किया गया। अभिषेक जैन ने छात्राओं को विकसित भारत के संकल्प में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।भाषण प्रतियोगिता में तनिष्का प्रथम, जैनब द्वितीय और खुश्नुबा तृतीय रहीं। निबंध में साक्षी नामदेव प्रथम, अदिति साहू द्वितीय और उनेज़ा अली तृतीय रहीं। क्विज में काव्या गौतम प्रथम, हिमांशी कप्तान द्वितीय और गरिमा भास तृतीय रहीं। सीनियर वर्ग की पेंटिंग में महिमा प्रथम, यतिका वर्मा द्वितीय और हिमांशी कप्तान तृतीय रहीं, जबकि जूनियर वर्ग में निवेश प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और लाइवा तृतीय रहीं। सह-नोडल प्रवक्ता डॉ. असमा खान ने संचालन किया। कार्यक्रम में प्रमिला माथुर, रचना नामदेव, अभिलाषा जैन, कृति सी. हयारण, ज्योति राय, रुचि पाराशर सहित शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। अंत में प्रधानाचार्य ने आभार जताया।

# फोरेंसिक साइंस वीक में विद्यार्थियों ने किया क्राइम सीन का सजीव प्रदर्शन

- कुलपति प्रो. मुकेश ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच की सराहना की



**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी में इंटरनेशनल फोरेंसिक साइंस वीक 2026 'ज्ञानप्रभा 2.0' के तहत विद्यार्थियों ने विभिन्न जघन्य अपराधों पर आधारित क्राइम सीन का सजीव एवं वैज्ञानिक प्रदर्शन किया। 21 से 26 सितंबर तक आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपराध स्थल की जांच, साक्ष्य संकलन और आधुनिक फोरेंसिक तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराना है। कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार क्राइम सीन का अवलोकन कर उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक विज्ञान वैज्ञानिक सोच, सूक्ष्म अवलोकन और तार्किक विश्लेषण के माध्यम से न्याय व्यवस्था को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीकी ज्ञान के साथ वैज्ञानिक जिज्ञासा, नैतिकता और साक्ष्यों की निष्पक्षता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। प्रदर्शन में हत्या, सीरियल किलिंग और अन्य आपराधिक घटनाओं के घटनास्थलों का पुनर्निर्माण किया गया। विद्यार्थियों ने फिंगरप्रिंट, रक्त के धब्बे, जैविक एवं भौतिक साक्ष्य तथा डिजिटल तकनीक के माध्यम से अपराध की वैज्ञानिक जांच की प्रक्रिया प्रस्तुत की। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के डीन प्रो. आलोक कुमार, इंजीनियरिंग संस्थान के निदेशक प्रो. डीके भट्ट, झांसी फोरेंसिक साइंस लैब के एसएसओ हेमंत कुमार और डॉ. अरविंद यादव ने क्राइम सीन का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को सुझाव दिए। डॉ. आकाश कुमार, मुरली मनोहर यादव, चंदन नामदेव, आकाश मृत्युंजय और शोधार्थी अंकिता सिकोरिया सहित अन्य शिक्षक एवं शोधार्थियों ने सहयोग किया।

# व्यापारियों ने प्रदर्शन कर यूपीआई पर एमडीआर का जताया कड़ा विरोध



- प्रधानमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा
- व्यापारियों ने की यूपीआई एमडीआर वापस लेने की मांग

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**

यूपीआई एमडीआर को वापस लेने की मांग तेज होने लगी है। इस मुद्दे को लेकर आंदोलित व्यापारी यूपीआई एमडीआर को वापस लेने के लिए मुखर होकर मांग करने लगे हैं। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला इकाई ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर यूपीआई एमडीआर वापस लेने की मांग की। जिला उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश सराफ के नेतृत्व में सोमवार को व्यापारियों का जत्था कलक्ट्रेट पहुंचा। यहां मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट दिनेशचंद्र को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था को लेकर अपनी नाराजगी जताई और कहा कि डिजिटल भुगतान की व्यवस्था को सरल और शुल्कमुक्त रखा जाना चाहिए। पिछले कई वर्षों में यूपीआई व डिजिटल भुगतान के प्रचलन को काफी बढ़ावा मिला है। अर्थव्यवस्था को पारदर्शी व सुविधाजनक बनाने में भी योगदान दिया है। ऐसे समय में एमडीआर का अतिरिक्त भार लागू होने से छोटे व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं में डिजिटल भुगतान के प्रति अनावश्यक हिचक पैदा होने की आशंका है। डिजिटल भुगतान की गति प्रभावित होने के साथ नगद अर्थव्यवस्था के बढ़ने की संभावना भी पैदा हो सकती है। यूपीआई भुगतान को बढ़ावा देने के नाम पर अब कारोबारियों पर अतिरिक्त शुल्क का भार डालने की तैयारी की जा रही है। इससे छोटे और मध्यम व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। व्यापार मंडल ने यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर न लागू करने और यूपीआई भुगतान व्यवस्था को पूर्णतरू शुल्क मुक्त रखने के विकल्प पर पुर्नविचार की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष संतोष गुप्त अनशनकारी, पंकज शिवहरे, राजू गुप्ता, कमल गुप्ता, अनिल तिवारी, हिमांशु गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता रिंकू समेत बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल रहे।

## कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

**बांदा।** बदौसा थाना क्षेत्र के महुराई दुबरिया गांव निवासी अमरजीत पटेल (36) पुत्र हरिप्रसाद पटेल सोमवार की सुबह ई-रिक्शा लेकर बदौसा जा रहा था। सामने से आ रही कार की ई-रिक्शा से भिड़ंत हो गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी अतर्रा में उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई रामसुहावन ने बताया कि अमरजीत ई-रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने रिक्शा को अपने कब्जे में ले लिया।

# दुनिया के बाजार में जालौन की दस्तक यूपीआईटीएस में पांच उद्यमी करेंगे प्रतिनिधित्व

- लकड़ी के खिलौने, गौ-निर्मित उत्पाद और स्थानीय खाद्य उत्पादों तक में दिखेगी जालौन की पहचान



**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**

बुंदेलखंड की धरती पर अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाला जनपद जालौन अब वैश्विक मंच पर अपने हुनर और उद्यमिता की छाप छोड़ने को तैयार है। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (UPITS)-2026 में जालौन के पांच उद्यमी अपने स्थानीय उत्पादों के साथ देश-दुनिया के खरीदारों के सामने जनपद की औद्योगिक क्षमता का प्रतिनिधित्व करेंगे। 24 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, नॉलेज पार्क-2 में आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में 80 देशों की भागीदारी के बीच जालौन के उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने का अवसर मिलेगा। डीएम समीर ने जिले में उद्योगों के विस्तार और स्थानीय उद्यमिता को नई गति देने पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए हैं कि जालौन के पारंपरिक उत्पादों के साथ-साथ छोटे और बड़े उद्योगों को भी आगे लाकर उनकी पहचान और बाजार को व्यापक बनाया जाए। उन्होंने उद्योग विभाग को स्थानीय उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग, विपणन और बाजार उपलब्धता के लिए प्रभावी प्रयास करने व ऐसे उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं, जिनमें उत्पादन बढ़ाने और नए रोजगार सृजित करने की क्षमता है। डीएम के निर्देशों के क्रम में यूपीआईटीएस जैसे बड़े मंचों को जालौन के उद्यमियों के लिए कारोबारी विस्तार के अवसर के रुप में देखा जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर जालौन की औद्योगिक और स्थानीय पहचान को प्रदर्शित करने के लिए जिले से पांच प्रतिभागियों को स्टॉल आवंटित किए गए हैं। इनमें कालपी का प्रसिद्ध हाथ कागज उद्योग प्रमुख आकर्षण रहेगा। ओडीओपी और जीआई टैग के माध्यम से कालपी के हाथ कागज को पहले ही विशिष्ट पहचान मिल चुकी है, और अब इसे अंतरराष्ट्रीय बाजार के सामने प्रस्तुत करने का अवसर मिला है।

### पार्टी का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का पारदर्शी निस्तारण कराना: अनिल

**उरई(जालौन)।** शहर के रोड वेज बस स्टैंड के पास स्थित अपना दल (एस) कार्यालय में सोमवार को जिलाध्यक्ष ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण को तत्काल संबंधित अधिकारियों से बात की। इस मौके पर दो समस्याओं का निस्तारण किया गया। अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने पार्टी के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को पार्टी कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे आम नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याओं से जिलाध्यक्ष को अवगत कराया। जनसुनवाई के दौरान जिलाध्यक्ष व प्रदेश सदस्य रोहित राठौर ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसमस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों को तत्काल दूरभाष व पत्राचार के माध्यम से निस्तारण हेतु निर्देशित किया। त्वरित कार्रवाई के चलते दो प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही समाधान करा दिया गया, जिससे आवेदकों को राहत मिली। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य जन-जन की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण कराना है। उन्होंने कहा कि हर सोमवार को कार्यालय पर आयोजित होने वाली यह जनसुनवाई आम जनता की समस्याओं के समाधान का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है।

# दो भाइयों को अगवा कर सात लाख की रंगदारी मांगी

- सब-रजिस्ट्रार कार्यालय से कार में ले गए, बंधक बनाकर पीटा

**महोबा।** महोबा के सब-रजिस्ट्रार कार्यालय से दो भाइयों को जबरन कार में बैठाकर ले जाने, बंधक बनाकर मारपीट करने और रंगदारी मांगने का आरोप लगा है। पीड़ितों का दावा है कि आरोपियों ने उनसे 7 लाख रुपए मांगे और 3 लाख 90 हजार रुपए लेने के बाद उन्हें छोड़ दिया। थाने में सुनवाई नहीं होने पर सोमवार दोपहर 3 बजे दोनों भाई एसपी कार्यालय पहुंचे और शिकायत की। दोनों भाई एसपी कार्यालय पहुंचे और शिकायत की। हालांकि, पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया अगवा किए जाने के तथ्य सामने नहीं आए हैं। खन्ना निवासी शिवशंकर सोनी अपने भाई रविशंकर, पत्नी अनीता और रिश्तेदार संत कुमारी के साथ 2100 वर्गफीट के प्लॉट की रजिस्ट्री कराने सब-रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे थे। पीड़ितों के मुताबिक, इसी दौरान सिरसी गांव निवासी तीन नामजद आरोपी पांच अज्ञात लोगों के साथ कार्यालय पहुंचे। आरोप है कि रजिस्ट्री रुकवाने के इरादे से शिवशंकर और रविशंकर को जबरन बाहर घसीटकर कार में बैठा लिया गया। पीड़ितों का दावा है कि घटना कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

- स्कूली वाहन चालकों के चरित्र प्रमाण सत्यापन के दिए निर्देश



**सम्रद्धि न्यूज, महोबा।**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसमे जिलाधिकारी द्वारा निम्न आदेश दिए गए। एआरटीओ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों के ऐसे वाहन जिनके द्वारा फिटनेस बीमा का कार्य पूर्ण नही कराया गया है या जिन वाहनों के फिटनेस बीमा की वैद्यता समाप्त हो रही है, उनको पूर्ण कराया जायें।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/ जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा को निर्देशित किया गया कि जनपद के स्कूली वाहनों के चालकों का चरित्र सत्यापन का कार्य पूर्ण कराया जायें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/ जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा को निर्देशित किया गया कि विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कराते हुये अनुपालन आख्या प्रेषित की जायें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा को निर्देशित किया गया कि महिला विद्यालयों की बसों में महिला अटेन्डेन्ट एवं पुरुषों विद्यालयों की बसों में पुरूष अटैन्डेन्ट नियुक्त किये जायें। लोक निर्माण विभाग एनएच, एनएचए आईनगर पालिका परिषद को निर्देशित किया गया कि जिन मार्गों में झॉडियों के कारण दुर्घटना होने की सम्भावनायें है, उनको प्राथमिकता से मार्गो से हटवाया जायें, जिससे मार्गो की दृश्यता स्पष्ट हों। उपरोक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा), उपजिलाधिकारी महोबा, चरखारी, कुलपहाड़, क्षेत्राधिकारी पुलिस महोबा, अधिशासी अभियन्ता, निरख-1/प्राख, लोनिवि, महोबा, एआरटीओ महोबा, यातायात प्रभारी महोबा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## सूचना

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश KUMARI BHABANA दर्ज हो गया है, जबकि मेरे हाईस्कूल व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम KUMARI BHAWANA दर्ज है, जो सही है। सही नाम मेरे आधार कार्ड में दर्ज करने की कृपा करें। **कुमारी भावना पुत्री राकेश कुमार निवासी ग्राम करनपुर ज्योता, वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद।**

# नहीं मिला सरकारी आवास, झोपड़ी में गुजर-बसर करने को मजबूर महिला

- गरीब परिवार को अब भी पक्के आशियाने का इंतजार
- जिम्मेदारों से लगाई मदद की गुहार

समृद्धि न्यूज, डलमऊ रायबरेली।


झोपड़ी के बाहर बच्चो के साथ खड़ी महिला

दीनशाह गौरा के सुल्लाहदो गांव की रहने वाली अर्चना कुमारी ने अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर पक्के मकान की मांग की है। अर्चना का कहना है कि उनका परिवार पिछले करीब पांच वर्षों से झोपड़ी में रहकर गुजर-बसर करने को मजबूर है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है कि वह स्तर पक्का मकान बनवाने में सक्षम नहीं हैं। बरसात, ठंड और गर्मी के मौसम में झोपड़ी में रहना परिवार के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। उनका कहना है कि कई वर्षों से वह सरकारी आवास योजना के तहत पक्के मकान की उम्मीद लगाए बैठी हैं, कई बार उच्च अधिकारियों से आवास की गुहार भी लगाई लेकिन अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीण महिला ने प्रदेश सरकार की ओर से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के दावों का हवाला देते हुए सवाल उठाया कि जब सरकार हर जरूरतमंद को आवास उपलब्ध कराने का दावा करती है यदि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में पात्र परिवारों तक पहुंच रहा है तो उनका परिवार आज भी झोपड़ी में रहने को क्यों मजबूर है। अर्चना ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि मामले की जांच कराकर पात्रता के आधार पर उनके परिवार को सरकारी आवास योजना का लाभ दिलाया जाए।

# जिला जेल में महिला बंदियों के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।


कैदियो को सम्बोधित करती जिलाधिकारी

एनटीपीसी ऊंचाहार ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत जिला कारागार में महिला बंदियों के लिए ÷मूंज शिल्पकला कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम÷ का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला बंदियों को पारंपरिक मूंज शिल्पकला में कौशल प्रदान कर उन्हें रचनात्मक एवं आजीविका उन्मुख गतिविधियों से जोड़ना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका रहीं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने महिला बंदियों को कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में अवसर प्रदान करने के लिए एनटीपीसी ऊंचाहार की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख एनटीपीसी ऊंचाहार बिश्व मोहन सिंह ने अपने संबोधन में महिला बंदियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कौशल विकास न केवल आत्मविश्वास बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि भविष्य में आत्मनिर्भरता एवं सम्मानजनक आजीविका की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा सीखी गई कला को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मूंज शिल्पकला प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को मूंज से विभिन्न उपयोगी एवं सजावटी उत्पाद तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## शिक्षक पर जानलेवा हमले के मामले में अरैल चौकी प्रभारी निलंबित

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** रामनगर चौराहे के पास कोचिंग से घर जा रही मां-बेटियों के साथ अभद्रता और विरोध करने पर लड़कियों के मामा पर जानलेवा हमले के मामले में अरैल चौकी प्रभारी राजेश बाजपेयी को निलंबित कर दिया गया है। जबकि, दो दिन पहले थाना प्रभारी बृज किशोर गौतम का स्थानांतरण हुआ था। पुलिस अब तक छह हमलावरों को गिरफ्तार कर चुकी है। नैनी के शिवनगर इलाके की मंजू तिवारी अपनी दो बेटियों के साथ शनि मंदिर स्थित कोचिंग से घर लौट रही थीं। आरोप है कि रामनगर चौराहे के पास बाइक सवार विशाल भारतीय और विशाल पाल रास्ता रोककर बदसलूकी करने लगे। विरोध करने पर गाली गलौच शुरू कर दी।

# होली रोजरी चर्च की 125वीं सालगिरह धूमधाम से संपन्न



समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।

सेंट जोसेफ कॉलेज परिसर में स्थित ऐतिहासिक 'होली रोजरी चर्च' की 125वीं सालगिरह रविवार (20 सितंबर) को अत्यंत भव्यता और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ चर्च के इंचार्ज फादर रॉबर्ट सुनील नौरोना एवं मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और प्रार्थना सभा के साथ हुआ।

प्रयागराज धर्मप्रांत के बिशप लुइस मस्करेनस ने भावपूर्ण आराधना के साथ सभी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह में बच्चों ने मनमोहक प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर चर्च के 125 वर्षों के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए बताया गया कि इसकी स्थापना में कालाकांकर के राजा रामपाल जी का अतुलनीय योगदान रहा था। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के दौरान चर्च में सेवा दे चुके पूर्व पुरोहितों—फादर रत्नेश मसीह, फादर डेमियन गोम्स, फादर संतोष कुमार एक्वेस्ट, फादर आनंद के. वी. जान, फादर ज्ञान प्रकाश, फादर प्रभुनाथ और फादर जॉर्ज रोड्रिग्स को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। बिशप लुइस मस्करेनस ने अपने संबोधन में कहा कि दया, क्षमा, करुणा, समर्पण और सर्वधर्म समभाव के माध्यम से ही भारत को सुंदर व सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में फादर प्रेम प्रकाश लाकड़ा ने बिशप महोदय एवं उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया, वहीं फादर रॉबर्ट सुनील नौरोना ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर जान कुजूर, हिलेरियस कुजूर, प्रसनजीत चरण, शिशिर यादव, अर्पित बनर्जी और अमित सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को कड़ी सुरक्षा के बीच प्रयागराज लाया गया

- एडीजे कोर्ट में किया गया पेश

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।



माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को पुलिस झांसी जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच प्रयागराज कोर्ट लेकर पहुंची। अली को धमकी, रंगदारी और जान से मारने की कोशिश से जुड़े मामले में एडीजे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, अली को झांसी जेल से प्रयागराज लाए जाने की जानकारी बेहद गोपनीय रखी गई थी। उसके काफिले के पीछे उसका भाई अहमज भी वाहन से चल रहा था। कौशांबी में पुलिस ने अहमज की गाड़ी को रोककर पूछताछ की और काफिले के पीछे चलने से मना किया। इसी मामले में अतीक अहमद के गुर्गे असद कालिया को भी कासगंज जेल से प्रयागराज कोर्ट में पेश किया जाना है। दोनों की पेशी को देखते हुए प्रयागराज कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। इससे पहले 8 अगस्त को अली को उसके छोटे भाई अबान के सुपुर्द-ए-खाक में शामिल होने के लिए प्रयागराज लाया गया था। उस दौरान हाईकोर्ट ने अली के भाई उमर को पैरोल दी थी।

वहीं, 6 अगस्त को झांसी में हाईवे पर कार डिवाइडर से टकराने के बाद अबान की मौत हो गई थी।

# जयकारों व ढोल-नगाड़ों के साथ 'कटरा के राजा' गणपति का विसर्जन

समृद्धि न्यूज, कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़।



नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज के वार्ड नंबर 7 दुनियागंज में आयोजित सात दिवसीय गणपति महोत्सव का रविवार की रात श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हो गया। 'कटरा के राजा' के नाम से प्रसिद्ध भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम एवं वैदिक विधि-विधान के साथ किया गया।

गणपति विसर्जन यात्रा दुनियागंज से प्रारंभ होकर कटरा मेदनीगंज बाजार होते हुए खजोहरी नहर तक पहुंची। ढोल-नगाड़ों की धुन और 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के गगनभेदी जयकारों के बीच श्रद्धालु झूमते-नाचते नजर आए। यह यात्रा कटरा चौराहे से होकर पुनः विसर्जन स्थल पहुंची, जहां रास्ते भर श्रद्धालुओं के बीच फल एवं प्रसाद का वितरण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। कटरा मेदनीगंज चौकी इंचार्ज अभिषेक वर्मा पुलिस बल के साथ यात्रा के दौरान मुस्तैद रहे और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। अंत में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से गणपति बप्पा को विदाई दी और खजोहरी नहर में प्रतिमा का विसर्जन किया। इस धार्मिक आयोजन में विशाल सोनी, अमन जायसवाल, विकास प्रजापति, कुशल जायसवाल, प्रियांशु जायसवाल, रिंकू सोनी समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पट्टी कोतवाली में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली परिसर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी और हड़कंप मच गया, जब एक 22 वर्षीय युवक ने कोतवाली स्थित बाथरूम में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान अर्जुन के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने एक युवती को बरामद कर कोतवाली लाया था। युवती के पीछे-पीछे उसका कथित प्रेमी अर्जुन भी कोतवाली पहुंच गया। बताया जा रहा है कि इस मामले में युवती के बयानों के आधार पर पूर्व में भी मुकदमा दर्ज किया जा चुका था। हाल ही में दोबारा एफआईआर दर्ज होने से युवक काफी आहत और नाराज चल रहा था। कोतवाली परिसर में मौजूदगी के दौरान अर्जुन ने बाथरूम जाने की बात कही।

### अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

**रायबरेली।** जिला जनगणना अधिकारी अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) सहदेव मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर आशुतोष तिवारी एवं जिला प्रभारी जनगणना काजल रानी ने जनगणना के द्वितीय चरण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों को विस्तार से प्रशिक्षण दिया। इस दौरान जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की कार्ययोजना एवं रणनीति, आवश्यक कार्मिकों की उपलब्धता, कार्मिकों के प्रशिक्षण, कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा स्वगणना के व्यापक प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्वगणना का कार्य 16 नवंबर से 20 नवंबर 2026 तक कराया जाएगा। इसके उपरांत मुख्य जनगणना कार्य 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक चलेगा। प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए जनगणना कार्य को व्यवस्थित, समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने की रणनीति तैयार की गई।

### अस्पताल की भूमि के सीमांकन के लिए एसडीएम को भेजा पत्र

**चांदा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा की भूमि पर अतिक्रमण के प्रयास के बाद अस्पताल प्रशासन ने भूमि के सीमांकन की पहल की है। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरसी यादव ने सोमवार को उपजिलाधिकारी लंभुआ को पत्र भेजकर अस्पताल के नाम दर्ज भूमि के सीमांकन की मांग की। अस्पताल प्रशासन के अनुसार खतौनी में अस्पताल के नाम गाटा संख्या 449 दर्ज है, जिसका रकबा 0.583 हेक्टेयर है। रविवार को सीएचसी गेट के बगल स्थित सरकारी भूमि पर निर्माण का प्रयास किए जाने की सूचना पर चिकित्सा अधीक्षक मौके पर पहुंचे और काम रुकवाया। उन्होंने चांदा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को भी इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। बताया गया कि अस्पताल परिसर के आसपास सरकारी भूमि पर पूर्व में भी दुकानों के निर्माण को लेकर सवाल उठते रहे हैं। इन दुकानों के संबंध में राजस्व अभिलेख में कोई रिकॉर्ड दर्ज नहीं होने की बात कही गई है। अब सीमांकन के बाद भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

### पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ समापन

**लंभुआ।** ब्लॉक संसाधन केंद्र लंभुआ में निपुण भारत मिशन के तहत मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान विषय पर आयोजित पांच दिवसीय गैर-आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। अगस्त माह से शुरू हुआ प्रशिक्षण विभिन्न चरणों में एक माह से अधिक समय तक संचालित किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी शिवशंकर मिश्र ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को बाल-केंद्रित, गतिविधि आधारित एवं प्रभावी शिक्षण की नवीन तकनीकों से परिचित कराना है। उन्होंने प्रशिक्षण में सीखी विधियों और शिक्षण-अधिगम सामग्री का विद्यालयों में प्रभावी उपयोग करने पर जोर दिया।

# रानीगंज के निजी अस्पताल में प्रसव के बाद प्रसूता की मौत

## ताला बंद कर संचालक फरार, स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की जांच

समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।






रानीगंज क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद 26 वर्षीय महिला की हालत बिगड़ने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल संचालक ताला बंद कर मौके से फरार हो गए। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, राजापुर गांव निवासी खुशबू जायसवाल (26) पत्नी आकाश जायसवाल को प्रसव हेतु रानीगंज स्थित पार्थ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहाँ उन्होंने एक नवजात बच्ची को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के करीब एक से दो घंटे बाद खुशबू को अत्यधिक रक्तस्राव (ब्लीडिंग) होने लगा, जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी। अस्पताल प्रबंधन ने दो यूनिट रक्त की आवश्यकता जताई। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जौनपुर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में तबीयत और बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज ले गए। वहाँ चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मामले में डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि प्रसूता की मौत की सूचना मिली है। स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित कर जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने पर अस्पताल प्रशासन के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले में पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 8 साल से फरार 25 हजार का इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने करीब आठ साल पहले हुई हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी मोहम्मद हारुन (57 वर्ष) को सोमवार दोपहर करीब तीन बजे गुजवर के प्राथमिक विद्यालय के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, ग्राम गुजवर निवासी मोहम्मद जमील अहमद ने अपने भाई मोहम्मद मुन्ना की संदिग्ध मौत को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

घटना के बाद से आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

# राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रखर नेता विनय कटियार का भव्य स्वागत

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।

राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख चेहरों में शामिल रहे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अयोध्या के पूर्व सांसद, पूर्व राज्यसभा सांसद, बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय कटियार सोमवार को प्रयागराज पहुंचे। प्रयागराज आगमन पर उन्होंने फूलपुर विधायक दीपक पटेल एवं पूर्व सांसद केशरी देवी पटेल के आवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। आवास पर पहुंचने पर विधायक दीपक पटेल एवं पूर्व सांसद केशरी देवी पटेल ने विनय कटियार का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनसे संगठन व जनसेवा से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी ने बताया कि वरिष्ठ भाजपा नेता विनय कटियार ने दीपक पटेल और केशरी देवी पटेल से क्षेत्र के विकास, संगठनात्मक गतिविधियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बातचीत के दौरान विनय कटियार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक रीढ़ हैं और जनप्रतिनिधियों को जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सांसद केशरी देवी पटेल ने कहा कि विनय कटियार जी का मार्गदर्शन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। वहीं विधायक दीपक पटेल ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के अनुभव से क्षेत्र के विकास को और गति मिलती है।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत कारीगरों को मिलेगा प्रशिक्षण व टूलकिट का लाभ

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि प्रदेश सरकार द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाते हुए अब इसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 के नाम से संचालित किया जा रहा है। इस योजना का शुभारम्भ मुख्यमंत्री ने बीते 17 सितम्बर को किया है। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत 11 परम्परागत ट्रेडा बढ़ई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, नाई, राजमिस्त्री, सुनार, टोकरी बुनकर, हलवाई, धोबी एवं मोची के साथ 05 नये परम्परागत ट्रेड मूर्तिकार, मालाकार, दूधवाला, भरभूंजा एवं मछुआरा तथा 09 आधुनिक ट्रेड मोबाइल मरम्मत, ऑटोमोबाइल मरम्मत, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की मरम्मत, विद्युत सामान की मरम्मत, प्लम्बर, कम्प्यूटर मरम्मत, सोलर इंस्टॉलेशन, डिजिटल फोटोग्राफी एवं सौन्दर्य वेलनेस को शामिल किया गया है। इस प्रकार कुल 25 ट्रेडों में कार्यरत कारीगरों को योजना का लाभ दिया जायेगा। योजना के अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों को 10 दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा तथा प्रशिक्षण के उपरान्त उन्नत एवं निःशुल्क टूलकिट उपलब्ध करायी जायेगी। उपायुक्त उद्योग ने इच्छुक कारीगरों से योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए बताया कि योजना की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सिविल लाइन्स, रायबरेली से सम्पर्क किया जा सकता है।

# पक्की सडक गड्ढों में तबदील, राहगीर गिर कर हो रहे घायल

समृद्धि न्यूज, डीह - रायबरेली।



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत छः वर्ष पूर्व बनी सुन्दर गंज चौराहे से पूरे बक्सी तक लगभग 12किलोमीटर सड़क बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई जिससे इस मार्ग पर चलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है आए दिन बाइक सवार सड़क पर बने गड्ढों में गिर गिर का दुर्घटना का शिकार बन रहे है और विभागीय अधिकारी कुंभकर्णी निंद्रा में सो रहे है। इस मार्ग पर हर माह जगदीशपुर, जायस मोहनगंज,बहादुरपुर आदि जगहों से हजारों की संख्या में गंगा स्नानार्थी पूर्णिमा को गंगा स्नान करने गोकना घाट जाते है वहीं इसी मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीह भी स्थित है जहां प्रतिदिन सैकड़ों मरीज व दुर्घटना व गंभीर मरीजों को एंबुलेंस गड्ढे युक्त मार्ग से लेकर जाने को मजबूर है इस क्षेत्र के हजारों छात्र छात्राएं डीह स्थित विद्यालयों के शिक्षा ग्रहण करने साइकिल से आते जाते है और प्रतिदिन कोई न कोई छात्र छात्राएं सड़क पर बने इन गड्ढों में गिर कर घायल होते है। यह सड़क ठेकेदार द्वारा 28मई 2020 को निर्माण कार्य पूरा किया और ठेकेदार द्वारा सड़क का रख रखाव 28मई 2025 तक था समाप्ति तारीख के बाद ठेकेदार का रख रखाव का कार्य समाप्त होने के बाद नए टेंडर विभाग को उठाने थे डेढ़ वर्ष बीत गया इस मार्ग को विभाग नजर अंदाज कर कुम्भकरणी नींद में सो रहा है। हजारों लोग अपने जान को जोखिम में डाल कर इस मार्ग पर आने जाने को मजबूर है क्षेत्रीय ग्रामिणों ने जिला अधिकारी से इस सड़क को लोक निर्माण विभाग से बनवाए जाने की मांग की है।

## सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए नहीं बिका नामांकन पत्र

**समृद्धि न्यूज, सलोन रायबरेली।** नगर पंचायत सलोन के रिक्त अध्यक्ष पद पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन पत्रों की खरीदारी पूरी तरह ठंडी रही। सोमवार को एक भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र नहीं खरीदा। जबकि इससे पहले लगातार दो दिनों में 12 उम्मीदवारों ने कुल 20 नामांकन पत्र खरीदे थे। विदित हो कि नगर पंचायत सलोन के रिक्त अध्यक्ष पद पर उपचुनाव कराने के लिए शासन स्तर से 13 अक्टूबर को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। नामांकन प्रक्रिया के तहत 25 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जिसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। एआरओ अखिलेश पांडे ने बताया कि सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए एक भी नामांकन पत्र की बिक्री नहीं हुई।

## सुल्तानपुर सीट से बसपा ने इम्तियाज अहमद भुट्टो को बनाया प्रत्याशी



**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के बीच बहुजन समाज पार्टी ने सुल्तानपुर विधानसभा सीट से इम्तियाज अहमद उर्फ 'भुट्टो' को प्रत्याशी घोषित किया है। सोमवार को सुल्तानपुर पहुंचे बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने तिकोनिया पार्क में मीडिया से बातचीत के दौरान इसकी घोषणा की।

इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि बसपा 2027 का विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी वर्ष 2007 की तर्ज पर जनता के बीच जाकर चुनाव लड़ेगी।

# दरियापुर लेबर अड्डे का डीएम ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।



जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को दरियापुर ओवरब्रिज के नीचे स्थित लेबर अड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद श्रमिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। डीएम ने श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया।

दरियापुर में लेबर अड्डा श्रमिकों को एक स्थान पर रोजगार उपलब्ध कराने के साथ स्वास्थ्य, सुरक्षा और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से बनाया गया है। प्रशासन ने इसका दोबारा संचालन शुरू कराया है। अधिकारियों के अनुसार आने वाले दिनों में यहां श्रमिकों का पंजीकरण कराने के साथ योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल कैंप लगाने की भी तैयारी है। इसमें एक्स-रे मशीन, मोबाइल एंबुलेंस और मोबाइल मेडिकल यूनिट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है।

प्रशासन लेबर अड्डे को श्रमिकों के लिए स्थायी सुविधा केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है।

## शंभूगंज व हलियापुर में खुलेंगे नए गन्ना क्रय केंद्र कुड़वार की बढ़ेगी क्षमता

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** गन्ना विकास समिति सुलतानपुर-अमेठी की सामान्य निकाय बैठक में किसानों की सुविधा के लिए शंभूगंज और हलियापुर में नए गन्ना क्रय केंद्र खोलने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके साथ ही कुड़वार क्रय केंद्र के कांटे की क्षमता बढ़ाने और समिति कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था किए जाने पर भी सहमति बनी। सोमवार को रुद्रनगर स्थित समिति कार्यालय परिसर में किसान सट्टा प्रदर्शन मेला और सामान्य निकाय की बैठक आयोजित हुई। इसका शुभारंभ भाजपा जिला प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, समिति चेयरमैन शिवपाल सिंह गांधी और विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण तिवारी ने किया।

## व्यापारी समस्याओं को लेकर बैठक, सदस्यता अभियान पर जोर




समृद्धि न्यूज, लम्भुआ।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से सोमवार को लम्भुआ बाजार में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जयशंकर त्रिपाठी के कैंप कार्यालय पर व्यापारी बैठक एवं सदस्यता अभियान आयोजित किया गया। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष विभव बरनवाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री रविन्द्र त्रिपाठी रहे। बैठक में व्यापारियों ने विद्युत आपूर्ति, सड़क पर जलभराव, फूड विभाग की कार्रवाई, जीएसटी व बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं तथा कथित अवैध वसूली के मुद्दे उठाए। समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि संगठन की ताकत उसके सदस्य और कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से अधिक से अधिक व्यापारियों को सदस्य बनाने का आह्वान किया।

निष्क्रिय पदाधिकारियों के स्थान पर सक्रिय सदस्यों को जिम्मेदारी देने की बात भी कही।

# डॉ हरिगोविंद शाक्य हरि को मिला 'डी लिट' मानद सम्मान

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

जनपद के प्रख्यात कवि, साहित्यकार एवं पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य हरि को उनकी सुदीर्घ हिंदी सेवा, सारस्वत साधना, कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों,शैक्षिक प्रदेयों,महनीय शोध कार्य, सेवा कार्य करने ,पर्यावरण प्रहरी के रूप में कार्य करने तथा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा विद्यासागर (डी लिट) मानद सम्मान प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें विद्यापीठ की अकादमिक परिषद की अनुशंसा पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित काशी हिंदी विद्यापीठ के विशेष सम्मान समारोह में विद्यापीठ के कुलाधिपति सुखमंगल सिंह मंगल, कुलपति डॉ संभाजी राजाराम बातिस्कर, कुल सचिव डॉ इंद्रजीत तिवारी निर्भीक के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। ज्ञातव्य है कि डॉ हरिगोविंद शाक्य हरि को पूर्व में दर्जनों सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।



उनके कई ग्रंथ व पुस्तकें एवं साझा संकलन प्रकाशित हो चुके हैं। कई पुस्तकें प्रकाशन की राह पर हैं। कई पत्र पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं। यह सम्मान प्राप्त होने पर डॉ हरिश्चंद्र शाक्य मैनपुरी, डॉ नरेंद्र संगम, रूपलाल रूप, पूर्व सांसद प्रो रामबख्श सिंह वर्मा, अध्यापक श्रीपाल वर्मा, भारत सिंह वर्मा, भारत सिंह प्रजापति, डॉ सीबी सिंह, राजेश शाक्य एडवोकेट, योगाचार्य सत्यराम यादव, श्रीकृष्ण आर्य, बदन सिंह मस्ताना, आरएस कुशवाहा लखनऊ, डॉ महेंद्र नारायण मौर्य, डॉ छोटेलाल मौर्य वाराणसी, चंद्र प्रकाश चंद्र रायबरेली, कुमार विवेक कन्नौज ,डॉ त्रिमोहन तरल आगरा, डॉ पदमसिंह यादव पदम, प्रेमचंद शाक्य, आदित्य विक्रम सिंह, शिव प्रताप शाक्य एडवोकेट, रमेशचंद्र बौद्ध, आशुतोष कश्यप, यश मिश्रा, डॉ अरविंद पाल, पहुंची लाल धनगर शिकोहाबाद, सत्यप्रकाश शाक्य, हरिओम सिंह विमल इटावा, साधना यादव, दीपमाला शाक्य दीप, सुभाष चंद्र दुबे धाकड़, विनोद माहेश्वरी, रमेश चंद्र चक, देवेंद्र यादव देव, परशुराम शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमकार शाक्य, डॉ राम प्रकाश शाक्य सहित कई कवियों, साहित्यकारों अध्यापकों एवं जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# सनातन की पहचान है धार्मिक कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।

जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी की ओर से चल रहे श्री गणेश महोत्सव में कई गणमान्य व्यक्तियों ने एक साथ गणेश जी की आरती करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने कहा धार्मिक कार्यक्रम सनातन की एक खास पहचान हैं। ईश्वर से प्रार्थना करूंगा कि यह कार्यक्रम आगे भी इसी प्रकार से संपन्न होता रहे। मैं अधिक से अधिक सहयोग करता रहूंगा। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामानंद वर्मा ने कहा यह कार्यक्रम इसी तरह से आगे भी चलता रहे, इसके लिए मैं तन मन धन से सहयोग करता रहूंगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा यहां के गणेश पंडाल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम अद्वितीय हैं। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने कहा यहां का गणेश महोत्सव पूरे भक्तिभाव के साथ संपन्न होने से शहर में प्रथम स्थान प्राप्त करता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में ÷मैं तुमको पुकारू गणराज गजानन आजाओ% भजन पर यशिका रानी, महक, आयुषी, अंशिका, काव्या ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष नरेश वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, उषा उपाध्याय, दिलीप गुप्ता, सजल गुप्ता, सौरभ दुबे, मोनू दुबे, निगम दुबे, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, नरेश चंद्र गुप्ता गोल्डी मसाले, सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुपम वर्मा, पप्पू गुप्ता बेवर, राजीव शुक्ला, प्रेम चतुर्वेदी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने एक साथ भगवान श्री गणेश जी की आरती की। समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह से अतिथियों का को सम्मानित किया।



# नगर में आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विद्युत उपकेंद्र छिबरामऊ प्रथम से पोषित टाउन-1 फ़ीडर पर जर्जर तार बदलने हेतु 20 सितंबर रविवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जेई करन जायसवाल ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी रवींद्र कुमार के निर्देशानुसार 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र छिबरामऊ प्रथम से निर्गत टाउन-1 फ़ीडर पर जर्जर तार बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस कारण मेन मार्केट, कस्साबान, नगरपालिका, एजेंटी, सौरिख तिराहा, बजरिया, बनवारी नगर एवं इससे जुड़े आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति22 सितंबर मंगलवार को प्रातः 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने समस्त उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि अपनी दैनिक आवश्यकता के अनुसार पानी व अन्य जरूरी कार्य समय से पहले पूरा कर लें। कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति यथाशीघ्र बहाल कर दी जाएगी।

# शिक्षक नेताओं ने विद्यालयों की समस्याएं निस्तारित करने की उठाई मांग

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शिक्षक प्रतिनिधियों ने खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य से मिलकर विगत दिनों दिए गए ज्ञापन पर प्रगति की जानकारी ली। शिक्षक नेताओं ने उन्हें जानकारी देते हुए बताया कि अभी भी अधिकतर विद्यालयों में सफाई कर्मी रोस्टर के अनुसार नहीं पहुंच रहे हैं। खंड विकास अधिकारी ने शिक्षकों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए अभी तक हुई प्रगति के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि विद्यालय संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु एडीओ मृदुल दुबे को नामित कर दिया है। उन्होंने कहा आप सभी प्रधानाध्यापकों से अनुरोध है तत्काल अपने सेक्रेटरी और ग्राम प्रधान से संपर्क करें।वर्तमान में कार्य योजनाओं की फीडिंग का कार्य हो रहा है जिसमें प्रत्येक ग्राम विकास अधिकारी से यह प्रमाण पत्र लिया जा रहा है कि विद्यालय में कायाकल्प से संबंधित कोई भी कार्य शेष नहीं है। आप तत्काल संपर्क कर लें और कायाकल्प के अंतर्गत जो भी कार्य विद्यालय में होने हैं उनको लिखित रूप से सचिव और प्रधान को सौंप दें। इस अवसर पे प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्रा, मंत्री सत्येंद्र सिंह यादव, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रभात दुबे, मंत्री श्वेता यादव, राजेश पाठक, शैलेंद्र दुबे, अरुणेश कुमार उपस्थित रहे।



# जेन जी व जेन अल्फा को साइबर सुरक्षा के लिए किया जा रहा जागरूक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** उड़ान संस्कारशाला की ओर से एमसीएमआर (माई कॉम्युनिटी माई रिस्पांसिबिलिटी) अभियान के तहत साइबर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आयोजक गौरव त्रिपाठी (अमर) ने बताया कि अभियान नवंबर तक चलेगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को साइबर सुरक्षा तथा तकनीक के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। मोहल्ला बनवारी नगर में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षणार्थियों के बीच पांच दिवसीय डिजिटल अवेयरनेस निःशुल्क वर्कशॉप आयोजित की गई। सोमवार से शुक्रवार तक प्रशिक्षण, शनिवार को असेसमेंट टेस्ट और रविवार को विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। अभियान के तहत युवाओं को जेन जी अवेयर अवॉर्ड और किशोरों को जेन अल्फा अवेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसमें 10 वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। पहले बैच में जागरूक जेन जी पुरस्कार तिवरियान मोहल्ला निवासी तरु तिवारी को प्रथम तथा मोहल्ला जेरकीला निवासी वंशिका शर्मा को द्वितीय स्थान के लिए दिया गया। वर्कशॉप प्रभारी दिशा दुबे और प्रशिक्षक राजीव कुमार ने बताया कि युवा घर-घर जाकर लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इससे सजग और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने का संदेश दिया जा रहा है।



# न्यू लाइफ हॉस्पिटल्स को सौंपी आयुष्मान कार्ड बनाने की जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।

मुख्य चिकित्साधिकारी कन्नौज के निर्देशानुसार गांव अपनाएं हर पात्र का आयुष्मान बनाएं पहल के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगो का आयुष्मान कार्ड बनाने की जिम्मेदारी न्यू लाइफ हॉस्पिटल्स एंड ट्रामा सेंटर को सौंपी गई है। अस्पताल की तरफ से ग्राम पंचायत सचिवालय कसावा में शिविर लगाकर पहले दिन 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों के 25 आयुष्मान कार्ड बना कर जले में पहले दिन सबसे ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से जारी निर्देश के अनुसार 17 सितम्बर से 17 अक्तूबर तक मनाये जाने वाले सेवा संकल्प अभियान के क्रम में अति महत्वकांक्षी योजनाओ में से एक आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या अधिक उम्र के लोग, जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, उनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। जिसके क्रम में उक्त समस्त आयुष्मान योजनान्तर्गत सूचीबद्ध निजी चिकित्सालय द्वारा 70+ वरिष्ठ नागरिको के लिए 02 कैंप प्रति सप्ताह आयुष्मान कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिससे कि उनका आयुष्मान कार्ड बनाया जा सके। अतः माइक्रो प्लान के अनुसार ग्राम प्रधान, कोटेदार व आशा से समन्वय बैठा कर कैंप का आयोजन करते हुए सम्बंधित ग्राम के 70+ वरिष्ठ नागरिको का आयुष्मान कार्ड बना कर उस ग्राम पंचायत को आयुष्मान कार्ड से संतृप्त करना है। नर्सिंग होम एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉक्टर सरित दुबे से भी इस कार्य में सहयोग की अपेक्षा की गई है।



**पहले दिन कसावा गांव में बने 25 कार्ड**

## खबरें एक नजर में

### ढोल-नगाड़ों की धुन पर निकली गणपति विसर्जन यात्रा




**गुरसहायगंज।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थापित प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का रविवार को श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते और गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विसर्जन से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और आरती उतारी। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ प्रतिमा को विसर्जन स्थल के लिए रवाना किया गया। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान गणेश को विदाई दी। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश को विदा करने के साथ अगले वर्ष उनके पुनः आगमन को लेकर उत्साह भी दिखाई दिया। इस दौरान पूर्व युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, देव गुप्ता, संस्कार चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने श्रद्धा के साथ भगवान गणेश से सुख, समृद्धि और नगरवासियों के कल्याण की कामना की। विसर्जन के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक इंतजाम किए गए।

### हनुमान अंश फिल्म देखने को स्कूली बच्चों में दिखा जोश



**गुरसहायगंज।** नगर के गुरुकुल पब्लिक स्कूल एवं के.सी. एजुकेशन सेंटर के बच्चों में सोमवार को 'हनुमान अंश' फिल्म देखने को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। दोनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने छोटू महाराज सिनेमा हॉल में फिल्म का आनंद लिया। फिल्म के दौरान बच्चों को बाबा नीम करौरी के जीवन, उनके आध्यात्मिक विचारों और प्रभु हनुमान के प्रति उनकी भक्ति के बारे में जानने का अवसर मिला। धार्मिक एवं प्रेरणादायी प्रसंगों ने बच्चों को काफी प्रभावित किया। इस अवसर पर छोटू महाराज सिनेमा हॉल के संचालक शांतनु दुबे ने स्कूली बच्चों के बीच मिष्ठान का वितरण कराया। फिल्म देखने के बाद बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ नजर आया। बच्चे 'सीताराम-सीताराम' का जाप करते हुए सिनेमा हॉल से बाहर निकले। फिल्म ने बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ उन्हें भक्ति, संस्कार और आध्यात्मिक जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण सीख भी दी।

### उत्पीड़न पर खामोशी नहीं, कानून के दरवाजे खटखटाएं



**तिर्वा/कन्नौज।** कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न को लेकर सोमवार को कैप्टन बीपीएस पब्लिक स्कूल में कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) की सचिव पौमेला श्रीवास्तवा ने शिक्षकों, गैर-शिक्षण स्टाफ और छात्राओं को पोश एक्ट-2013 के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी तरह के अनुचित व्यवहार को लेकर चुप रहने के बजाय इसकी शिकायत करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन अनिवार्य है। पीड़ित महिला समिति के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। शिविर में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को डीएलएसए के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। इसके लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क करने को कहा गया। प्रधानाचार्य सतेन्द्र सिंह राठौर, विद्यालय स्टाफ, पैरा लीगल वालंटियर हिमांशु सक्सेना और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

# भूमि की पैमाइश कर जमीन की कराई निशानदेही

- बहवलपुर में चकबंदी प्रक्रिया शुरू
- अधिकारियों ने पूरी की भूमि की आवश्यक कार्रवाई

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

ग्राम बहवलपुर में सरकारी उसर भूमि गाटा संख्या 216 को सोमवार को राजस्व एवं चकबंदी विभाग की टीम ने पैमाइश की। इस दौरान पूरी भूमि की पैमाइश कराकर उसकी निशानदेही कराई गई। पैमाइश के समय चकबंदी एसीओ, कानूनगो अजय कुमार, राजस्व कानूनगो संजीव कुमार, क्षेत्रीय लेखपाल विमल मिश्रा सहित संबंधित विभागों की टीम मौजूद रही। नगर पालिका टीम और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में गाटा संख्या 216 की जमीन की पैमाइश की गई। अधिकारियों ने भूमि की सीमाओं को चिह्नित करते हुए मौके पर आवश्यक कार्रवाई पूरी की।

इस दौरान युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजी. सौरव यादव, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश दुबे, जिलाध्यक्ष चौ. प्रताप सिंह, दिलीप नागर, प्रेमचंद, शिवराज सिंह, आसाराम यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पैमाइश के दौरान मौके पर सुरक्षा व्यवस्था भी बनाए रखी गई और संबंधित अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की।



# पत्रकार ज्ञानेन्द्र गुप्ता के पिता के निधन पर शोक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रामगंज गुरसहायगंज निवासी तिर्वा रोड स्थित दुर्गा बुक डिपो पत्रकार पूर्व सभासद ज्ञानेन्द्र गुप्ता के पिता दिवारी लाल गुप्ता के निधन पर गहरा शोक का माहौल बना हुआ है। पूर्व सभासद ने कहा कि दिवारी लाल गुप्ता एक सरल, सहज और नेकदिल व्यक्ति थे। उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ज्ञात हो कि दिवारी लाल गुप्ता का स्वर्गवास 12 सितंबर 2026 दिन शनिवार को हो गया था। उनकी आत्मा की शांति हेतु तेहरवीं संस्कार 23 सितंबर 2026 दिन बुधवार को दोपहर 2 बजे प्राइमरी पाठशाला के पास, रामगंज गुरसहायगंज में आयोजित होगा। पूर्व सभासद एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रभारी ने सभी शुभचिंतकों से तेहरवीं संस्कार में पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करने की अपील की है।



# आगरा खंड स्नातक-शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर मंथन



**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।** आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रस्तावित मतदान केंद्रों और मतदेय स्थलों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिए। जिले में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए आठ मतदान केंद्र और 12 मतदेय स्थल, जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए आठ मतदान केंद्र और आठ मतदेय स्थल प्रस्तावित किए गए हैं। बैठक में प्रतिनिधियों के सुझावों पर चर्चा के बाद प्रस्तावित स्थलों पर सहमति बनी। डीएम ने बताया कि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन छह जनवरी 2026 को हो चुका है। पात्र स्नातक और शिक्षक मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए सतत पुनरीक्षण जारी है। पात्र लोग फॉर्म-18 व 19 संबंधित तहसील के मतदाता पंजीकरण केंद्र या जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कर सकते हैं। बैठक में एडीएम देवेंद्र सिंह व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार मौजूद रहे।

# तिर्वा में सपा छात्रसभा का सदस्यता अभियान, छात्रों ने ली सदस्यता



**तिर्वा/कन्नौज।** सोने श्री बालिका महाविद्यालय में रविवार को समाजवादी छात्रसभा कन्नौज ने सदस्यता अभियान चलाया। जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित अभियान में छात्र-छात्राओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। अभियान के दौरान युवाओं से सामाजिक न्याय, समान अवसर, लोकतांत्रिक मूल्यों और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर संवाद किया गया। जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा, रोजगार और छात्र हितों के मुद्दों को लेकर समाजवादी छात्रसभा लगातार आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने की बात कही। कार्यक्रम में अमन खान, अनुराधा यादव, जिला उपाध्यक्ष भोला यादव, अर्पित यादव, अंकित कुमार, आलीशान खान, प्रांशु यादव और आदिल खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दो छात्रों ने किया बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज।

70 वीं माध्यमिक विद्यालयीय प्रदेशीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 से 18 सितंबर 2026 के मध्य गोरखपुर जनपद के सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में किया गया। जिसमें कानपुर मंडल की सभी टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नाकआउट दौर में अपनी जगह बनाई। जनपद कन्नौज से कुल चार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर पर प्रतिभाग हेतु हुआ था, जिसमें दो खिलाड़ी मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज से चयनित हुए। छात्र अनमोल दुबे पुत्र शशिधर दुबे कक्षा 11 ष्ट और आलोक कुमार पुत्र शिशुपाल सिंह कक्षा 12، ने कानपुर मंडल की टीम से राज्य स्तर पर बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।



हालांकि क्वार्टरफाइनल में टीम को गोरखपुर से पराजय का सामना करना पड़ा। नगर के मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज में राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने वाले दोनों खिलाड़ियों का प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता द्वारा प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता ने कहा कि ÷हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं, किंतु खिलाड़ी को हर परिस्थिति में अपना बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। इस अवसर पर टीम मैनेजर व शारीरिक शिक्षक अभिषेक कुमार वर्मा ने कहा कि अनमोल दुबे और आलोक कुमार ने जिस लगन और अनुशासन के साथ राज्य स्तर पर विद्यालय और जनपद का प्रतिनिधित्व किया है, वह काबिले तारीफ है। यह सिर्फ दो छात्रों की उपलब्धि नहीं बल्कि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। मैं सभी छात्रों से कहना चाहता हूं कि खेल हमें अनुशासन, टीम भावना और संघर्ष करना सिखाता है। अगर आप नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ मेहनत करेंगे तो एक दिन जरूर प्रदेश और देश स्तर पर अपना नाम रोशन करेंगे। हमारा प्रयास रहेगा कि आने वाले समय में और अधिक खिलाड़ियों को तैयार कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया जाए।

# रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर चला स्वच्छता अभियान



**कन्नौज।** सेवा पखवाड़ा 2026 के तहत सोमवार को जिला गंगा समिति और मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों और युवाओं ने परिसर की सफाई कर कचरा एकत्र किया। साथ ही लोगों को सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया। अभियान के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने और कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की गई। जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी और जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे अजय त्रिपाठी ने रेलवे स्टेशन परिसर में स्वयंसेवकों के साथ सफाई अभियान में सहभागिता की।
अधिकारियों ने युवाओं से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।
स्वयंसेवकों ने यात्रियों व स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में योगी कटियार, निलेश कुमार, शिवम सक्सेना, अंजलि श्रीवास्तव समेत अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# सुनसान रास्ते पर बेहोशी की हालत में मिली युवती

- हालत बिगड़ने पर हायर सेंटर रेफर
- गैंगरेप की आशंका पर पुलिस ने शुरू की जांच

समृद्धि न्यूज़,जलालाबाद।

ब्लॉक क्षेत्र के जलालाबाद सीएचसी मार्ग पर सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवती सुनसान रास्ते पर रिक्शे में बेहोशी की हालत में पड़ी मिली। युवती के शरीर पर चोट के निशान बताए जा रहे हैं।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि युवती रविवार रात से अपने घर से लापता थी। सोमवार को वह घायल अवस्था में सड़क किनारे रिक्शे पर मिली। युवती की मां के अनुसार, बेटी रात में घर से निकली थी, इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। सुबह घायल अवस्था में मिलने की जानकारी पर परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मामले में एक युवक को पूछताछ के लिए रोका है, जबकि अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के आधार पर युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट और युवती के होश में आने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। जसोदा चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



# बाइक व साइकिल की आमने-सामने टक्कर, दो गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रुखाबाद रोड पर बहोरिकपुर गांव के पास बाइक और साइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के मुताबिक थाना जहानगंज क्षेत्र के बेहटा राजापुर टप्पा मंडल, पोस्ट राजपुर निवासी सदाबृक्ष (50) पुत्र मेघनाथ साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान बहोरिकपुर निवासी अमित (40) पुत्र बंटू फर्रुखाबाद से काम खत्म कर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। बहोरिकपुर के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को बेहतर उपचार के लिए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# गणेश विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था परखी

## डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, गोताखोर और एंबुलेंस तैनाती के निर्देश



समृद्धि न्यूज, कन्नौज।

गणेश मूर्ति विसर्जन को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और एसपी विनोद कुमार ने अलियापुर घाट समेत अन्य विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बैरिकेडिंग, प्रकाश, सफाई, पेयजल, यातायात और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाएं परखी। डीएम ने घाटों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग, गहरे और खतरनाक स्थानों पर विशेष निगरानी के साथ प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती के निर्देश दिए। चिकित्सीय टीम और एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने निर्धारित मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और भीड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

एसपी ने पुलिसकर्मियों को ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैद रहने तथा भीड़ व यातायात नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने को कहा। श्रद्धालुओं से सुरक्षा नियमों और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की गई। एएसपी अजय कुमार और एसडीएम सदर वैभव गुप्ता मौजूद रहे।

## सूचना

मेरे पुत्र सुमित का आचरण अच्छा न होने पर उनसे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। सादू पुत्र रूपलाल, निवासी ग्राम निगोह खास, थाना व तहसील छिबरामऊ (कन्नौज)।

# लायंस क्लब का 28वां दायित्व बोध व शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

लायंस क्लब फर्रुखाबाद सिटी का दायित्व बोध एवं शपथ ग्रहण/अधिष्ठापन समारोह ठण्डी सड़क स्थित एक पैलेस में संपन्न हुआ। शुभारम्भ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शरद अग्निहोत्री, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम लायन विश्वरत्न त्रिपाठी एवं अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सपना अग्रवाल ने ध्वज वंदना की और लायंस क्लब के नैतिक सिद्धांतों को रुचि टण्डन ने बताया। चेयरमैन एवं चार्टर अध्यक्ष लायन राजन माहेश्वरी ने सभी का स्वागत किया। सचिव सोनल टण्डन ने सचिव आख्या प्रस्तुत की। अध्यक्षा निमिषा गुप्ता ने कार्यक्रमों के लिये सदस्यों को धन्यवाद दिया। मॉडर्न पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन सौरभ अग्रवाल ने किया। कानपुर से आये हुए पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पंकज श्रीवास्तव ने नव निर्वाचित अध्यक्ष लायन मुदित टण्डन, सचिव सौरभ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोहित गुप्ता को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में स्टार ऑफ द ईवनिंग वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय लायन सुधीर गुप्ता झांसी ने अपने विचार प्रस्तुत किये। वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम लायन विश्वरत्न त्रिपाठी ने कार्यों की सराहना की। स्लोगन सेवा सिद्धाय घोषित किया गया और सभी सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय पिन प्रदान की गई। सचिव द्वारा विश्व शांति पोस्टर प्रतियोगिता, आई कैम्प सहित विगत वर्षों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। चैरिटी फर्स्ट की परम्परा-चार्टर अध्यक्ष राजन माहेश्वरी ने गिफ्ट न लेने की परम्परा कायम रखते हुए अधिकारियों के हाथों से चैरिटी कराई।

**लायन मुदित टण्डन बने अध्यक्ष**



कार्यक्रम में सम्मानित होते पदाधिकारी

राजन व लतिका महेश्वरी ने कनोडिया की मेधावी छात्रा शिवांगी सक्सेना को बधाई दी और नवनियुक्त अध्यक्ष मुदित टंडन एवं सोनल टण्डन ने साइकिल पुरुस्कार के रुप में प्रदान की गई। पूर्व अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल एवं सुशील अग्रवाल ने जरूरतमंद महिला को पैर की सिलाई मशीन प्रदान की। इस अवसर पर संजय गर्ग को प्रशस्ति-पत्र, अंग-वस्त्र व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. रवीन्द्र यादव ने आभार व्यक्त किया। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष लायन मुदित टण्डन, उपाध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र यादव, डॉ. रवि रस्तोगी, सुधांशु अग्रवाल, जितेन्द्र रस्तोगी ने पद का दायित्व ग्रहण किया। इस अवसर पर निमिषा गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, रोहित गुप्ता, अभिषेक रस्तोगी, प्रमोद कुमार अग्रवाल, रचित टण्डन, अनीता अग्रवाल, सपना अग्रवाल, डॉ. ओ.पी. माहेश्वरी, नीरज रस्तोगी, योगेश साध, मुजफ्फर हुसैन रहमानी, डॉ. साधना माहेश्वरी, रितु अग्रवाल, रीता रस्तोगी मौजूद रहे।

# बच्चों ने कैनवास पर उकेरा मेरे सपनों का भारत

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।**

प्राथमिक विद्यालय नगला झब्बू सिंह में सोमवार को मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी कल्पना व रचनात्मकता को रंगों के माध्यम से कागज पर उकेरा। बच्चों ने शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, विकास और देश के उज्ज्वल भविष्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बेहद आकर्षक और प्रेरक चित्र बनाए। शिक्षकों ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से न केवल बच्चों की छिपी हुई रचनात्मकता निखरती है, बल्कि देश और समाज के प्रति उनकी सोच को भी सामने लाने का एक बेहतरीन मंच मिलता है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, बच्चों द्वारा तैयार किए गए इन बेहतरीन चित्रों की प्रदर्शनी आगामी 22 सितंबर को विद्यालय परिसर में लगाई जाएगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार बच्चों के लिए एक सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। जिसमें बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए उनके अभिभावकों और स्थानीय ग्रामीणों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।



पोस्टर दिखाते बच्चे

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला होनहार छात्र 26 सितंबर को बीआरसी नवाबगंज में आयोजित होने वाले ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में अपने चित्र के साथ प्रतिभाग करेगा। ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष पांच बच्चों का चयन जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए किया जाएगा। प्रधानाध्यापक रामबरन, सहायक शिक्षक प्रतिभा वर्मा, नेहा वर्मा, प्रियंका यादव, आकाश राजपूत मौजूद रहे।

## वर्षों से लंबित प्रोन्नति वेतनमान को लेकर शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**फरुखाबाद।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की जनपद शाखा ने परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के प्रोन्नति वेतनमान के मुद्दे पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में मांग कि जनपद के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का प्रोन्नति वेतनमान पिछले कई वर्षों से लंबित पड़ा हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए संघ ने अपनी मांग के समर्थन में शिक्षा निदेशक बेसिक उत्तर प्रदेश लखनऊ, वित नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद और अनुसचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए पत्रों को भी ज्ञापन के साथ संलग्न किया है। बिना किसी देरी के आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस ज्ञापन पर प्रांतीय कोषाध्यक्ष मजहर मुहम्मद खां, अध्यक्ष प्रवेश कटियार और कोषाध्यक्ष विमलेश कुमार के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय में प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



पोस्टर दिखाते विद्यार्थी मौजूद शिक्षक

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रकाबगंज मऊदरवाजा स्थित मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज में विकसित भारत-2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से छात्रों को जोड़ने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में ड्राइंग, भाषण और क्विज़ शामिल थे, जिनमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि भाजपा के पश्चिमी नगर मंडल अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह का अंगवस्त्र भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल और उनके द्वारा किए गए जन-कल्याणकारी कार्यों व उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ0 संदीप कुमार चतुर्वेदी ने की। इस अवसर पर दिनेश चंद्र, कृष्ण मोहन, संदीप कुमार, सुधा कुशवाह, कामिनी शुक्ला, अवनीश कुमार उपस्थित रहे।

# क्षतिग्रस्त सड़कों का करें चिन्हांकन: डीएम

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में बरसात एवं बाढ़ आपदा के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं सड़कों को गड्ढामुक्त किए जाने के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत, मण्डी परिषद, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग के अंतर्गत आने वाली सड़कों की स्थिति के संबंध में जानकारी दी गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात एवं बाढ़ के पानी के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का स्थलीय निरीक्षण कर सड़कों का प्राथमिकता के आधार पर चिन्हांकन सुनिश्चित किया जाए। चिन्हित सड़कों की क्षति का आकलन करते हुए उनकी मरम्मत एवं गड्ढामुक्त किए जाने हेतु विभागवार कार्ययोजना तैयार कर शासन को समय से प्रस्तुत की जाए।



बैठक लेती डीएम

उन्होंने कहा कि शासन से बजट आवंटित होते ही क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ कराते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाए। सड़कों की मरम्मत में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्य की नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जाए। जनपद में आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। शासन को आवश्यक प्रस्ताव एवं कार्ययोजना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# बहन की हत्या में भाई को आजीवन कारावास

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

बहन की हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय सं0-01 संजय कुमार की अदालत ने अभियुक्त विक्रम उर्फ विक्की को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उस पर 50,000 का जुर्माना लगाया है, जिसे अदा न करने पर उसे 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। विगत 31 जनवरी 2017 को दोपहर करीब 2:30 बजे ग्राम मुरैठी थाना शमसाबाद में विक्रम यादव पुत्र सुरेश ने अपनी ही बहन कुमारी प्रतिभा की हत्या कर दी थी। गांव के चौकीदार गौचरन की लिखित तहरीर पर पुलिस ने धारा 302 के अंतर्गत यह मामला दर्ज किया गया था। चौकीदार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जब वह मौके पर पहुंचा तो मृतका प्रतिभा का शव मकान के आंगन में पड़ा था और उसके सिर से खून निकल रहा था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय सं0-01 संजय कुमार की अदालत ने अभियुक्त विक्रम उर्फ विक्की को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उस पर 50,000 का जुर्माना लगाया है, जिसे अदा न करने पर उसे 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

**लगा 50 हजार रुपये का जुर्माना**

## खबरें एक नजर में

### भगवान गजानन की हुई महाआरती, लगाया गया 56 भोग



गणेश पाण्डाल में मौजूद भक्तगण

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** रेलवे रोड स्थित मेरठ कोल्ड के पास गणेश समिति द्वारा स्थापित श्री गणेश प्रतिमा के समक्ष सोमवार को महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। कोतवालेश्वर हनुमान जी सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को महाआरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हनुमान सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी ने गणपति बप्पा का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। गणेश समिति की ओर से बबलू राठौर ने कोतवालेश्वर हनुमान सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी को अंगवस्त्र पहनाकर एवं पुष्पहार समर्पित कर सम्मानित किया। भगवान गणेश महाराज को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। मंगलवार सुबह 9 बजे भगवान गणेश की प्रतिमा की विदाई एवं विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर जितेंद्र रस्तोगी, प्रबंधक संगम शाक्य, कन्हैयालाल, अंकित राठौर, बबलू राठौर, राजीव राठौर, विकास, आदित्य, कुलदीप गंगवार, सुनील शर्मा उपस्थित रहे।

### तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।** पुलिस ने तमंचा कारतूस सहित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना शमशाबाद पुलिस क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अवधेश पुत्र जागेन्द्र सिंह निवासी भगवानपुर थाना शमशाबाद बताया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।

### बिना मीटर रीडिंग सही किए काटा बिजली कनेक्शन

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।** कादरीगेट थाना क्षेत्र के पपियापुर निवासी और वर्तमान में पॉलीटेक्निक कॉलेज भोलेपुर के छात्रावास में तैनात पीआरडी जवान सन्जो देवी ने बिजली विभाग के रवैये से परेशान होकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़िता ने विद्युत कर्मचारियों पर लापरवाही और बिना मीटर रीडिंग के कनेक्शन काटने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने मई 2025 में अपने घरेलू उपयोग के लिए बिजली कनेक्शन लिया था। आरोप है कि कनेक्शन लेने के बाद से आज तक उनके मीटर से रीडिंग निकालकर सही बिल नहीं दिया गया। जब लाइनमैन ने फोन पर बिल जमा करने को कहा, तो सन्जो देवी ने मीटर से वास्तविक रीडिंग निकलवाकर बिल सही करने की बात कही। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता से भी फोन पर शिकायत की और मीटर का वीडियो बनाकर भेजा, ताकि बिल सही किया जा सके। लेकिन न तो मीटर से रीडिंग निकलवाई और न ही बिल में सुधार कराया। लाइनमैन को भेजकर पीड़िता का बिजली कनेक्शन कटवा दिया गया।

**पीआरडी महिला जवान ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार**

# 69वीं क्षेत्रीय मा. विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

स्व. ब्रह्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में 69वीं क्षेत्रीय माध्यमिक विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार और लेखाधिकारी सुशील कुमार रहे। प्रतियोगिता के संयोजक एवं प्रधानाचार्य शिवओम कुमार द्विवेदी एवं कोषाध्यक्ष डॉ. विनीत कुमार चौहान ने मुख्य अतिथियों को बैज लगाकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। वहीं, सहसंयोजक डॉ. कैप्टन बलविन्दर सिंह ने उपस्थित सभी प्रधानाचार्यों का बैज लगाकर स्वागत वंदन किया। खेल प्रतियोगिता में फतेहगढ़ जोन के लगभग 12 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद, 800 मीटर सीनियर बालक दौड़ के साथ खेल स्पर्धाओं का विधिवत प्रारम्भ किया। जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



उद्घाटन करते अतिथि मौजूद शिक्षकगण

प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ और लम्बी कूद दोनों ही स्पर्धाओं में आदर्श जनता इ.का. रानूखेड़ा के अनिरुद्ध ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में डी.पी.एस. इ.का. मूसाखिरिया के अर्पित ने प्रथम स्थान हासिल किया। सीनियर बालिका वर्ग एस.डी. इ.का. पहला की छात्रा सोनम ने 800 मीटर दौड़ और गोला फेंक, दोनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में जी.जी.आई.सी. फतेहगढ़ की करीना प्रथम रहीं। लम्बी कूद में फिरोज गांधी जनता इ.का. कमालगंज की अनवी ने पहला स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग 800 मीटर दौड़ में राजकीय बा.इ.का. फतेहगढ़ की नैन्सी ने प्रथम स्थान हासिल किया। गोला फेंक में जनता राष्ट्रीय इ.का. फतेहगढ़ की अनुष्का ने बाजी मारी।

प्रतियोगिता को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने में जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास के नेतृत्व में सुब्रत शाक्य, सत्येन्द्र सिंह सहित पूरे निर्णायक मण्डल ने अहम भूमिका निभाई। लेखा विभाग की जिम्मेदारी राधा कटियार, कुलदीप कुमार और उनकी टीम के अन्य अध्यापकों ने संभाली। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, प्रमोद कुमार गंगवार सहित उपस्थित रहे।

# पैमाइश के नाम पर चकबंदी लेखपाल ने युवक से लिये दस हजार

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मियों को योगी सरकार का बिल्कुल डर नहीं है। जबकि समय-समय पर कार्यवाही होती रहती है। उसके बावजूद काम के नाम पर रुपये लेने से बाज नहीं आते है। ऐसा ही एक मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। चकबंदी विभाग का एक लेखपाल कार्यालय के अंदर ही एक किसान से उसकी खेत की पैमाइश करने के नाम पर दस हजार रुपये लेते एक कैमरे में कैद हो गया। उसके बाद वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें दिख रहा है वह बेफिक्र होकर युवक से रुपये लेकर अपनी जेब में दिख रहा है। मामला ब्लाक कमालगंज के गुगौरा का है। एक युवक अपनी खेत की पैमाइश के लिए लम्बे समय से चक्कर लगा रहा है। थक हार कर उसने भ्रष्टाचार के सामने घुटने टेक दिये और लेखपाल की बात माननी पड़ी। सोमवार को लेखपाल द्वारा कार्यालय में बुलाया गया। जहां उसने अपनी जेब से दस हजार रुपये निकाले और चकबंदी लेखपाल ने हाथ लेते हुए जेब में रख लिया। उसके पास युवक था उसे वहां से जाने को कह दिया। रुपये लेने की घटना वीडियो में कैद हो गयी। जो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर कुछ लोगों ने चकबंदी के लेखपाल सौरभ का नाम बताया है। इस संदर्भ में विभागीय अधिकारी से सम्पर्क करना चाहां तो बात नहीं हो पायी। हमारा समाचार पत्र ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

**वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

# विश्व हिन्दू महासंघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

जसमई मार्ग की बदहाल स्थिति, क्षतिग्रस्त पुलिया और साफ-सफाई के अभाव को लेकर विश्व हिन्दू महासंघ ने कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को संगठन के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जनसमस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। संगठन ने जसमई पुलिया का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने, सड़क पर बने गड्ढों की मरम्मत कराने और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके अलावा जसमई तिराहे पर खुले में फेंके जा रहे कूड़े-कचरे और मृत पशुओं पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की भी अपील की गई। इस मार्ग पर बस, ट्रक और टैक्सी सहित भारी वाहनों का भारी दबाव रहता है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण यहां हर समय किसी बड़ी दुर्घटना का खतरा मंडराता रहता है। जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि जसमई मार्ग इस क्षेत्र का प्रमुख मार्ग है, जहां से प्रतिदिन भारी संख्या में आमजन, व्यापारी, यात्री और श्रद्धालु गुजरते हैं। सड़क और पुलिया की वर्तमान स्थिति सीधे तौर पर जनसुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुनीता अग्निहोत्री, अनुराग दुबे, गौरव शुक्ला, उमाशंकर गुप्ता, डॉ0 अजय वाजपेई उपस्थित रहे।



डीएम को ज्ञापन सौंपते लोग

# कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन उप-निबंधक समेत 5 पर मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

जमीन रजिस्ट्री के दौरान फर्जी अंगूठा लगवाने और धोखाधड़ी करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन उप-निबंधक समेत 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बरेली निवासी पीड़िता वीरवती ने अपनी 15.5 बीघा जमीन का सौदा अमीर चंद्र से किया था।

आरोप है कि रजिस्ट्री ऑफिस में पीड़िता का अंगूठा लेने के बाद, उनके जाने पर किसी अन्य महिला का फर्जी अंगूठा लगवा दिया गया और दस्तावेजों में गाटा संख्या 247 की आधा बीघा अतिरिक्त जमीन भी जोड़ दी गई। दाखिल-खारिज का नोटिस मिलने पर महिला को ठगी का पता चला। निजी फॉरेंसिक लैब की जांच में दस्तावेजों पर लगे अंगूठे के निशान फर्जी पाए गए। पुलिस से मदद न मिलने पर महिला कोर्ट पहुंची। अदालत के निर्देश पर कायमगंज पुलिस ने खरीदार अमीर चंद्र, तत्कालीन उप-निबंधक पीतम सिंह, गवाह शोभाराम, आशीष कुमार और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पीड़िता वीरवती ने अपनी 15.5 बीघा जमीन का अमीर चंद्र से किया था सौदा**

## दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढिढुलिया पट्टी में शराब पीने के लिए रुपये न देने पर दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों व लात-घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ग्राम ढिढुलिया पट्टी निवासी प्रमोद कुमार पुत्र गंगाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को शाम गांव का ही निवासी अंकुल पुत्र अवधेश कुमार उनके पास आया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। जब प्रमोद ने पैसे देने से इंकार किया, तो आरोपी अभद्रता करते हुए गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

**शराब के लिए रुपये देने से किया था मना**

# हिंदी पखवाड़े पर साहित्यकार व शिक्षिकाएं हुई सम्मानित

**विद्यालयों को मिलीं सांसद निधि से पुस्तकें**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत सांसद विकास निधि योजना के तहत राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं विकास के उद्देश्य से पीएम श्री महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में भव्य पुस्तक वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत व विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं सीडीओ विनोद कुमार गौड़ उपस्थित रहे। समारोह में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को पुस्तकें वितरित की गईं। वहीं साहित्य जगत, शिक्षा और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि हिंदी भाषा और साहित्य के उत्थान के लिए चल रहे इन प्रयासों को रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि जो भी विद्यालय इस अभियान में शामिल होने से छूट गए हैं वे अपनी मांग सूची भेजें, उन्हें भी जल्द पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने विद्यालयों तक पुस्तकें पहुंचाने की इस पहल के लिए सांसद का आभार जताया। उन्होंने कहा कि किताबें किस तरह पढ़ी जाएं और उनसे क्या सीखा जाए, यह हम पर निर्भर करता है। कवि डॉ. शिवओम अंबर ने कहा कि देश के सामने आने वाली हर चुनौती का सामना सकारात्मकता के साथ करना चाहिए। प्रमुख साहित्यकारों डॉ. शिवओम अंबर, सुरेंद्र सोमवंशी, नलिन श्रीवास्तव, रामावतार शर्मा, इंदु भारती मिश्रा, उत्कर्ष अग्निहोत्री, पवन बाथम, बीके सिंह, विशाल श्रीवास्तव, सुरेंद्र पांडेय, डॉ. गरिमा पांडेय, प्रीति पवन तिवारी, स्मृति अग्निहोत्री, महेश पाल सिंह, एवं उपकारमणि को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत सहित विद्यालय की 17 शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। छात्राओं दुर्गा, राधा, सोनम, वैष्णवी, भूमि, उजाला, सोना शाक्य, शालू और अदीबा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य एवं संयोजक दीपिका राजपूत ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार, जिला विकास अधिकारी एसके तिवारी, परियोजना निदेशक कपिल कुमार के अलावा भूपेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश कुमार मौजूद रहे।



प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत को सम्मानित करते सांसद

# पत्नी मायके से लौटी तो फंदे से लटका मिला पल्लेदार का शव

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया में 28 वर्षीय पल्लेदार ने फंदा लगाकर जान दे दी। घटना का खुलासा तब हुआ जब उसकी पत्नी अपने मायके से वापस घर लौटी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के क्षेत्र मोहल्ला बजरिया निवासी 28 वर्षीय सुनील जो पल्लेदारी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। रविवार को सुनील की पत्नी सीमा अपने बीमार पिता का हालचाल जानने के लिए अपने मायके, अंगूरी बाग गई हुई थी।

घर पर सुनील अकेला था। रविवार देर शाम जब सीमा घर वापस लौटी, तो उसने पति सुनील का शव फंदे से लटकता हुआ पाया। आसपास के लोगों की मदद से घटना की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के साले विकास ने बताया कि घटना के वक्त सुनील घर पर बिल्कुल अकेले थे, उसी दौरान उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। सुनील अपने तीन भाइयों में तीसरे नंबर पर था। मृतक के पत्नी सीमा व पुत्र शशांक, पुत्री सलोनी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



गुमशुम खड़े मृतक के परिजन

# महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



पोस्टर प्रतियोगिता में मौजूद छात्राएं

बढ़पुर स्थित महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र बीजेपी के क्षेत्रीय मंत्री धीरेन्द्र वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में संरक्षक डॉ. राहुल तिवारी ने मुख्य अतिथि धीरेन्द्र वर्मा को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया, जबकि सचिव रोहित तिवारी ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। शिक्षकगण गजेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ0 मधुबाला अवस्थी, सुनील कुमार राजपूत, अनुराग गंगवार, अतुल त्रिवेदी आदि ने भी उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर सम्मानित किया। धीरेन्द्र वर्मा ने प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टरों का अवलोकन किया और छात्रों की रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को विकसित भारत संकल्पना 2047 के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के माध्यम से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिया चौहान, द्वितीय स्थान मोना बाथम व सरस्वती तिवारी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान रश्मि देवी एवं अपूर्वा द्विवेदी संयुक्त विजेता रही।

**विकसित भारत 2047 पर दिया गया जोर**

# आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 25 सितम्बर तक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0 अलीगंज लखनऊ द्वारा प्रदेश में चल रहे राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-27 एक वर्षीय एवं सत्र 2026-28 दो वर्षीय तृतीय चरण का प्रदेश चयन परिणाम घोषित कर दिया है। प्रवेश की तिथि 21 सितम्बर से सहित निर्धारित है। 25 सितम्बर तक अवकाश है। अभ्यर्थी प्रवेश लेने हेतु अपने बुलावा पत्र की प्रति, समस्त मूल प्रमाण पत्रों, अंक पत्रों की प्रति एवं उनकी एक-एक प्रमाणित प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्बन्धित प्रवेशित संस्थान में सम्पर्क कर 25 सितम्बर तक प्रवेश ले सकते है।

# छात्रों ने पोस्टरों पर उकेरी विकसित भारत 2047 की तस्वीर



प्रतियोगिता में मौजूद विद्यार्थी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में सोमवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय विकसित भारत की संकल्पना 204 रखा गया था। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और विचारों को रंगों के माध्यम से उकेरा और वर्ष 2047 के एक सशक्त व विकसित भारत की संकल्पना को मूर्त रूप प्रदान किया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने केवल आकर्षक पोस्टर ही नहीं बनाए, बल्कि उपस्थित लोगों के समक्ष अपने पोस्टर के विषय और उसके पीछे छिपे संदेश का विस्तृत विश्लेषण भी प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की इस वैचारिक स्पष्टता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने निर्णायक की अहम भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों की कला, उनके दृष्टिकोण और प्रस्तुतिकरण की सराहना करते हुए, प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा की और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार, डॉ. वीरेंद्र कुमार और डॉ. प्रियांशु गुप्ता के अलावा विजय विक्रम सैनी, किशन पाल, राजेश मौजूद रहे।

# राजेपुर के बेंचेपट्टी में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**▸ 180 ग्रामीणों का किया गया उपचार**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



स्वास्थ्य शिविर में उपचार कराते ग्रामीण

ब्लॉक राजेपुर की ग्राम पंचायत बेंचेपट्टी में समाजवादी पार्टी के नि0 प्रदेश सचिव व 193 विधानसभा अमृतपुर के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में समाजवादी निःशुल्क स्वास्थ्य संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के कुल 180 ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों की गहनता से जांच की। शिविर में मुख्य रूप से मो. अकलीम, डॉ. अमन अग्रवाल, डॉ. वीर रंजन रॉय, डॉ. शुभम शर्मा, डॉ. हर्षिता, डॉ. कृतिका यादव, डॉ. कृतिका गौतम और डॉ. प्रियंका सहित अन्य डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को आसान बनाना और हर जरूरतमंद तक चिकित्सीय सुविधा पहुंचाना ही इस संकल्प शिविर का मुख्य उद्देश्य है। आगे भी जनहित में इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन लगातार जारी रहेगा, ताकि आम जनता को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामवासियों ने इस पहल का स्वागत किया और चिकित्सकों व आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# छोटे भाई ने बड़े भाई व भतीजी को लाठी-डंडों से पीटा

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**



कोतवाली क्षेत्र के गांव चौखड़िया सिनौली में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। यहां एक छोटे भाई ने अपने परिवार के साथ मिलकर बड़े भाई के घर में घुसकर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में बड़े भाई और उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गांव चौखड़िया सिनौली निवासी पीड़ित रणवीर पुत्र दयाराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि घर के छोटे बच्चों के बीच आपस में कुछ कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसी बात से आक्रोशित होकर उसका छोटा भाई जाहर सिंह, प्रीती, गीता, गंगाश्री, राहुल और जाहर सिंह की पत्नी एकराय होकर हाथों में लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। सबसे पहले रणवीर की बेटी राजकुमारी की बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। जब रणवीर उसे बचाने के लिए दौड़ा, तो आरोपियों ने उसे भी घर के अंदर खींच लिया और उसके साथ भी जमकर मारपीट की। हमले में राजकुमारी गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। घटना के बाद परिजनों ने उसे आनन-फानन में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# वाणी विनायक संस्था ने किया घुमना नरेश का स्वागत

**▸ 24 अक्टूबर को निकलेगी विसर्जन शोभा यात्रा**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**




भगवान गजानन की आरती करते भक्तगण

वाणी विनायक संस्था की ओर से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशम 10वें गणेश महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। संस्था द्वारा घुमना नरेश भगवान गणेश का आगमन बड़े ही धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ हुआ। संस्था प्रमुख राज गौरव पांडेय ने बताया कि इस वर्ष भी गणेश महोत्सव के अंतर्गत घुमना नरेश को घुमना चौराहे पर स्थित निवास पर विराजमान किया गया है। यहाँ प्रतिदिन सुबह और शाम भगवान गणेश की भव्य आरती की जा रही है। आरती के साथ ही मधुर भजन-कीर्तन और उसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी रोजाना संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घुमना नरेश के विसर्जन की महा शोभा यात्रा 24 अक्टूबर को निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा घुमना चौराहे से शुरू होकर पांचाल घाट की ओर प्रस्थान करेगी। सभी भक्तजन धूमधाम से घुमना नरेश के जयकारे लगाते हुए और अगले बरस तू जल्दी आ के संकल्प के साथ बाप्पा को भावपूर्ण विदाई देंगे। इस अवसर पर संध्या पांडेय, अर्चना पांडेय, राज दीपक पांडेय, यश पांडेय, रामजी राजपूत, रितुल वर्मा, राकेशानन्द, पार्थिवी पांडेय, सचिन कटियार मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### विकसित भारत विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में अनमोल रहे प्रथम



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** भारतीय महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकसित भारत संकल्पना 2047 विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। 8 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में विवेक सिंह, डॉ. आलोक बिहारी शुक्ला व डॉ. मधुप कुमार ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान का निर्णय दिया। जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र अनमोल कुमार श्रीवास्तव ने प्रथम, छात्र अंकित कुमार ने द्वितीय तथा छात्र ध्रुव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों को प्राचार्य विवेक सिंह व नोडल अधिकारी डॉ. प्रेम शंकर पाण्डेय ने विजयी छात्रों को बधाई दी। संचालन डॉ. रमाशंकर एवं डॉ धनंजय कुमार कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर शिक्षक नीरज कुमार द्विवेदी, प्राची गोस्वामी, विजय कुमार उपस्थित थे।

### कार में आग लगने के मामले में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दूबर पुरवा में दो सप्ताह पूर्व घर से कुछ दूर खड़ी कार में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने के मामले में महिला ने तीन व्यक्तियों पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिन्घूपुर बेरियागाड़ा के मजरा दुबरिपुरवा निवासी शालिनी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया है कि उसकी बोलोरो गाड़ी घर के पास आबादी की जमीन पर खड़ी थी। बीते पांच सितंबर की रात गांव के आयुष, हैप्पी और रजेपाल ने उसकी कार पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जब तक उसे जानकारी हुई तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई और जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

### आयुष आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत लगा शिविर

**बरासगवर, उन्नाव।** बीघापुर तहसील के निहालीखेड़ा गांव में आयुष आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत एक संयुक्त शिविर लगाया गया। इसका आयोजन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय भगवंतनगर, बारा व रायपुर ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर में बारा आयुर्वेदिक चिकित्सालय बारा की चिकित्सा प्रभारी डॉ. पूजा शर्मा, फार्मासिस्ट प्रभारी रायपुर शिवाकांत वर्मा और फार्मासिस्ट प्रभारी भगवंतनगर सुनील कुमार मौजूद रहे। शिविर में मरीजों का निशुल्क परीक्षण किया गया और उनका उपचार भी किया गया। उन्हें उनकी बीमारी से संबंधित दवाएं भी मुफ्त में दी गईं। कुल 110 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार एवं दवा दी गई। आयोजक पूर्व प्रधान निहालीखेड़ा भानू प्रताप सिंह मोना ने बताया कि ऐसे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत जरूरी है। इस दौरान प्रमुख रूप से राहुल सिंह, अश्वनी, विमल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जागरूकता एवं ऋण सहायता कैंप का सम्पन्न

**बांगरमऊ, उन्नाव।** युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत नगर पंचायत गंजमुरादाबाद कार्यालय में सोमवार को जागरूकता एवं ऋण सहायता कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के सहयोग से लगाया गया। उन्नाव से आए अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं और नव-उद्यमियों को खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित करना और वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उन्होंने युवाओं और इच्छुक व्यक्तियों को योजना के नियमों, पात्रता और मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित

**बांगरमऊ, उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में समग्र शिक्षा अभियान की समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग हेतु बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में स्पेशल एजुकेटर संध्या चौहान ने अभिभावकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओ के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। स्पेशल एजुकेटर अनिल कुमार द्वारा मेजरमेंट कैंप में दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल,व्हील चेयर, सीपी चेयर वैशाखी ,कान की मशीन, दृष्टि बाधित बच्चों को चश्मा एवं सेंसर छड़ी के वितरण के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। स्पेशल एजुकेटर अजय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों को छात्रवृत्ति के रूप में स्कॉट अलाउंस छह हजार वार्षिक व स्टाइपेंड दो हजार वार्षिक दिया जाता है । बैठक में शिक्षक हरि प्रसाद विश्वकर्मा व संध्या चौहान तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी खेमराज सिंह, अजय सिंह, मनीष वर्मा, श्लोक बाजपेई, धीरज, आसाराम सहित आधा सैकड़ा अभिभावक उपस्थित रहे।

# डीएम ने किसानों के दल को किया रवाना

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**



कृषि विभाग के तत्वाधान में प्रज्ञा ग्रामोत्थान सेवा समिति द्वारा सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अंतर्गत जनपद के 48 किसानों के शैक्षणिक दल को अंतर राज्यीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण हेतु जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राजस्थान में भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान भरतपुर तथा जयपुर के श्रीकर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय एवं राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा जयपुर में प्रशिक्षण एवं भ्रमण के दौरान वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी हासिल कर अपने खेतों में अपनाने के साथ ही जनपद के अन्य किसानों को भी प्रेरित करने का कार्य करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने कहा कि कृषि संस्थानों में किसान फसल विविधीकरण उन्नत कृषि तकनीक प्राकृतिक एवं टिकाऊ कृषि के साथ ही मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी हासिल करेंगे। उप कृषि निदेशक रामजतन मिश्रा ने कहा की आत्मा योजना के इस शैक्षिक भ्रम में किसानों के ज्ञानवर्धन एवं क्षमता निर्माण के साथी रवि फसल के मुख्य तिलहनी फसल सरसों की उन्नतशील प्रजाति का बीज भी भरतपुर के रिसर्च सेंटर से ले सकेंगे। भ्रमण दल के रवानगी में ब्लॉक प्रमुख हंसवा विकास पासवान ने कहा कि कृषक भ्रमण से किसानों को नवीनतम जानकारी मिलती है। भ्रमणण दल का संचालन कर रहे संस्था सचिव उमेश चंद्र शुक्ला ने कहा संस्थानों में बेहतर कृषि तकनीक एवं खाद्य प्रसंस्करण एवं पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन फसलों की उन्नतशील प्रजातियों की जानकारी किसानों को दिलाई जाएगी। भ्रमण दल में बजरंग सिंह, रणवीर सिंह, ज्ञान सिंह, रमेश त्रिवेदी, बाबूराम मौर्य, अर्जुन सिंह, वीरेंद्र सिंह, शिव अवतार, शिव प्रताप सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

### पिता-पुत्र से 25 हजार रुपए लूटने वाले दो गिरफ्तार



**बांगरमऊ, उन्नाव।** थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के ग्राम रूरीसादिक पुर में दुकान बन्द कर बाइक से घर जाते समय पड़ोसी गांव सीताराम खेड़ा गांव के निकट दुकानदार पिता - पुत्र से 25 हजार रुपए लूटने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया है। इसी लूट के मामले में पुलिस पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी जयप्रकाश पुत्र हरिशचंद्र पड़ोसी गांव रूरी सादिक पुर के चौराहे पर किराने की दुकान खोले हुए हैं स विगत छह सितंबर को देर रात दुकान बंद कर जयप्रकाश अपने पिता हरिश्चंद्र के साथ बाइक से घर जा रहे थे स तभी ग्राम सीताराम खेड़ा के पास बाइक सवार बदमाशो ने उनसे 25 हजार रुपए नगदी लूट लिए थे। पुलिस की जांच में दुकानदार के परिचित रूरी सादिकपुर निवासी रामजी का नाम सामने आया था और उसकी के कहने पर बदमाशो ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने पांच व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सात सितंबर को हरदोई जिले के कासिमपुर के गौसगंज निवासी सूरज उर्फबबलू, हरदोई जनपद के मल्लावां अन्तर्गत पठान टोला निवासी रेहान खान उर्फरहीश और रामजी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मुखविर की सूचना के आधार पर थाना बेहटा मुजावर थाना प्रभारी राजकुमार ने आज सोमवार को अपनी पुलिस टीम के साथ शेष दो आरोपी हरदोई जिले के मल्लावां क्षेत्र के गुलबहा निवासी सुधीर और शुक्लागंज के इंद्रानगर निवासी विष्णु को संडीला रोड आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के अंडर पास के निकट से गिरफ्तार कर किया। तलाशी के दौरान उनके पास से लूट के 5 हजार तीन सौ पच्चास रुपए बरामद किए गए है। थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि दोनों आरोपी सुधीर कुमार और विष्णु को गिरफ्तार कर न्यायालय के सामने पेश किया गया है। जहां से उन्हे जेल भेज दिया।

# कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय सचिव का किया स्वागत

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**




आज जनपद में पधारे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश सह प्रभारी जगदीश चंद्र जांगिड़ ने सभी जिला व शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन को और मजबूत करने का आवाहन किया। श्री जांगिड़ ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आश्वस्त किया कि उन्हीं व्यक्तियों को विधानसभा का टिकट दिया जाएगा जिसने संगठन के लिए मेहनत की है एवं समाज में उनकी छवि निर्विवाद होगी। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश की पूरी 403 सीटों में अपनी तैयारी कर रही है आगे पार्टी हाईकमान का जो निर्देश होगा उसे माना जाएगा। इसके पहले वक्ताओं में शेख एजाज अहमद, कलीम उल्ला सिद्दीकी, शिवा कांत तिवारी, माधुरी रावत, शोभा दुबे, ओम प्रकाश कोरी, अरुण जायसवाल, राजू लोध, इशरत खान, आदि ने बेबाकी से अपने विचार रखे, शहर अध्यक्ष आरिफगुड्डा ने कहा कि जिले में कांग्रेस ने जनता की समस्याओं के हर मुद्दे को उठाया और संघर्ष में सभी दलों से आगे रही है और आगे भी रहेगी यही हमारा संकल्प है जरूरी नहीं कि हम चुनाव ही लड़ें। जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति संगठन की उपेक्षा करते हुए आगे बढ़ने का प्रयास करेगा उसका संगठन पुरजोर विरोध करेगा इसमें किंचित संदेह नहीं है। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी प्रवक्ता ई0देवी प्रकाश दुबे, निजामुद्दीन, ब्रजेश मिश्रा, सैयद सहाब अली, आरिफ खान, रेखा पासवान, बसीर अहमद, नजमी कमर, चौधरी मोइन राइन, शकीला बानो, वकील खान, इलियास अहमद, उस्मान बेग, मो0 रमजान सादाब अहमद, धर्मेंद्र सिंह, राजन तिवारी, आकाश शुक्ला, नवनीत तिवारी, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, सलीम शेख, नौसाद अहमद, अकरम काले, इमरान सिद्दीक़ी, अब्दुल रज्जाक, हम्माद हुसैन आदि लोग उपस्थित रहे।

# धारक ने पालिसी कैंसिल कराकर किया आपसी समझौता

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**



आबू नगर में स्थित श्रीराम इंश्योरेंस कंपनी की मैनेजर गुड़िया कुमारी सोनी व शमशेर अली पुत्र मुजफ्फर अली निवासी लाला बाजार, अनुराग तिवारी पुत्र संतोष कुमार निवासी कलक्टरगंज ने आपसी समझौता करने के बाद मीडिया से रूबरू हुए इस दौरान अनुराग तिवारी ने बताया की 25000 रूपए की पॉलिसी उन्होंने 17 सितंबर को लिया था जिसका पेमेंट ऑनलाइन किया गया था परंतु किन्हीं कारण वस वह संतुष्ट नहीं हुए और अपनी पॉलिसी कैंसिल करवा लिया जिसका भुगतान कंपनी द्वारा 7 दिन के अंदर करने की बात कही गई है। वहीं शमशेर अली ने कहा कि 30000 की पॉलिसी उन्होंने करवाई थी इसका भुगतान 15 दिन के अंदर किए जाने के बाद कही गई है अगर यह पैसा लिखित समय अवधि में नहीं मिलता है तो कंपनी के खिलाफवह कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे। हम आपको बता दें की श्रीराम इंश्योरेंस कंपनी की मैनेजर गुड़िया कुमारी सोनी से कूपन के माध्यम से यह लोग श्रीराम इंश्योरेंस कंपनी पहुंचे थे जहां पर उनके सामने लोक लुभावने सपने दिखाए गए थे और ऑनलाइन पैसे भी ट्रांसफर कराए गए थे। लेकिन बाद में भ्रामक स्थिति बनी और मामला आबू नगर पुलिस चौकी तक पहुंचा जो सोशल मीडिया पर भी यह खबर खूब वायरल हुई। अब इसके बाद दोनों पक्षों में आपसी समझौता हुआ है इस दौरान अधिवक्ता उत्कर्ष श्रीवास्तव ने बताया की इन लोगों को पॉलिसी समझ में नहीं आई है और अब वह लोग लिखित अपनी पॉलिसी कैंसिल करने के लिए श्रीराम इंश्योरेंस कंपनी में आए हैं जिनको समय सीमा दी गई है इस समय सीमा के अंदर इनका पैसा वापस कर दिया जाएगा। इन हालातो में अधिवक्ता उत्कर्ष श्रीवास्तव ने यह भी कहा कि कंपनी में कोई गड़बड़ी नहीं है केवल समझाने के तरीके में कुछ दिक्कत हो गई या समझने में कुछ दिक्कत हुई है जिसके चलते यह स्थिति उत्पन्न हुई है तमाम लोग लगातार कंपनी से जुड़े हैं और आगे भी जुड़े रहेंगे।

# गर्भाशय संरक्षण के लिए आधुनिक उपचार पर हुई चर्चा

**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**



जी एस वी एम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा (बच्चेदानी बचाओ,सिद्धांत एवं उपाय पर चर्चा)विषय पर एक महत्वपूर्ण पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न स्त्री रोग संबंधी परिस्थितियों में अनावश्यक गर्भाशय निष्कासन से बचाव, गर्भाशय संरक्षण की आधुनिक उपचार पद्धतियों तथा मरीज-केंद्रित उपचार के सिद्धांतों पर चिकित्सकों के बीच विचार-विमर्श करना था। गर्भाशय की ऐसी अनेक बीमारियां हैं जिनमें दवाइयां द्वारा उपचार संभव है एवं इन उपचारों द्वारा गर्भाशय को बचाया जा सकता है हर बीमारी में गर्भाशय निकालने की जरूरत नहीं है, इसकी जानकारी सिर्फ डॉक्टरों को ही नहीं अपितु मरीजों को भी होनी चाहिए। कार्यक्रम की आयोजक डॉ. सीमा द्विवेदी रहीं, जबकि मॉडरेटर डॉ. रेनू सिंह गहलौत, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ, कानपुर थीं। पैनल में विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सीमा द्विवेदी, डॉ. नीना गुप्ता, डॉ. रेनू गुप्ता, डॉ. शायली अग्रवाल एवं डॉ. बंडाना शर्मा ने विभिन्न विषयों पर अपने अनुभव एवं विशेषज्ञ विचार साझा किए। चर्चा में पैनलिस्ट डॉ. प्रज्ञा त्रिवेदी, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. प्रीति, डॉ. फरहीन, डॉ. नूर एवं डॉ. दीप्ति ने भी सक्रिय सहभागिता की। विशेषज्ञों ने गर्भाशय से संबंधित रोगों के उपचार में उचित रोग-निदान, मरीज की आयु एवं भविष्य की प्रजनन इच्छा को ध्यान में रखते हुए उपचार का चयन तथा उपलब्ध गर्भाशय-संरक्षण विकल्पों के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. पविका लाल एवं डॉ. करिश्मा शर्मा ने किया। विभाग के चिकित्सकों एवं रेजिडेंट्स ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रतिनिधि मंडल कानपुर से लखनऊ रवाना




**समृद्धि न्यूज,कानपुर।** मुख्यमंत्री उप्र सरकार द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा पर जारी शासनादेश में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के विरत/पृथक होने से हीन भावना से ग्रसित होने के फलस्वरूप माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारी एसोसिएशन के प्रादेशिक बैठक में लिए संघर्ष के चौथे चरण के रूप में 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल व अन्य सक्रिय सदस्यों के साथ गांधी प्रतिमा फूलबाग,कानपुर से पैदल मार्च प्रारम्भ कर मुख्यमंत्री के निर्देश पर मगरवारा के पास नेशनल हाईवे के समीप रोककरअधिकृत सक्षम अधिकारी (मनीष द्विवेदी) तहसीलदार सदर उन्नावद्वारा मुख्यमंत्री का संबोधित ज्ञापन प्राप्तकर उनके निर्देशों से अवगत कराते हुएपैदल मार समाप्त करने की याचना की गई जिस पर संगठन ने विचार विमर्श करआगे के लिए पैदल मार्च स्थगित कर दिया माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारी एसोसिएशन के प्रादेशिक महामंत्री शिवबहादुर यादव ने बताया गया कि मुख्यमंत्री उप्र सरकार ने विगत 05 सितम्बर 2025 को शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की घोषणा की जिस को शिक्षाधिकारियो ने मूर्ति रूप देकर शासनादेश सं0 1728 / 15-8-2026-3091 दिनांक 04 फरवरी 2026 में शिक्षको को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की मगर शिक्षाधिकारियो की स्वेच्छा चरिता से शिक्षणेत्तर वर्ग (लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) को उक्त सुविधा से वंचित कर दिया जिससे प्रदेश के शिक्षणेत्तर कर्मी अपने को ठगा महसूस कर रहे है।

# भारतीय दलित पैंथर ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**




पैंथर धनीराम बौद्ध अध्यक्ष भारतीय दलित पैंथर की अध्यक्षता में 6 सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के दौरान उत्तर प्रदेश के राज्यकीय मेडिकल कॉलेज अंबेडकर नगर कन्नौज जालौन एवं सहारनपुर में एससीपी एवं टीएससी के अंतर्गत स्थापित विशेष सिट व्यवस्था को लेकर वर्तमान में गंभीर कानून एवं प्रशासनिक स्थिति उत्पन्न हो गई इसका प्रत्यक्ष प्रभाव इन मेडिकल कॉलेज की निट एवं यूजी काउंसलिंग सीट मैट्रिक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं अभ्यथियो शैक्षिण भविष्य पर पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रभावी एवं मजबूत पहले सुनिश्चित की जाए विद्यार्थियों के हितों की तत्काल रक्षा की जाए वैधानिक एवं नीतिगत समाधान किए जाएं समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्रवाई निर्देश प्रदान किए जाएं एवं सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष राज का पक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने हेतु चारों मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों एव अभ्यथियो के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन के दौरान पैंथर धनीराम बौद्ध राम बहल विद्यार्थी रविंद्र सिंह लार्ड राष्ट्रीय जितेंद्र सिंह,अध्यक्ष पीडीए एसोसिएशन गौतम विजय सागर प्रदीप यादव वीरेंद्र बहुजन शाकिर अली उस्मानी श्री राम गौतम कमल कुमार अजीत यादव बलराम यादव मुन्ना हजारिया ताराचंद रमेश बुद्धचार्य सैमुअल लकी सिंह राजेश गौतम आदि रहे।

## खबरें एक नजर में

### संचारी रोगों पर नियंत्रण को लेकर चलेगा विशेष अभियान

**अयोध्या।** शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है। वर्ष 2026 में माह अप्रैल तथा जुलाई में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियानों का आयोजन हो चुका है। इस अभियान के तृतीय चरण की गतिविधियां विस्तृत कार्ययोजना बनाकर अक्टूबर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तथा दस्तक अभियान 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संपादित की जाएंगी। कार्य योजना से सम्बन्धित सामान्य दिशा-निर्देश हेतु बैठक/प्रशिक्षण तथा समय-सारिणी एवं अन्य महत्वपूर्ण तिथियां, विभिन्न विभागों के कार्यों एवं दायित्वों के निर्धारण तथा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान से सम्बन्धित दिशा-निर्देशों के अनुसार जनपद स्तर पर अन्तर्विभागीय बैठक आहूत कर समस्त आवश्यक कार्यवाहियां समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करायें।

### धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 गौरव ग्रोवर द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एवं पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार राय प्रभारी न्यायालय सुरक्षा उ0 नि0 लाल बिहारी यादव मय हमराह के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपी रामसागर यादव पुत्र हरिश्चन्द्र उर्फ ननकन यादव निवासी हांसापुर डाभासेमर थाना कैण्ट को खुद की दुकान चाँदपुर सुल्तानपुर रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

### एलओसी जारी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सोनौली पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त मित्रलाल खनाल को गिरफ्तार किया गया।थाना सोनौली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 77/2026 धारा 319(2), 336(3), 338, 340(2), 61(2) बी एन एस एवं 34 आधार अधिनियम में वांछित अभियुक्त मित्रलाल खनाल पुत्र कपिला मुनि खनाल, उम्र 45 वर्ष, निवासी वार्ड नं0 13 दमक, जिला झापा, राष्ट्र नेपाल, वर्तमान पता वैष्णव नगर, रमणरेती, वृन्दावन बांगर, मथुरा, उत्तर प्रदेश के विरुद्ध पूर्व में लुक आउट सर्कुलर जारी कराया गया था। उक्त एल ओ सी के क्रम में अभियुक्त मित्रलाल खनाल को थाना इन्दिरा गांधी एयरपोर्ट , नई दिल्ली पर पकड़ा गया। अभियुक्त के पकड़े जाने की सूचना उचित माध्यम से थाना सोनौली पुलिस को प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को हिरासत में लिया गया तथा गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय जनपद महराजगंज के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु अग्रेषित किया गया।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे उ0नि0 उमाकान्त सरोज हे0का0 अनूप कुमार का0 बबलू यादव,अनूप मिश्रा व रोहित रावत शामिल रहे।

### नशे में वाहन चलाया तो खैर नहीं, कटेगा चालान

**हलिया (मिर्जापुर)।** सड़क सुरक्षा और सुरक्षित आवागमन को लेकर रविवार की रात पुलिस व यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने अतरैला राजा स्थित नेशनल हाईवे टोल प्लाजा पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए। वहीं अन्य वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। लालगंज थानाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय, बरौंधा चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव और यातायात विभाग के कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने हाईवे से गुजरने वाले वाहनों को रोककर चालकों की जांच की।

### बरौंधा रामलीला कमेटी के चौथी बार अध्यक्ष बने शांतनु मिश्रा

**हलिया (मिर्जापुर)।** बरौंधा स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले पर रविवार को बरौंधा रामलीला कमेटी प्रबंधक समिति की आवश्यक बैठक हुई। इसमें रामलीला के आयोजन की तैयारियों और कमेटी के संचालन को लेकर चर्चा के बाद कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से शांतनु मिश्रा उर्फ सोनू मिश्रा को लगातार चौथी बार रामलीला कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में पूर्व प्रधान अश्विनी कुमार मिश्रा और साधन सहकारी समिति बरौंधा के अध्यक्ष इंद्रदेव मिश्रा को संरक्षक बनाया गया। वहीं अशोक कुमार मिश्रा, प्रेम प्रकाश मिश्रा और पूर्व प्रधान रमेश चंद मोदनवाल को संचालक की जिम्मेदारी सौंपी गई। जितेंद्र कुमार मिश्रा, मथुरा प्रसाद मिश्रा, निरंजन पांडेय, मूलचंद सोनी, नितिन कुमार गुप्ता, गुलाब चंद केसरवानी और सुनील कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया। भुवनेश्वर नाथ मिश्रा, प्रभात कुमार मिश्रा और नितिन कुमार तिवारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वरिष्ठ सदस्य के रूप में शशि देव मिश्रा, प्रेम शंकर मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, उदय शंकर मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, बुद्धिभास्कर मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, शिव भास्कर मिश्रा, संपूर्णानंद दूबे, दीपचंद सोनी और देवेंद्र देव मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई।

# अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**



जनपद के थाना रौनाही पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 24 गत्तों में रखी 672 बोतल/शीशी, कुल 314.97 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। तस्करी में प्रयुक्त वैगनार कार को भी पुलिस ने सीज कर दिया। अपराध व अपराधियों की विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत रौनाही थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा अपनी टीम के साथ क्षेत्र गश्त पर थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की वैगनार कार से अवैध शराब बिहार ले जाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने मुबारकगंज के समीप लिंक रोड पर घेराबंदी कर कार को रोककर तलाशी लिया तो कार से रॉयल ग्रीन, ब्लेंडर्स प्राइड और सिग्नेचर ब्रांड की शराब बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान वीरेन्द्र मौर्या निवासी दरघाट परमेश्वरपुर, थाना चिलुआताल, गोरखपुर और भोला निषाद निवासी मानीराम परमेश्वरपुर, थाना चिलुआताल, गोरखपुर के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में दोनों ने हरियाणा से शराब लाकर बिहार में बेचने की बात स्वीकार किया।

# मण्डल स्तर पर कुम्हार कारीगरों को 24 सितंबर को किया जायेगा पुरस्कृत

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**

परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अयोध्या मण्डल राकेश दुबे ने बताया कि उ0प्र0 माटी कला बोर्ड द्वारा मण्डल स्तर पर कुम्हारों/शिल्पियों को उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 में मंडल स्तरीय माटी कला प्रथम पुरस्कार रुपये 15 हजार रुपये द्वितीय पुरस्कार 12 हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 10 हजार रूपये दस से पुरस्कृत किया जाना है। शिल्पियों का चयन उनके द्वारा प्रदर्शित उत्पादों को फाइन आर्ट, डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के तीन सदस्यीय टीम के देख रेख में महंत गिरीश पति त्रिपाठी महापौर नगर निगम अयोध्या की अध्यक्षता में किया जायेगा। कार्यक्रम परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय, निकट बड़ी देवकाली मन्दिर, बेनीगंज रोड, सत्यवती सदन, अयोध्या के परिसर में 24 सितम्बर को सम्पन्न होगा।

इच्छुक कुम्हार/शिल्पी/कारीगर अपने द्वारा उत्पादित कलाकृतियों को प्रदर्शित करना चाहते है, तो माटीकला के पोर्टल www.upmatikal-aboard.gov.in पर 23 सितम्बर तक अपने उत्पाद के फोटो के साथ स्वयं का फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक एवं राशन कार्ड अथवा कुटुम्ब रजिस्टर की नकल आदि सहित ऑनलाइन आवेदन करते हुए किसी भी कार्यदिवस में परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय, अयोध्या मण्डल में सम्पर्क कर सकते हैं।

## एड्स से बचाव को लेकर नुक्कड़ नाटक के जरिए किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति, लखनऊ द्वारा प्रायोजित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना के तहत सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रताप सेवा समिति की ओर से तरजीपुरम कॉलोनी में श्याम लाल निषाद के आवास पर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सीएमओ डॉ. नानकसरन निषाद और खाकी वाले गुरुजी रणजीत यादव शामिल हुए। इस दौरान मौजूद लोगों को एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी से बचाव और रोकथाम को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मौजूद लोगों को एड्स के संक्रमण के कारण, बचाव के उपाय और जागरूकता के महत्व के बारे में सरल भाषा में समझाया गया।

# रंगमंच पर दिखेगी 25 साल सेवा की कहानी

- 'नमो सेवा–अनकही कहानियां' का भव्य नाट्य मंचन

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सम्पूर्ण भारत में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'नमो सेवा–अनकही कहानियाँ' कार्यक्रम के तहत विशेष नाट्य मंचनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद में भी विशेष एवं भव्य नाट्य प्रस्तुति आयोजित की जाएगी।यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी कुशीनगर जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने सोमवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की 25 वर्षों की सार्वजनिक जीवन की यात्रा, राष्ट्र सेवा के प्रति उनका समर्पण, जनकल्याण के लिए किए गए प्रयासों तथा सुशासन के माध्यम से देश में आए व्यापक बदलावों को जीवंत और भावनात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा तक की यात्रा को संवाद, अभिनय, संगीत और प्रभावशाली मंचन के माध्यम से दर्शकों के सामने रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि 'नमो सेवा–अनकही कहानियाँ' की प्रस्तुति को सरल, संवेदनशील और संगीतमय स्वरूप दिया गया है, ताकि प्रधानमंत्री जी की सेवा यात्रा और जनकल्याण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहजता से पहुँचाया जा सके। कुशल कलाकार अपने जीवंत अभिनय और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से उन प्रेरक प्रसंगों को मंच पर साकार करेंगे, जिनमें सेवा, समर्पण, अंत्योदय और राष्ट्र निर्माण की भावना दिखाई देती है।

बताया कि इस व्यापक अभियान के अंतर्गत कुशीनगर जनपद में 210 नाट्य मंचनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दौरान स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों, सामुदायिक केंद्रों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी इन प्रस्तुतियों के माध्यम से जनसंवाद स्थापित किया जाएगा।

बताया कि भारतीय जनता पार्टी का यह अभियान सेवा, सुशासन, अंत्योदय और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास है, जिसमें कला और नाट्य के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र, सेवा संकल्प अभियान के जिला संयोजक व जिला महामंत्री विवेकानंद शुक्ल, कार्यक्रम संयोजक व जिला मंत्री धनन्जय राय, जिला मंत्री विश्वरंजन कुमार आनन्द व जिला मीडिया प्रभारी अमित राय उपस्थित थे।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की संशोधित समयसारिणी जारी

- ऑनलाइन आवेदन व नवीनीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करें

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

शासन के पत्र के क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-27 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति के भुगतान हेतु संशोधित समय-सारिणी निर्धारित की गई है।

उक्त जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए बताया है कि निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार शिक्षण संस्था द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की कार्यवाही 22 जुलाई से 26 सितम्बर तक, जबकि विश्वविद्यालय, एफिलिएटिंग एजेन्सी द्वारा फीस आदि का सत्यापन 23 जुलाई से 27 सितम्बर 2026 तक किया जाएगा। इसी प्रकार शिक्षण संस्था, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस आदि का सत्यापन 22 जुलाई से 30 सितम्बर 2026 तक किया जाएगा।

नवीनीकरण छात्र-छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन का नवीनीकरण कर हार्डकॉपी संस्था में जमा करने की प्रक्रिया 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक निर्धारित है। वहीं नवीन छात्र-छात्राओं द्वारा रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन आवेदन 15 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक किया जाएगा। शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन एवं अग्रसारण 16 सितम्बर से 10 नवम्बर तक किया जाएगा। इसके उपरांत जनपदीय समिति द्वारा शुद्ध डाटा लॉक करने की कार्यवाही नवीनीकरण के लिए 21 नवम्बर से 26 नवम्बर तक तथा नवीन छात्रों के लिए 06 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक की जाएगी।

# पुलिस के व्यापक अभियान में 1461 दारूबाज धरे गये



**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन कर माहौल प्रभावित करने वालों के विरुद्ध महराजगंज पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान जनपद के समस्त थानों की पुलिस टीमों द्वारा खुले एवं सार्वजनिक स्थानों पर सघन चेकिंग की गई। इस दौरान चेकिंग करते हुए सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते पाए गए 1461 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 292 बीएनएस व अन्य सुसंगत धाराओं के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन कर शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले कृत्यों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## अपहृत बालक को पुलिस ने 5 घंटे के अंदर किया बरामद

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष सिन्दुरिया के नेतृत्व में सिन्दुरिया पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत बालक को मात्र 5 घंटे के अंदर सकुशल बरामद किया गया।

उल्लेखनीय है कि 20 सितंबर 2026 को आवेदक द्वारा थाना सिन्दुरिया पर लिखित प्रार्थना-पत्र के माध्यम से सूचना दी गई कि उनका करीब 16 वर्षीय पुत्र आर्यन दिनांक 20.9.2026 को समय करीब 19:00 बजे घर से निकलने के बाद वापस नहीं आया।

उक्त प्रकरण में थाना सिन्दुरिया पर मु0अ0सं0 189/2026 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

# रोहित खरवार हत्या काण्ड के नामजद चारों आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

जनपद के तुर्कपट्टी पुलिस ने रोहित खरवार हत्या काण्ड में वांछित 04 अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त आला कत्ल चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी मीडिया सेल से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर राकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 21 सितम्बर को थाना तुर्कपट्टी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 194/2026 धारा 191 (2) /191 (3)/ 103(1)/109(1)/3(5) बीएनएस व 4/25 शस्त्र अधि0 से संबंधित 04 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे, निशानदेही से घटना में प्रयुक्त एक अदद आलाकत्ल चाकू बरामद किया गया है।

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व कृषि फार्म सेवरही के सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें घायल नीरज पटेल द्वारा अभियुक्तों का नाम पुलिस को बताये गये थे। उक्त घटना को लेकर अभियुक्त और नीरज पटेल के मध्य पुरानी रंजिश चल रही थी।

अभियुक्तों के अनुसार 15.09.2026 को बनरहा चौराहे के पास नीरज पटेल व रोहित खरवार से इसी पुरानी बात को लेकर विवाद एवं मारपीट हुई थी। इसी मार-पीट व पुरानी रंजिश को लेकर 18.09.2026 को अभियुक्तों द्वारा डा0 ए0के0 राव इन्द्रप्रस्थ कालेज, सपही टड़वा के सामने नीरज पटेल व रोहित खरवार के ऊपर चाकू से हमला किया गया। इस हमले में रोहित खरवार की मृत्यु हो गयी तथा नीरज पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद अभियुक्त मौके से फरार हो गये थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में सोनू पासवान पुत्र हरिकेश पासवान निवासी बरवाराजा पाकड़, थाना तुर्कपट्टी, विकास पासवान पुत्र जियन, निवासी बरवाराजा पाकड़, थाना तुर्कपट्टी, अजय निषाद पुत्र उमेश निषाद, निवासी बभनौली, थाना सेवरही, रंजन खरवार पुत्र मुंजेश खरवार, निवासी बभनौली, थाना सेवरही शामिल है।

# मृतक के घर पहुंच सदर विधायक ने की मदद



**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

सदर विकास खंड के गोपी निवासी लखन के सुपुत्र झिनक का विगत दिनों निधन हो गया था। आज मृतक झिनक के गोपी स्थित आवास पर सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया पहुंचे और ब्रह्मभोज में उपयोग होने वाले कुछ खाद्य सामग्री का सहयोग किया। सदर विधायक ने मृतक के पिता लखन से भेट कर खाद्य सामग्री सौंपी और उन्हें भरोसा दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी उनके परिवार के साथ खड़ी है।इस दौरान महाराजगंज देहात मंडल अध्यक्ष टाइगर तिवारी, मंडल महामंत्री सूर्यनाथ शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय हिंद चौधरी, प्रमोद पासवान आदि कई कार्यकर्ता साथ रहे।

## निर्माणाधीन मकान का बारजा गिरने से मकान मालिक की मलबे में दबकर मौत

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।** कोडरी बनकटा गांव में सोमवार को निर्माणाधीन मकान का बारजा अचानक भरभराकर गिर गया। इसके मलबे में दबकर मकान मालिक जितेंद्र प्रसाद (45) की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया। जितेंद्र प्रसाद सुबह करीब छह बजे निर्माणाधीन मकान के पास खड़े थे। इसी दौरान बारजा अचानक उनके ऊपर गिर गया और वह मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला। परिजन उपचार के लिए उन्हें मऊ जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# नाबालिग ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

- 91 ई-रिक्शा सीज, 215 ई-रिक्शा का किया गया चालान

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने, शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा नाबालिक ई-रिक्शा चालको पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से महराजगंज पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में 21 सितंबर 2026 को जनपद के समस्त थानों द्वारा नाबालिग ई-रिक्शा चालकों एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध व्यापक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग के दौरान नाबालिगों द्वारा चलाए जा रहे एवं बिना वैध कागजात के संचालित 91 ई-रिक्शा को मौके पर ही सीज किया गया साथ ही अन्य रुप से यातायात नियमों का उल्लंघन करने, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने व अवैध पार्किंग करने वाले 215 ई-रिक्शा के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में तमाम नाबालिको तथा बिना वैद्य कागजात चालकों द्वारा ई-रिक्शा का संचालन किया जा रहा है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं प्रकाश में आ रही है। ऐसे मे पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अभियान शुरू किया गया है।अभियान के दौरान पुलिस द्वारा नाबालिग चालकों के परिजनों तथा ई-रिक्शा स्वामियों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे किसी भी दशा में नाबालिगों को वाहन न सौंपें। ऐसा पाए जाने पर वाहन स्वामी एवं अभिभावक दोनों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस ने आम जनमानस से अपील किया है। सभी चालक यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यातायात में सहयोग करें। तथा नाबालिग बच्चों से वाहन न चलवाएं। आमजन की सुरक्षा हेतु यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## नलकूप की कोठरी में दिखा सात फीट लंबा अजगर, मचा हड़कंप

**समृद्धि न्यूज, भांवरकोल/गाजीपुर।** क्षेत्र के लोचाइन गांव में रविवार की शाम उस समय ग्रामीणों में कौतूहल मच गया, जब गांव के उत्तर स्थित रामजी राय के निजी नलकूप की कोठरी में करीब सात फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। अजगर को देखने के लिए मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कनेरी तलवल निवासी वन विभाग के माली सर्वजीत बिंद ने स्थानीय वन विभाग के माली श्रीराम के साथ मिलकर करीब सात फीट लंबे अजगर (रॉक पाइथन) को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। इसके बाद उसे अपने साथ ले गए। सर्वजीत बिंद ने बताया कि रेस्क्यू किए गए अजगर को सुरक्षित स्थान पर प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा।



# एक क्षण का क्रोध, मौत का श्राप, राजा परीक्षित की कथा ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

- राजा परीक्षित से शुकदेव तक
- भागवत कथा में गूंजा जीवन के सत्य व मोक्ष का संदेश

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

राजसत्ता, वैभव और राजपाट से बड़ा जब जीवन का सत्य सामने आया तो राजा परीक्षित ने मोह-माया का त्याग कर दिया। मृत्यु का शाप मिलने के बाद राजा परीक्षित ने अपना राज्य पुत्र जन्मेजय को सौंप दिया और गंगा तट पर पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का संकल्प लिया। भक्ति, वैराग्य और जीवन के परम सत्य का संदेश देने वाला यह प्रसंग पडरौना शहर स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा में श्रद्धालुओं को भावविभोर कर गया।

चित्रगुप्त मंदिर समिति ट्रस्ट की ओर से आयोजित कथा में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक एवं मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीदास महाराज ने राजा परीक्षित-शुकदेव संवाद, शुकदेव जी के जन्म सहित श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक क्षण का विवेकहीन व्यवहार राजा परीक्षित के जीवन में बड़े परिवर्तन का कारण बना और किस तरह उन्होंने मृत्यु के शाप को भी आत्मकल्याण का अवसर बना लिया। कथा वाचक श्रीदास महाराज ने राजा परीक्षित के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि एक बार राजा परीक्षित वन में विचरण कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें तेज प्यास लगी। पानी की तलाश में वह समीक ऋषि के आश्रम पहुंचे और उनसे जल मांगा। उस समय समीक ऋषि गहरी समाधि में लीन थे। समाधि में होने के कारण वह राजा की पुकार सुन नहीं सके और न ही उन्हें पानी पिला पाए।महाराज ने बताया कि ऋषि की इस स्थिति को समझने के बजाय राजा परीक्षित ने इसे अपना अपमान समझ लिया। क्रोध और अहंकार में आकर उन्होंने एक मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। राजा का यह व्यवहार उनके विवेक पर क्रोध के हावी होने का परिणाम था। श्रीदास महाराज ने बताया कि समीक ऋषि के गले में मृत सांप डालने की सूचना वहां आसपास खेल रहे बच्चों ने उनके पुत्र को दी। पिता के साथ हुए इस व्यवहार की जानकारी मिलने पर ऋषिपुत्र क्रोधित हो उठे। उन्होंने राजा परीक्षित को श्राप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और अपने विष से राजा को जलाकर भस्म कर देगा। यह प्रसंग सुनाते हुए कथा वाचक ने कहा कि क्रोध में लिया गया निर्णय किस तरह गंभीर परिणाम ला सकता है कि राजा परीक्षित जैसे धर्मात्मा और प्रजा पालक राजा से भी भूल हो गई, जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें मृत्यु का श्राप मिला। कथा को आगे बढ़ाते हुए बताया कि जब समीक ऋषि समाधि से बाहर आए तो उन्हें पूरे घटनाक्रम की जानकारी हुई। उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि राजा परीक्षित महान धर्मात्मा हैं और उनसे यह अपराध कलियुग के प्रभाव में हुआ है। समीक ऋषि ने अपने पुत्र के श्राप की जानकारी राजा परीक्षित तक पहुंचाई। शाप सुनकर राजा ने इसे अपने कर्मों का परिणाम मानते हुए राजमोह त्यागने का निर्णय लिया। उन्होंने अपना राज्य पुत्र जन्मेजय को सौंप दिया और स्वयं गंगा नदी के तट पर पहुंच गए।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक संपन्न

- ग़ाज़ीपुर में हुआ 2,40,878 निर्माण श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।**



जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित रायफल क्लब सभागार में जिला श्रम बन्धु, जनपद स्तरीय बाल श्रम उन्मूलन समिति तथा बाल एवं बंधुआ श्रमिकों के रेस्क्यू, पुनर्वास एवं अनुश्रवण हेतु गठित जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के श्रमिकों के हितों के संरक्षण एवं संवर्धन, औद्योगिक संबंधों को सुदृढ़ बनाने, श्रम अधिनियमों के प्रभावी प्रवर्तन, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम के अंतर्गत श्रमिकों के पंजीकरण, अधिष्ठानों के पंजीयन, उपकर (सेस) की वसूली तथा निर्माण श्रमिकों को संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। सहायक श्रम आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत अब तक 2,40,878 निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण किया जा चुका है। श्रमिक पंजीकरण एवं योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु 117 विशेष शिविरों का आयोजन किया गया तथा विभिन्न विकास खण्डों में जनजागरूकता के लिए वाल पेंटिंग भी कराई गई है।

बैठक में चर्चा के दौरान सहायक श्रम आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिकों के हितार्थ डॉ0 भीमराव अम्बेडकर श्रमिक सुविधा केन्द्र (लेबर अड्डा) संचालित किया गया है।